RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 125
नई दिल्ली, शनिवार, 12 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



गुलाबी गेंद के टेस्ट में जरूरी सामंजस्य के लिए कोई तय मानदंड नहीं
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भाजपा के विरुद्ध संयुक्त विपक्षी गठबंधन पर जोर

● बंगाल की सीएम ममता ने फिर की पहल कहा- पांच राज्यों में करारी हार के बाद कांग्रेस हो चुकी है अप्रासंगिक



**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**विधानसभा** चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन के बाद विपक्ष आगामी लोकसभा चुनाव की लड़ाई में भगवा संगठन के खिलाफ एक बहादुर चेहरा सामने लाने की कोशिश कर रहा है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए उसने एक बार फिर विरोधी दलों का संयुक्त विपक्ष खड़ा करने के विचार को स्थापित करना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इस दिशा में पहला कदम उठाया है।

चार राज्यों में भगवा खेमे की जीत के एक दिन बाद क्षेत्रीय दलों से संपर्क कर ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी संभावित विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस को किनारे रखा जाना चाहिए, क्योंकि उसमें अब उत्साह नहीं है, इसलिए उसका इंतजार करने का कोई मतलब नहीं है। ममता ने कहा कि 2024 के आम चुनावों के लिए सभी दलों का महागठबंधन बनाया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस इसका नेतृत्व करने के लिए अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर चौधरी की ममता बनर्जी को भाजपा के एजेंट की तरह काम करने संबंधी टिप्पण पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी राजनीतिक पार्टियां भाजपा से लड़ना चाहती हैं, उन्हें एक साथ चलना चाहिए, लेकिन लगातार हार के कारण कांग्रेस में अब भाजपा के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता नहीं है। इसलिए नेतृत्व के लिए कांग्रेस पर निर्भर रहने का कोई मतलब नहीं है। यह वह पार्टी नहीं है, जो पुराने दिनों में हुआ करती थी। बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर चौधरी ने कहा कि अब वह कह रही हैं कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो रही है, लेकिन उन्हें जवाब देना चाहिए कि वह कांग्रेस के वोट काटने के लिए गठबंधन कर भाजपा की मदद क्यों कर रही है। यदि गोवा में तृणमूल कांग्रेस वोट नहीं काटती, तो कांग्रेस जीत सकती थी। यह स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी दोनों कांग्रेस-विहीन भारत का आह्वान कर रहे हैं।

इससे अंदाजा लग जाना चाहिए कि कोई किसका दोस्त है। बंगाल की मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणामों पर भी संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी समाजवादी पार्टी को धोखे से हराया गया है। ईवीएम हटाने के लिए एक शीर्ष अधिकारी के निलंबन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब एक डीएम (एडीएम पढ़ें) को ईवीएम मशीनों को ले जाने के लिए निलंबित किया जाता है, तो यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन जाता है। इसलिए मुझे लगता है कि अखिलेश धोखे से हार गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि कुछ लोग हैं अभी से ढोल पीट रहे है कि 2024 में जीतेंगे। कुछ राज्यों में चुनाव जीतने वालों को यह याद रखना चाहिए कि 2024 अभी बहुत दूर है। केवल ढोल से अच्छा संगीत नहीं बनता है। उसके लिए आपको हारमोनियम और सुखदायक स्वर (शेष पेज 9)

## कांग्रेस के नाराज नेताओं का गुट जी-23 सक्रिय

● गुलाम नबी आजाद के निवास पर बैठक, भविष्य की रणनीति पर चर्चा

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**एक** के बाद एक चुनावी पराजय से परेशान कांग्रेस के नाराज गुट जी-23 समेत अन्य असंतुष्ट नेताओं ने शुक्रवार को राज्यसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद के आवास पर बैठक की। उपस्थित लोगों में पार्टी के सांसद आनंद शर्मा, कपिल सिब्बल और मनीष तिवारी भी शामिल थे। सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन और देश की सबसे पुरानी पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा की।

पार्टी गांधी भाई-बहनों द्वारा किए गए प्रबंधन से देश भर में हंसी का पात्र बन गई है। पांच राज्यों में इन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा शीघ्र ही बुलाई जाने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक से पहले असंतुष्ट नेताओं की यह बैठक हुई। जी-23 के नेताओं गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, कपिल सिब्बल, मनीष तिवारी, शशि थरूर, विवेक तन्खा, मुकुल वासनिक, भूपिंदर सिंह हुड्डा, राजिंदर कौर भट्टल, पृथ्वीराज चव्हाण, मिलिंद देवड़ा, संदीप दीक्षित, राज बब्बर, कौल सिंह ठाकुर और अखिलेश प्रसाद सिंह के बीच अगले कुछ दिनों में कई मुलाकातें होने की संभावना है। उन्होंने सांसदों, राज्य इकाइयों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और कई अन्य कांग्रेस नेताओं को भी एक संदेश भेजा है, जो काफी समय से पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पंजाब, उत्तराखंड और गोवा भाजपा व आप को थाली में रख कर दे दिए गए। गांधी भाई-बहनों को छोड़कर कोई भी इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता। गांधी भाई-बहन कुछ युवा नेताओं पर निर्भर हैं, जिन्हें उभरती राजनीतिक चुनौतियों से निपटने का कोई अनुभव नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने (शेष पेज 9)

# उत्तराखंड व गोवा में मुख्यमंत्री तय करने में जुटा आलाकमान

● पहाड़ी राज्य में भाजपा के लिए पुष्कर धामी के चुनाव हारने से कठिन हुआ सीएम का चयन

● तटीय राज्य में प्रमोद सावंत की दावेदारी मजबूत





**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** और गोवा में भगवा पार्टी की क्रमशः दूसरी और तीसरी बार लगातार जीत के बाद भाजपा नेतृत्व सक्रिय रूप से सरकार बनाने के लिए मुख्यमंत्री को तय करने में जुट गया है। उत्तराखंड में पार्टी को लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के चुनाव हारने से भाजपा के लिए सीएम का चुनाव करना कठिन हो गया है। धामी ने चुनाव से कुछ माह पहले ही सीएम पद की शपथ ली थी।

धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में अंतिम निर्णय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी लेंगे। जिन्होंने पहाड़ी राज्य में सत्ता विरोधी लहर को रोकने के लिए राज्य में दो मुख्यमंत्रियों को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। धामी के बारे में पूछे जाने पर भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने संकेत दिए कि धामी गिनती में नहीं है। विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे पास आंतरिक लोकतंत्र है। विधायक अपना नेता चुनेंगे। मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। धामी अब एक राष्ट्रीय नेता हैं। हालांकि, एक अन्य भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा के 'धामी एक बार फिर' ट्वीट करने से उनके नाम को लेकर अटकलों को हवा मिली है। सूत्रों ने कहा कि एक बार के राज्यमंत्री व पूर्व कांग्रेसी नेता सतपाल महाराज और दो बार सीएम पद के दावेदार की दौड़ में आगे रहने वाले धन सिंह रावत उत्तराखंड में प्रतिष्ठित कुर्सी की दौड़ में हैं। केंद्रीय भाजपा नेतृत्व द्वारा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान को सीएम पद चेहरे के लिए काम सौंपा गया है। भाजपा के दो वरिष्ठ नेता विजयवर्गीय और प्रह्लाद जोशी पहले से ही उत्तराखंड में डेरा डाले हुए हैं और नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बातचीत कर रहे हैं।

46 वर्षीय धामी को महाराष्ट्र के राज्यपाल और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का विश्वासपात्र माना जाता है, धामी ने विशेष कर्तव्य अधिकारी और सलाहकार के रूप में उनको सेवा दी थी। धामी इसलिए चुना गया क्योंकि भाजपा कुमाऊं क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती थी, जहां कांग्रेस ने 2017 के विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया था। गोवा में पार्टी को लगातार तीसरी बार सरकार बनानी है, यहां भाजपा के लिए नए मुख्यमंत्री का चुनाव कम जटिल है। माना जाता (शेष पेज 9)

# मान 16 को भगत सिंह के गांव में लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

● दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप संयोजक केजरीवाल और सिसोदिया समेत कई मंत्री करेंगे समारोह में शिरकत



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भगवंत मान 16 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह के पैतृक गांव खटकल कलां में पंजाब के 26वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। पंजाब के राजनीतिक इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब राज्य में किसी तीसरे पक्ष की सरकार बनेगी। आप के लिए भी यह ऐतिहासिक पल होंगे, क्योंकि दिल्ली के बाद पंजाब में इस दस साल पुरानी पार्टी की सरकार बनेगी।

पंजाब में आप की शानदार जीत के एक दिन बाद शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान ने दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें शपथग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण दिया। शपथ ग्रहण समारोह में अरविंद केजरीवाल के अलावा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कई अन्य मंत्री शामिल होंगे। आप ने राज्य की 117 विधानसभा सीट में से 92 पर सीटों जीत दर्ज की है। मान ने धूरी सीट से 58,206 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की।

राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले संगरूर में पत्रकारों से बात करते हुए मान ने कहा था कि उनका शपथ (शेष पेज 9)

## सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 26 अप्रैल से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं कक्षा के लिए दूसरे चरण की बोर्ड परीक्षाएं 26 अप्रैल से शुरू होंगी। पिछले वर्ष सीबीएसई ने घोषणा की थी कि 2022 के लिए बोर्ड परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके तहत पहले चरण की परीक्षा पूर्व में ही आयोजित की जा चुकी है और दोनों कक्षाओं के लिए दूसरे चरण की परीक्षा 26 अप्रैल से आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने शुक्रवार को तिथि तालिका जारी करते हुए कहा कि दोनों परीक्षाओं के बीच इस बात को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त अंतर रखा गया है कि महामारी के कारण स्कूल बंद थे। इसमें कहा गया है, महामारी के कारण स्कूलों के बंद रहने से पठन पाठन का नुकसान हुआ, इसलिए दोनों कक्षाओं में लगभग सभी विषयों में दोनों परीक्षाओं के बीच (समय का) पर्याप्त अंतर रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि तिथि तालिका तैयार करते हुए जेईई मेन सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का भी ध्यान रखा गया है।

## उत्तरी-कश्मीर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सह-पायलट की मौत, पायलट घायल

**भाषा।** श्रीनगर

**उत्तरी** कश्मीर के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक इलाके में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीमार कर्मी को लेने जा रहा सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे सह-पायलट की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पूर्वान्ह लगभग 11:30 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र में अग्रिम क्षेत्र में तैनात बीएसएफ के एक जवान को निकालने के लिए चीता हेलीकॉप्टर बचाव अभियान में लगा हुआ था।

रक्षा प्रवक्ता कर्नल इमरोन मुसावी ने कहा, सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर आज दोपहर बांदीपोरा जिले के गुरेज के बरौब इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जब वह एक बीमार सैनिक को अग्रिम चौकी से निकालने के लिए नियमित मिशन पर था। उन्होंने कहा कि जवान को हवाई मार्ग से निकालने से पहले बरौब के गुजरां में अग्रिम चौकी से हेलीकॉप्टर का संपर्क टूट गया था। मारे गए सह-पायलट की पहचान मेजर संकल्प यादव (29) के रूप में हुई है, जबकि घायल पायलट, लेफ्टिनेंट कर्नल-रैंक के अधिकारी को दुर्घटनास्थल से बचाया गया और उधमपुर के कमान अस्पताल ले जाया गया। बीएसएफ के महानिरीक्षक (कश्मीर फ्रंटियर) राजा बाबू सिंह ने कहा, मैं ऐसे कठिन निकासी अभियान चलाने वाले पायलटों के समर्पण और बहादुरी को सलाम करता हूं। अधिकारियों ने कहा कि चीता के दुर्घटनाग्रस्त होने के तुरंत बाद सेना ने बचाव अभियान शुरू किया और एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) और सैनिकों को इस अभियान के लिए तैनात किया। उन्होंने कहा कि दोनों पायलटों को बाहर निकाल लिया गया था लेकिन मेजर यादव को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया। प्रवक्ता ने कहा, मेजर यादव 2015 में सेना में शामिल हुए थे और वह जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। उनके परिवार में उनके पिता हैं।

## न्यायमूर्ति विपिन सांघी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश विपिन सांघी को शुक्रवार को उसका कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति सांघी निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश धीरूभाई नारनभाई पटेल की जगह लेंगे, जो शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कानून मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि न्यायमूर्ति सांघी को न्यायमूर्ति पटेल की सेवानिवृत्ति के बाद 13 मार्च से दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। न्यायमूर्ति पटेल शनिवार को अपने 62वें जन्मदिन की पूर्व संध्या पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें सात जून 2019 को दिल्ली उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वहीं, न्यायमूर्ति पटेल को 29 मई 2006 को दिल्ली उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया (शेष पेज 9)

## दुर्घटनावश पाक में जा गिरी भारत की मिसाइल, दिया जांच का आदेश

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने शुक्रवार को कहा कि दो दिन पहले पाकिस्तान में गिरी मिसाइल तकनीकी खराबी के कारण नियमित रखरखाव के दौरान दुर्घटनावश चल गई थी। एक दिन पहले पाकिस्तान ने कहा था कि तेज गति से उड़ान वाली एक वस्तु पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में पहुंची और खानेवाल जिले में मियां चन्नू इलाके के पास गिर गई। रक्षा मंत्रालय ने घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का भी आदेश दिया है।

बृहस्पतिवार रात, पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय दूतावास के प्रभारी को उड़ने वाली भारतीय सुपर-सोनिक वस्तु द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के कथित उल्लंघन के बारे में अपना विरोध दर्ज कराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तकनीकी खराबी के कारण नौ मार्च को नियमित रखरखाव के दौरान दुर्घटनावश एक मिसाइल चल गई। भारत सरकार ने दुर्घटनावश मिसाइल चल जाने की घटना को गंभीरता से लिया है और उच्च स्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। बयान में कहा गया, पता चला है कि मिसाइल पाकिस्तान के एक इलाके में गिरी। यह घटना अत्यंत खेदजनक है, राहत की बात है कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने कहा कि जांच टीम घटना के सभी संभावित पहलुओं की जांच करेगी।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने बृहस्पतिवार शाम दावा किया कि 124 किलोमीटर की दूरी से एक वस्तु भारत की ओर से पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में पहुंची थी और यह मियां चन्नू इलाके में गिर गई। उन्होंने कहा, शाम छह बजकर 43 मिनट पर पाकिस्तान वायु सेना के वायु रक्षा संचालन केंद्र ने भारतीय क्षेत्र से आई एक तेज गति से उड़ने वाली वस्तु (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,550 | ↑ 85 | |
| निफ्टी | 16,630 | ↑ 35 | |
| सोना | 53,033 | ↓ 200 | /10g |
| चांदी | 70,449 | ↓ 193 | /kg |

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में नक्सली कमांडर ढेर, डीआरजी जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन लाख रुपए के इनामी नक्सली कमांडर को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान भी घायल हो गया है। डीआरजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 222वीं बटालियन के जवान अभियान में शामिल थे। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि राजधानी रायपुर से 450 किलोमीटर दूर जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैका और मोसला गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एलओएस कमांडर रितेश पुनेम को मार गिराया है।

## जनवरी में औद्योगिक उत्पादन 1.3 फीसद बढ़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**औद्योगिक** उत्पादन सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह वृद्धि मुख्य रूप से खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की वजह से हुई है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन अवधि में पूंजीगत वस्तु खंड का कमजोर प्रदर्शन जारी रहा।जनवरी 2021 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। दिसंबर में यह सूचकांक 0.7 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2021 में खनन क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत की दर्ज की गई गिरावट के मुकाबले जनवरी 2022 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विनिर्माण क्षेत्र में जनवरी 2022 के दौरान 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने इसमें 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। हालांकि बिजली उत्पादन में जनवरी 2022 में 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि जनवरी 2021 में 5.5 प्रतिशत का विस्तार हुआ था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में, आईआईपी की वृद्धि दर 13.7 प्रतिशत रही, जबकि वर्ष 2020-21 की समान अवधि में इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आंकड़ों के मुताबिक पूंजीगत वस्तु खंड 1.4 प्रतिशत घटा जबकि पिछले साल समान अवधि में इसमें नौ प्रतिशत की भारी गिरावट हुई थी। उपभोक्ता वस्तु खंड में भी सालाना आधार पर 3.3% की गिरावट हुई। हालांकि, प्राथमिक वस्तु खंड, जिसकी 34 प्रतिशत हिस्सेदारी सूचकांक में है, 1.6 प्रतिशत बढ़ा। कोविड महामारी के चलते कई महीनों तक गिरावट के बाद आईआईपी मार्च 2021 से सकारात्मक बना हुआ है।

# भूखंड या फ्लैट मालिक भी खरीद सकेंगे मकान

● दिल्ली में खरीदारों को आकर्षित करने के लिए डीडीए आवास संशोधन को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अधिक खरीदारों को आकर्षित करने के उद्देश्य से आवास नियमों में संशोधन को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इसके तहत ऐसे लोग भी डीडीए की योजनाओं में भाग ले सकेंगे जिनके पास खुद या परिवार के सदस्यों के पास दिल्ली में कोई फ्लैट या भूखंड है। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।

यह निर्णय उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई एक बैठक के दौरान लिया गया। बैजल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्राधिकरण ने डीडीए (आवास संपदा का प्रबंधन और निस्तारण) विनियम, 1968 में संशोधन को मंजूरी दी। डीडीए ने एक बयान में कहा कि अधिक खरीदारों को आकर्षित करने के लिए, प्राधिकरण ने डीडीए आवास नियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है ताकि लोग तब भी डीडीए आवास योजनाओं में भाग ले सकें, यदि उनके या उनके परिवार के सदस्यों के पास दिल्ली में 67 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र का फ्लैट या भूखंड नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि नियम 7 में कहा गया है कि केवल वही व्यक्ति डीडीए फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र होंगे जिनके पास दिल्ली में फ्लैट या जमीन नहीं है और न ही उनके परिवार के सदस्य के पास है। आवास प्राधिकरण ने दावा किया कि यह डीडीए फ्लैट की मांग को काफी हद तक सीमित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विकासशील क्षेत्रों के बिना बिके फ्लैट को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पेश किया जा सकता है और फ्लैट के स्वामित्व की कोई शर्त आवेदकों पर लागू नहीं होगी। दूसरे शब्दों में, किसी आवेदक द्वारा बिना बिके फ्लैट को तब भी खरीदा जा सकता है, भले ही उसके पास दिल्ली में कोई फ्लैट या प्लॉट है। डीडीए ने कहा कि सार्वजनिक संस्थाएं (केंद्र या राज्य सरकार के विभाग या संगठन) भी ऐसे बिना बिके फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र होंगी। अधिकारियों ने कहा कि डीडीए द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को मंजूरी और प्रस्तावित संशोधनों की अधिसूचना के लिए भेजा जाएगा।

## विश्वस्तरीय चिकित्सा विवि के रूप में एम्स का होगा विकास

**उपराज्यपाल** अनिल बैजल की अध्यक्षता में हुई डीडीए की बैठक में इसके अलावा दिल्ली एम्स को विश्व स्तरीय चिकित्सा विश्वविद्यालय के रूप में फिर से विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए प्राधिकरण एम्स, दिल्ली परिसर के 79.73 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र को विश्व स्तरीय चिकित्सा विश्वविद्यालय के रूप में पुनर्विकसित करेगा।

# ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

## सेक्टर-51 से एक्सटेंशन तक बनेंगे कुल 9 स्टेशन, योजना पर खर्च होंगे 1100 करोड़

● एनएमआरसी 3 नए रूट पर 4 मंजिला बनाएगी स्टेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश में दो महीने चल रहा चुनावी शोरगुल बृहस्पतिवार को थम गया। शहर के विकास कार्य में एक बार फिर गति देखने को मिलेगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा मेट्रो प्रोजेक्ट आचार संहिता के वजह से फाइलों में ठप पड़ी हुई थी। इस प्रोजेक्ट पर उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र सरकार, नोएडा अथॉरिटी और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी मिलकर करीब 1100 करोड़ रुपए खर्च करेंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले हजारों लोगों के लिए इस परियोजना पर काम शुरू होने का इंतजार समाप्त हो गया है। आचार संहिता हटने के साथ ही इस परियोजना को एनएमआरसी तेजी के साथ धरातल पर उतार सकता है।

नोएडा मेट्रो कॉरपोरेशन न्यू ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मेट्रो के प्रोजेक्ट पर मुहर पहले ही लगा चुकी है। 6 जनवरी को प्रभावी हुए आदेश चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इस परियोजना की गति को रोक दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, बहुत जल्द ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है। आचार संहिता के वजह से करीब 4 महीने से नोएडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो लाइन के निर्माण कार्य को फाइल ठप पड़ी हुई थी। बता दें इस प्रोजेक्ट को जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी सबसे कम लागत पर काम करने के लिए आगे आई है। यह कंपनी 592.99 करोड़ रुपए में कार्य पूरा करेगी।

आपको बता दें कि पहले चरण में सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2 तक मेट्रो जानी है। इस हिस्से में 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। स्टेशनों में सेक्टर-122, 123, सेक्टर-4, सेक्टर-12 इकोटेक और सेक्टर-2 शामिल हैं। यह हिस्सा करीब साढ़े नौ किलोमीटर लंबा होगा। इस हिस्से में काम के लिए 592.99 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। काम शुरू होने पर इस हिस्से में दो साल में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एक बड़ी बात है कि एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तारीकरण के तहत नोएडा के सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन तक मेट्रो चलाई जाएगी। इनके बीच कुल 9 स्टेशनों का निर्माण होना है। इस बीच नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने तीन नए रूट पर मेट्रो के डिजाइन में बदलाव किया है। अफसरों के मुताबिक इस रूट पर 4 मंजिला मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। यह उपलब्धि हासिल करने वाला गौतमबुद्धनगर देश का पहला शहर होगा। अब तक देश के किसी भी मेट्रो रूट पर चार मंजिला स्टेशन नहीं है। पहले मेट्रो स्टेशन दो मंजिल बनने थे। लेकिन इसे बदलकर एनएमआरसी ने दो मंजिल और बढ़ाने का फैसला किया।



# गाजियाबाद में 42 प्रत्याशियों की जमानत जब्त

## जनपद की सभी सीटों पर 52 उम्मीदवार खड़े थे मैदान में

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावी रण में भी जिले की पांच विधानसभा सीटों पर उतरे 80.7 फीसदी प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा सके। इन सभी 42 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है, जबकि सीट पर विजेता व उपविजेता की ही जमानत बच सकी है।

जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर कुल 52 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। इसमें से 42 प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा सके हैं। सबसे ज्यादा गाजियाबाद शहर सीट पर कुल 14 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा, जिसमें से कुल 12 प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में नाकाम साबित हुए हैं। इस सीट पर विजेता भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और उपविजेता सपा रालोद गठबंधन के प्रत्याशी विशाल वर्मा ही अपनी जमानत बचा सके हैं। वहीं, साहिबाबाद सीट पर कुल 11 प्रत्याशी चुनावी रण में थे, जिसमें से नौ प्रत्याशी जमानत नहीं बचा सके हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी सुनील शर्मा और गठबंधन प्रत्याशी अमर पाल ही अपनी जमानत बचा पाए है। मुरादनगर सीट पर दस प्रत्याशियों में से आठ प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई है। यहां सिर्फ भाजपा के अजित पाल त्यागी और गठबंधन के सुरेंद्र कुमार मुन्नी की जमानत जब्त नहीं हुई है।

मोदीनगर सीट पर कुल सात प्रत्याशी मैदान में उतरे थे, जिसमें से पांच की जमानत जब्त हो गई है। भाजपा प्रत्याशी डा मंजू सिवाच और सुदेश शर्मा ही जमानत बचा पाए हैं। लोनी सीट पर कुल दस प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी, जिसमें से आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है।

यहां विजेता भाजपा प्रत्याशी नंदकिशोर गुर्जर और दूसरे नंबर पर रहे गठबंधन के प्रत्याशी मदन भैया ही जमानत बचाने के लिए जरूरी मत ले पाए हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में भी 2017 की तरह कई प्रत्याशी नोटा से पीछे रह गए हैं। साहिबाबाद सीट पर नोटा और प्रत्याशियों को मिलाकर कुल 12 में से सातवें नंबर पर नोटा रहा है। इसी तरह मोदीनगर में नोटा के साथ आठ प्रत्याशियों में से छठें नंबर पर नोटा रहा है। शहर सदर के नोटा को मिलाकर 15 प्रत्याशियों में से छठे, मुरादनगर में नोटा के साथ 11 प्रत्याशियों में से छठे, लोनी में नोटा के साथ 11 में से नौवें नंबर पर नोटा रहा है।

# नोएडा, दादरी और जेवर में नोटा बटन दबाने वाले बढ़े

नोएडा। उत्तर प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में गौतमबुद्धनगर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम पर नोटा का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं की संख्या पिछले चुनावों के मुकाबले ज्यादा है। आधिकारिक चुनावी नतीजों से यह बात सामने आई है।

गौतमबुद्धनगर जिले की नोएडा, दादरी और जेवर सीट पर 2017 की तरह ही 2022 में भी क्रमश: भाजपा के पंकज सिंह, तेजपाल नागर और धीरेंद्र सिंह की जीत हुई।

निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, 2022 में नोएडा में नोटा बटन दबाने वाले मतदाताओं की संख्या 2,463 यानी 0.71 फीसदी, दादरी में 2,033 यानी 0.57 फीसदी और जेवर में 1,694 यानी 0.73 प्रतिशत थी।

# सपा का 26 और कांग्रेस का 20 साल से नहीं खुला खाता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के जरिए इस बार नए समीकरण बनाने की कोशिश तो की, लेकिन सफलता नहीं मिली। सपा का 26 साल से और कांग्रेस का 20 साल से जिले में खाता नहीं खुला। बसपा को 2012 के बाद जिले में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली।

भाजपा ने 2017 के बाद अब 2022 में भी पांचों सीटों पर जीत हासिल कर विपक्ष को क्लीन स्वीप कर दिया। सपा जिले में सिर्फ एक बार मुरादनगर सीट पर जीती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी ने 1996 में सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद 2004 में हुए उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी सुरेंद्र मुन्नी ने चुनाव जीता था। आम चुनाव में 1996 के बाद पार्टी का खाता नहीं खुला। वहीं कांग्रेस भी 2002 के बाद जिले में जीत का खाता नहीं खोल पाई। 2002 में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने गाजियाबाद सदर सीट पर और राजपाल त्यागी ने मुरादनगर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद कांग्रेस किसी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाई है। 20 साल से पार्टी को गाजियाबाद में जीत का खाता खुलने का इंतजार है।

2012 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद में बसपा का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा था। लोनी, साहिबाबाद, गाजियाबाद और मुरादनगर की चारों सीटों पर बसपा प्रत्याशी जीते थे।

2017 में बसपा का एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। मोदी लहर में लड़े गए इस चुनाव में भाजपा ने सभी सीटें जीतीं थीं। अब 2022 में भी वही परिणाम फिर से दोहराया है। इस बार भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली है।

# पांच दिन बाद भी नहीं पकड़े गए लुटेरे

गाजियाबाद। गोविंदपुरी में सेनेटरी व हार्डवेयर की दुकान में व्यापारी को बंधक बनाकर तमंचे के बल पर हुई तीस हजार की लूट का पांच दिन बाद भी पर्दाफाश नहीं हो सका है। हथियारबंद तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। लेकिन, अभी तक एक भी बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लगा है। घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस की तीन टीम व एसओजी को लगाया गया है। कई मोबाइल की सीडीआर भी खंगाली जा चुकी है। सीसीटीवी फुटेज में दिखे बदमाशों की फोटो निकलवाकर भी पुलिस ने आसपास के थानों में भेजी है। लेकिन, बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा है। गौरतलब है कि बीते छह मार्च की देर शाम तीन बदमाश उनकी दुकान में आए थे और तमंचे से भयभीत कर उनसे लूटपाट की थी।

# अपहरण में सहयोग करने का आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। जिले के रबूपुरा में कुछ दिन पहले एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने के मामले में सहयोग करने के आरोपी शख्स को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रबूपुरा के थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि सात मार्च को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को गजेंद्र उर्फ भूरा पुत्र चतर सिंह ने बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है।

उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने गजेंद्र के भाई कुशल पाल उर्फ भोला को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने किशोरी के अपहरण तथा उसे छुपाने में सहयोग किया था।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स बंगाल शू मशीउरी प्राइवेट लिमिटेड/ मनोज सिकदर/ श्यामोली सिकदर/ गौरी सिकदर/ खाता नं. 015551000013 | हाउस नंबर 42 करुणा कुंज सेक्टर- 3, द्वारका साउथ वेस्ट दिल्ली साउथ वेस्ट दिल्ली- 110075/ मार्च 08, 2022 | अक्टूबर 01, 2021 ₹ 3,80,01,034.43/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 11, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुनीता /संतोष/ एलबीएफडीबी00002950076 | फ्लैट नंबर सन 1-1804, 18वां तल, मिगसन विन टावर 1, प्लॉट नंबर जीएच 1 बी (1), सेक्टर-ईटा 2, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश नोएडा/08 मार्च, 2022 | 30-08-2021 रू. 25,96,246/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | शीला देवी/विनोद कुमार दुबे/ एलबीडीईएल00004472317 | फ्लैट नंबर 4-002, चतुर्थ तल, देव हाइट्स ब्लॉक ए, खसरा नंबर 1140 मिन एवं 1142, ग्राम डासना, एनएच-24, गाजियाबाद दिल्ली-हापुड़ रोड, निकट एकेजी इंजीनियरिंग कालेज, गाजियाबाद/08 मार्च, 2022 | 16-10-2021 रू. 23,71,505/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | आनंद टंडन/रीमा टंडन/ एलबीएचवाईडी00001353840 | फ्लैट नंबर एसकेई-517, 5वां तल विस्टा शिप्रा कृष्णा, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/08 मार्च, 2022 | 30-09-2021 रू. 4,69,723/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | हिमानी/मनोज कुकरेती/ एलबीडीईएल00004102479 एलबीडीईएल00004007153 | फ्लैट नंबर 1901, 19वां तल, टावर सी 1, सुपरटेक ईको विलेज-2, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-16 बी, नोएडा/07 मार्च, 2022 | 30-08-2021 रू. 35,65,093/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | मनीषा सिन्हा/अंकित अशोक/ एलबीडीईएल00003511946 | फ्लैट नंबर 2001, 20वां तल, टावर एफ 1, ईको विलेज-1, प्लॉट नंबर -08, सेक्टर-01, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश /08 मार्च, 2022 | 23-06-2021 रू. 56,69,456/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | राम गोपाल/सविता/ एलबीडीईएल00004842714/ एलबीडीईएल00004862788 | प्लॉट नंबर 48, ब्लॉक डब्ल्यू, सेक्टर-12, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश /08 मार्च, 2022 | 17-08-2021 रू. 14,13,158/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | सुमित कुमार राणा/रमेश सिंह राणा/एलबीएनओडी00003993841/ एलबीएनओडी00004903059/ एलबीएनओडी00004656829 | प्लॉट नंबर 17, ब्लॉक जी, केनिंग्सटन पार्क, फेज-1, जेपी ग्रीन विश टाउन, सेक्टर-133, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा /08 मार्च, 2022 | 16-10-2021 रू. 77,22,102/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | विजय गोविंद/निधि गर्ग/ एलबीजीएचजेड00002919266/ एलबीडीईएल00002937674 | फ्लैट नंबर ई-1404, 14वां तल, ब्लॉक ई, टावर 5, प्रोव्यू लोबानी, प्लॉट नंबर जीएच-6, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक, गाजियाबाद-201010/08 मार्च, 2022 | 25-06-2021 रू. 43,35,851/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | विजय सिंह/नौशाद अली/ एलबीएनओडी00005127509 | प्लॉट नंबर 179, प्रथम तल, अभय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014, उत्तर प्रदेश /08 मार्च, 2022 | 16-08-2021 रू. 79,79,193/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | दि ईश्वर माइनिंग ऐंड इंड. कॉर्प. प्रा. लि./सविता भास्कर/संजीव भास्कर/ एलबीएनओडी00001315993 | फ्लैट नंबर आर-1201, 12वां तल, टावर-आर, प्लूमेरिया गार्डन एस्टेट, जीएच-01, सेक्टर-यूनिक्रोन-III, ग्रेटर नोएडा, नोएडा /08 मार्च, 2022 | 16-10-2021 रू. 22,07,528/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | श्याम वर्मा/पूजा/ एलबीजीएचजेड00004040968 | फ्लैट नंबर ई-502, 5वां तल, टावर ई (छत का अधिकार नहीं), ब्रेव-हर्ट्स, राजनगर एक्सटेंशन, एनएच-58, ग्राम नूर नगर, परगना लोनी, तहसील एव जिला गाजियाबाद/08 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 16,04,287/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | तनु./नरेन्द कुमार/ एलबीएनओडी00005176382 | फ्लैट नंबर ए-1711, टावर ए, 17वां तल (छत का अधिकार नहीं), केडब्ल्यू सृष्टि, खसरा नंबर 1125/1, 1125/2, 1125/3, ग्राम नूर नगर, राजनगर एक्सटेंशन, एनएच-58, गाजियाबाद /08 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 22,41,797/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | विद्या सिंह/हेमंत कुमार सिंह/ एलबीजीएचजेड00002240339 | जी/यूएच-1108, 11वां तल, टावर जी अर्बन होम्स एनएच-24, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद/08 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 15,28,768/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | योगेन्द्र पाल सिंह/सुनीता पाल/ एलबीएनओडी00002271959 | फ्लैट नंबर डी/यूएच-602, छठा तल, टावर डी अर्बन होम्स एनएच-24, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद/08 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 14,16,375/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | शरद अनुराग पांडे/वाणी विलास पांडे/ एलबीएनओडी00003021487 | फ्लैट नंबर 1901, 19वां तल, टावर ए, क्रॉसिंग्स रिपब्लिक, प्लॉट नंबर जीएच-4, गौड़ ग्लोबल विलेज, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद/08 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 14,11,377/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 11 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

नगर निगम गुरुग्राम के भवनकर रिकार्ड में यूनिट आई०डी०नं० 234C333U341X पता 144, Block A, Greenwoods City, Sector 45, Gurugram, Tehsil & District Gurugram, Sale Deed bearing Vasika No. 10346 dated 01.12.1988 अनुसार उक्त यूनिट के मालिक Shri Devendera Nath Verma and Miss Madhvi Verma daughter of Mr. devendra Nath Verma हैं। अब श्री देवेन्द्र नाथ वर्मा की मृत्यू दिनांक 15.04.2013 व Miss Madhvi Verma की मृत्यू दिनांक 31.12.2021 के उपरान्त Ms. Ayesha Sethi D/o Shri Pradeep Sethi ने Will which is duly stamped on 29.12.2021 vide no. 1076621 by Consulate General Of India, New York, USA और Affidavit for Legal Heir दिनांक 14.02.2022 प्रस्तुत कर प्रार्थना की कि उक्त यूनिट की कानूनी वारिस Ms. Ayesha Sethi D/o Shri Pradeep Sethi है। अत: उक्त यूनिट की मलकियत प्रार्थी के नाम दर्ज की जावे।

यदि इस मलकीयत/भवन/यूनिट 234C333U341X पता 144, Block A, Greenwoods City, Sector 45, Gurugram, Tehsil & District Gurugram के नाम दर्ज करने हेतू किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित होने की 30 दिन (तीस दिन) के अन्दर-अन्दर अपना एतराज अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दे सकता है। समयावधि समाप्त होने के उपरान्त भवन कर रिकार्ड में प्रार्थी का नाम स्थानान्तरण कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा। सूचित होवें।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी-IV
नगर निगम गुरुग्राम।

पृ० क्रमांक: MCG/ZTO-IV/2022/32134 दिनांक : 10.3.22

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Brij Kishor Goel and Sarla Devi Alias Sarla Goel/ Krishna Das Agrawal ("Mortgagor / Borrower") is intending to mortgage Property A-3, Lohia Nagar, Gaziabad, Uttar Pradesh, Pin-201003BOUNDED on the EAST by Property No. A-4, on the WEST by Property No. A-2, on the NORTH by other property, and on the SOUTH by Road("said property") in favour of Tata Capital Financial Services Limited. Therefore, all persons having any claim or interest against or to the said property or any part thereof by way of sale, assignment, mortgage, trust, lien, gift, charge, possession, inheritance, lease, tenancy, maintenance, easement or otherwise on the said property or otherwise, having custody of the original title deeds, howsoever, are hereby required to make the same known in writing to the below mentioned address within 7 days from the date of publication hereof failing which Tata Capital Financial Services Limited shall proceed with the mortgage of the said property without any reference to such claim, if any, and the same shall be considered as waived. Dated this 10 day of Mar 2022. Harit Shukla Advocate, 54-55, Shyam Vihar, Behind TATA MOTORS, Near Lavanya Hospital, Dewa Road, Lucknow – 226019, +91 98391 28935, Email address – haritshukla@lawyer.com

## KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
## PUBLIC NOTICE

kotak

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Office and other related business, desire to take on Lease for the period of 18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| ALL THAT the piece and parcel of Commercial Property admeasuring 57668.52 Sq. ft. approx. Super area being First floor area of the structure situated and located in building Known as "World Trade Tower", Tower B at C-1, Sector-16, Noida Gautam Budh Nagar, U.P.-2013001. | M/s ET Infra Developers Pvt. Ltd. **Having Registered office at:** WTT, C-1, Sector-16, Noida, U.P.-201301. |

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

## Sale Notice

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD Vs. AMAR DEEP, SUIT No.620719/ 2016 | Vehicle No- UP14BZ3674, Make & Model- MARUTI UDYOG LTD SWIFT VDI, Manu. Year- 2013 |
| ICICI BANK LTD Vs. PAWAN SINGH, SUIT (COMM) No.15/19 (ID No.109/ 19) | Vehicle No- DL3CCM7604, Make & Model- MARUTI UDYOG LTD SWIFT VDI, Manu. Year- 2017 |
| ICICI BANK LTD VS SURENDER DUTT, CS No. 506/ 18 | Vehicle No- HR51BE3856, Make & Model- CHEVEROLET BEAT Diesel, Manu Year- 2014, |
| ICICI BANK LTD VS MUKESH SINGH, CS SCJ 1466/19 | Vehicle No- DL1ZA5440, Make & Model– CHEVEROLET SAIL , Manu Year-2016, |
| ICICI Bank Ltd. Vs. SATISH KUMAR SINGH, SUIT No.44/18 (ID No. 469/ 18) | Vehicle No- HR38V2764, Make & Model- HONDA AMAZE SMT, Manu. Year- 2016 |

**Auction Date: 22-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**And**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD Vs SUNIL PAL, CS (COMM) No. 1609/21 | Vehicle No- UP14DW1376, Make & Model – Volkswagen Ameo, Manu. Year- 2018 |

**Auction Date: 22-March-2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** MFC Ghaziabad Mahakal Parking Yard, Khasra no 527, Village Banthla, Near Indane Gas Plant, Ghaziabad
**Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/ RTGS/ NEFT.

The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi- 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


# परिषदीय विद्यालयों में 22 मार्च से शुरू होगी वार्षिक परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 31 मार्च को घोषित होगा रिजल्ट

परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाओं को लेकर बन रही असमंजस की स्थिति को शासन ने अब दूर कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग को परिषदीय विद्यालयों में 22 मार्च से कक्षा-1 से आठ तक के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा आयोजित कराने के आदेश मिल गए हैं। अभी तक आदेश प्राप्त न होने के चलते शिक्षक बिना परीक्षा ही विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोमोट करने की आशंका जता रहे थे। होली के बाद परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा से कई बिंदुओं पर रिपोर्ट भी मांगी गई है।

बेसिक शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 511 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 297 प्राथमिक, 53 उच्च प्राथमिक और 161 कंपोजिट विद्यालय है। सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से छह तक के करीब एक लाख सात हजार विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। दरअसल, कोरोना के कारण परिषदीय विद्यालय ज्यादा समय तक बंद रहे। 2020 में सभी विद्यार्थियों को बिना परीक्षा ही अगली कक्षा में प्रोमोट कर दिया। 2021 में भी अधिकांश माह परिषदीय स्कूल बंद ही रहे है।

उधर, शासन से भी विद्यार्थियों की परीक्षा के संबंध में कोई आदेश नहीं आया था। शिक्षकों का मानना था कि इस बार भी परीक्षा नहीं होगी, लेकिन शासन ने शुक्रवार को इस बाबत आदेश जारी कर दिए हैं। परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का आयोजन 22 मार्च से 27 मार्च तक होगी। वहीं, रिजल्ट 31 मार्च को घोषित होगा।

# शराब के नशे में दोस्त ने की युवक की हत्या

गाजियाबाद। साहिबाबाद के शालीमार गार्डन में पड़ोस में रहने वाले महेंद्र ने शराब के नशे में अपने ही दोस्त अमित के सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। करीब चार-पांच दिन बाद कमरे से बदबू आने के बाद लोगों को घटना का पता चला फिर इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने देर रात अमित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया है। दोस्त की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। मृतक के भाई ने शक जाहिर किया है कि अमित पर टोना टोटका करने के बाद उसकी हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने फरार महेंद्र को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी नागेंद्र चौबे का कहना है कि आरोपी अभी शराब के ज्यादा नशे में है इस वजह से उससे पूछताछ नहीं हो पाई है, होश में आने के बाद हत्या के कारण और अन्य पहलुओं पर पूछताछ की जाएगी।

# नोएडा में कोरोना के सक्रिय रोगियों की संख्या घटी

नोएडा। जिले में कोरोना के शुक्रवार को 12 नए रोगी सामने आए हैं। वहीं, 24 घंटे में 29 रोगी इलाज के बाद स्वस्थ हुए हैं। इसी के साथ सक्रिय रोगियों की संख्या घटकर 125 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक कुल 1990303 संदिग्ध रोगियों के नमूनों की जांच की गई है। उनमें से 98348 रोगियों में कोरोना की पुष्टि हुई है। वहीं 490 कोरोना पीड़ित रोगियों की अब तक मौत हो चुकी है। 97733 रोगी इलाज के बाद स्वस्थ हुए हैं।

# लिफ्ट में बुजुर्ग समेत कई लोग फंसे, थाने में दी शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सोसाइटियों की लिफ्टों में आए दिन लोगों के फंसने की घटना सामने आती हैं। ऐसी ही एक घटना बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन 2 में सुबह देखने को मिली। सोसाइटी के टावर ए4 की लिफ्ट में दो बुजुर्ग समेत पांच लोग काफी देर तक फंसे रहे। बुजुर्ग ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए इसकी शिकायत पुलिस से की।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट पंचशील ग्रीन्स 2 सोसाइटी के निवासियों ने बताया टावर ए4 की लिफ्ट में सुबह करीब 10 बजे टावर में रहने वाले 74 वर्षीय बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण मित्तल अपने पोते के साथ नौवीं मंजिल से फ्लैट में जा रहे थे। साथ ही 74 वर्षीय बुजुर्ग विमला अपनी केयरटेकर के साथ अपने फ्लैट में जा रही थी।

इन लोगों के साथ लिफ्ट में बिल्डिंग के और भी अन्य निवासी थे। अचानक लिफ्ट छठी और सातवीं फ्लोर के बीच रुक गई और लिफ्ट का पंखा भी बंद हो गया था।

# युवक ने की खुदकुशी ससुराल वालों पर लगे आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एक संगीन मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने वीडियो बनाकर और सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। मृतक के भाई ने ससुराल वालों और मृतक की पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतक द्वारा बनाई वीडियो और सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सूरजपुर पुलिस द्वारा बताया गया कि प्रवीण उर्फ प्रवेश मूल रूप से बागपत के सिंघावली का निवासी है। प्रवीण डेल्टा-1 में रहता था। प्रवीण ने अपने ही घर में पंखे से लटककर 6 मार्च को आत्महत्या कर ली थी। साथ ही आत्महत्या करने से पहले प्रवीण ने एक वीडियो बनाई और सुसाइड नोट लिखा था। प्रवीण की शादी 7 साल पहले हुई थी, लेकिन कोई संतान न होने के कारण पति-पत्नी में अनबन होती रहती थी।

# महिला से बदमाश ने झपटा मंगलसूत्र, फरार

नोएडा। शहर के सेक्टर-76 में बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया और भाग गए। वारदात के समय पीड़ित महिला अपने घर के पास टहल रही थी। इस संबंध में महिला ने सेक्टर-113 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पीड़िता अपर्णा शर्मा ने बताया कि वह सेक्टर-76 स्थित जेएम ओरचिड सोसाइटी में रहती हैं। वह आठ मार्च की शाम को सेक्टर में टहल रही थीं। इसी बीच बाइक सवार एक बदमाश पीछे से आया। उसने महिला के पास आकर बाइक की स्पीड कम की और उसके गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# निगम चुनाव टले तो निर्वाचन आयोग पर भड़के केजरीवाल

## बोले- केंद्र के सामने झुका ईसीआई, प्रधानमंत्री से हाथ जोड़कर की अपील- समय पर होने दें चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● आप की जबरदस्त लहर, हार जाएगी भाजपा : मुख्यमंत्री



निगम चुनाव टालने पर दिल्ली चुनाव आयोग पर भड़के मुख्यमं अरविंद केजरीवाल। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसके दबाव में चुनाव आयोग झुक है। यह किसी भी सूरत में देश हित में नहीं है। पिछले 75 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ होगा कि केंद्र ने किसी राज्य के चुनाव आयोग को पत्र लिख कर चुनाव टालने के लिए कहा है। लोग कह रहे हैं कि तीनों एमसीडी को एक करना तो एक बहना है।

असली मकसद तो चुनाव टालना है। क्योंकि आम आदमी पार्टी की जबरदस्त लहर है। जिसमें भाजपा हार जाएगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ जोड़कर की अपील चुनाव समय पर होने दें। अगर चुनाव रद्द होते हैं, तो यह जनतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। राज्य चुनाव आयुक्त से भी कहना चाहते है कि अगर ऐसे चुनाव टाल देंगे, तो जनतंत्र ही नहीं बचेगा।

अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलनन में कहा कि नगर निगम के अभी चुनाव होने वाले थे।

गत नौ मार्च को दिल्ली चुनाव आयोग ने संवाददाता सम्मेलन बुलाया था कि शाम 5 बजे चुनाव आयोग एमसीडी के चुनावों की तारीख का एलान करेगा। किस तारीख को नामांकन होगा, किस तारीख तक नाम वापस लिए जा सकता हैं और चुनाव किस तारीख को होंगे आदि। इससे एक घंटा पहले शाम 4 बजे केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी कि वह तीनों नगर निगमों को एक नगर निगम बनाने जा रहे हैं। इसलिए यह चुनाव टाल दीजिए। जिसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने केंद्र के आदेश के मुताबिक चुनाव को टाल दिया।

केजरीवाल के अनुसार लोगों के मन में दो-तीन बातें चल रही हैं। सात-आठ साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है। अगर इनको तीनों एमसीडी को एक करना था, तो पिछले सात साल में क्यों नहीं किया। चुनाव की तारीखों के ऐलान के एक घंटा पहले इनको अचानक याद आई कि तीनों एमसीडी को एक करना है।

### प्रधानमंत्री की बधाई पर जताया आभार

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बधाई मिलने पर उनका आभार जताया है। प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार रात को ट्वीट करके आम आदमी पार्टी को बधाई दी थी। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा था पंजाब चुनाव में जीत के लिए आम आदमी पार्टी को मेरी ओर से बधाई। पंजाब के कल्याण के लिए केन्द्र की ओर से हर संभव मदद का वह आश्वासन देते है।

चर्चा है कि नगर निगमों को एक करने से क्या लेना-देना है। वर्तमान में तीन नगर निगम हैं। पार्षद अपने अलग-अलग नगर निगमों में बैठते हैं। चुनाव हो जाने दीजिए। अगर तीनों को एक भी कर देंगे, तो वो एक जगह बैठने लग जाएंगे।

# एमसीडी चुनाव वीवीपैट वाली ईवीएम से क्यों नहीं हो सकते

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा सवाल

उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा कि दिल्ली नगर निगम के चुनाव के लिए वीवीपैट वाली ईवीएम का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने आयोग के वकील से इस मुद्दे पर निर्देश लेने के लिए कहा।

इस मामले की सुनवाई 22 मार्च को होगी। उच्च न्यायालय आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह याचिका विधायक सौरभ भारद्वाज ने दायर की है। इस याचिका में दिल्ली निर्वाचन आयोग को एमसीडी चुनाव ऐसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था जो मतदान मिलान पर्ची (वीवीपैट) के साथ हों और उसके बिना नहीं हों।

आप की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा और अधिवक्ता राकेश कुमार सिन्हा पेश हुए थे। आप ने कहा कि वीवीपैट मशीनों के बिना ईवीएम मशीनों की सटीकता का पता लगाना और उसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ को खारिज करना लगभग असंभव हो जाता है। बिना वीवीपैट के पुराने एम-2 ईवीएम का इस्तेमाल सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत के चुनाव आयोग (2013) में उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन है, जिसमें यह माना गया था कि ईवीएम में मतदान मिलान पर्ची प्रणाली का समावेश और कार्यान्वयन एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता है। याचिका में आरोप लगाया गया कि एमसीडी चुनाव 2022 को एम-2 ईवीएम के साथ वीवीपैट के बिना कराने का निर्णय स्पष्ट रूप से गलत है और अधिकारों के दुरुपयोग के समान है। यह पूरी चुनावी प्रक्रिया की शुचिता के बारे में वास्तविक आशंका उत्पन्न करता है।

# यातायात नियम तोड़ने वाले पुलिसकर्मी भरेंगे दोगुना जुर्माना

**नई दिल्ली।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर दिल्ली पुलिस के कर्मियों को सामान्य से दोगुना जुर्माना भरना होगा। अवर पुलिस आयुक्त (यातायात) अजय कृष्ण शर्मा ने दो मार्च को जारी आदेश में कहा है कि ऐसा देखा गया है कि कुछ पुलिसकर्मी सरकारी वाहन चलाते हुए या ड्राइवर के साथ वाली सीट पर बैठते हुए सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं। आदेश काम मकसद सभी पुलिसकर्मियों को इस संबंध में संवेदनशील बनाना है।


**पूर्वी दिल्ली नगर निगम**
उद्यान विभाग (मुख्यालय)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

कमिश्नर पू.दि.न.नि. की ओर से उप-निदेशक (उद्यान), मुख्यालय द्वारा नि.आ.सू. सं. 09 दिनांकित 09.03.2022 आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:-
**क्र.सं.**1, **कार्य का नाम:** वार्ड सं.-19ई, शाहदरा (दक्षिण) जोन, पू.दि.न.नि. में बच्चों के खेलने के उपकरण (सीपीए), खुले जिम और बैठने की व्यवस्था इत्यादि के माध्यम से कला निकेतन विद्यालय, गाजीपुर के निकट पार्क का विकास, **निविदा राशि:** 7479474, **धरोहर राशि:** 150000, **निविदा लागत:** 500, **निविदा आई.डी.:** 2022_EDMC_109150_1
निविदा विवरणों को उप-निदेशक (उद्यान) का कार्यालय, मुख्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या इसे वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app या www.mcdonline.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की बिक्री की अंतिम तारीख 22.03.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक है। अन्य विवरण/जानकारी वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app पर देखी जा सकती हैं।
यह प्रेस सूचना www.mcdonline.nic.in पर भी उपलब्ध है।
- हस्ता. -
R.O. No.65/DPI/EDMC/2021-22 उप-निदेशक (उद्यान)/मुख्यालय
पूर्वी दिल्ली नगर निगम का नागरिक हेल्पलाइन नं. 155303

**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
एन एफ एल NFL
(भारत सरकार का उपक्रम)
ए-11, सेक्टर-24, नोएडा-201 301
फोन नं.-0120-2412294, 2412445, फैक्स नं.-0120-2412218
संदर्भ संख्याः एनएफएल/जेडओ/एबीडी/डब्ल्यूएसएफ/2022-23/01 दिनांकः 12.03.2022
**ई-खरीद सूचना**
विभिन्न राज्यों में विपणन के लिए जल में घुलनशील उर्वरकों की खरीद के लिए संभावित बोलीदाताओं से बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। विवरण के लिए वैबसाईटः https://etenders.gov.in/eprocure/app (ई-निविदा) और www.nationalfertilizers.com (होमपेज) देखें। ई-निविदा संख्या 2022_NFL_108979_1। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.03.2022 को 15:30 बजे तक/तकनीकी निविदा दस्तावेज़ खुलने की तिथि 24.03.2022 को 15:30 बजे तक है। निविदा से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र केवल हमारी वैबसाईट पर जारी किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)
@NFL_Kisan | @nationalfertilizers | National Fertilizers Limited

# एमसीडी चुनावों को लेकर आप-भाजपा का वार-पलटवार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मनीष सिसोदिया



स्मृति ईरानी

नगर निगम के चुनाव टालने पर राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने चुनाव रुकवाने को लेकर सफाई दी है। इस पर पटलवार करते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने समय-समय पर नगर निगमों को उसका बजट दिया लेकिन भाजपा ने अपने भ्रष्टाचार से उसे खोखला बना दिया है। स्मृति ईरानी आकर देखे कि कैसे भाजपा शासित निगमों ने दिल्ली दिल्ली को कूड़े का ढेर बना दिया है। भाजपा के नेता सामने आये और बताये कि चुनाव आयोग के अधिकारियों को एमसीडी चुनाव टालने के लिए सीबीआई, ईडी की धमकी दी या किसी पद का लालच दिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा पिछले 15 -17 सालों में एमसीडी में कुछ नहीं किया और जब अब भाजपा को पता चल गया है कि लोगों ने एमसीडी में भी झाड़ू चलाने वाला है तो भाजपा रोना चिल्लाना शुरू कर दिया है कि दिल्ली सरकार ने पैसे नहीं दिए जबकि सच्चाई यह है कि पैसे तो दिए लेकिन भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार से वह पैसे बचे नहीं।

सिसोदिया ने भाजपा को चुनौती दी है अगर उसमें हिम्मत है तो चुनाव का सामना करके दिखाए लेकिन वो यह समझ चुके हैं कि इस बार उसको एमसीडी चुनाव में 10 सीटें भी नहीं मिलने वाली इसलिए वहचुनाव से भाग रही है। स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज केजरीवाल ने एमसीडी चुनावों में देरी को लेकर केंद्र पर दबाव डाला।

वह उनसे पूछना चाहती है कि क्या उन्हें पता है कि नगर निगम ने पिछले साल सुधार की मांग की थी। दिल्ली सरकार ने जानबूझकर एमसीडी कर्मचारियों को 13000 करोड़ रुपये से वंचित किया है। केजरीवाल 13 हजार करोड़ रुपये एमसीडी के बैंक खाते में जमा करें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए धन रोक दिया। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भी केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा केजरीवाल हमेशा ही आराजक भाषा एवं भ्रामक बातें करते हैं।

### शरजील की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शरजील इमाम की उस याचिका पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा जिसमें उसने अपने खिलाफ राजद्रोह के आरोप तय करने को चुनौती दी है। यह मामला 2019 में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान उसके कथित भड़काऊ भाषण से संबंधित है।

# हाईकोर्ट का डीएचजेएस परीक्षा स्थगित करना अनुचित : उच्चतम न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा (डीएचजेएस) परीक्षा-2022 को चार सप्ताह के लिए स्थगित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को प्रथम दृष्टया अनुचित करार दिया, जो 20 मार्च को होने वाली थी।

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए डीएन राव से कहा कि वह उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वाले व्यक्तियों को सूचित करें कि वे 12 मार्च को होने वाली परीक्षा के लिए अपने आवेदन फार्म जमा कराएं। पीठ ने दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा (डीजेएसई) से संबंधित एक अन्य याचिका पर अधिवक्ता देविना शर्मा को परीक्षा के लिए अपना आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति दी जो कि याचिका के परिणाम के अधीन होगी।

अधिवक्ता ने महामारी की स्थिति और उच्च न्यायालय द्वारा 2020 और 2021 में डीजेएसई न कराने का उल्लेख करते हुए न्यायिक सेवाओं के वास्ते आवेदन करने के लिए 32 वर्ष की आयु सीमा में छूट की मांग की है।

# जीटीबी में बनेंगे थैलेसीमिया से प्रभावित दिव्यांगों के प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एक ही छत नीचे सभी सुविधाएं देने की कोशिशः राजेंद्र गौतम



अब दिव्यांगों को जरूरी सेवाओं के लिए एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस में नहीं भटकना पड़ेगा।

सरकार की मंशा है कि एक छत के नीचे विकालगों को प्रमाण पत्र और डीटीसी कार्ड जैसी सुविधाएं मिल जाए। इस कवायद को पूरा करने के लिए समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल दिलशाद गार्डन में दिव्यांगजन सहायता शिविर में शामिल हुए। केजरीवाल सरकार ने थैलेसीमिया से प्रभावित लगभग 100 दिवांगजनों का विकलांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत की। अभी तक यह सुविधा केवल दिल्ली के आरएमएल तथा एआईआईएमएस तक ही सीमित थी। अब यह सुविधा दिल्लीवालों को दिल्ली सरकार के जीटीबी अस्पताल में भी मिलेगी। शिविर में दिव्यांग जन से जुड़ीं विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे, विकलांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, डिजिटल विकलांग प्रमाण पत्र, डीटीसी पास, रेलवे विभाग पास, लोन, सहायक उपकरण जैसी अनेक सेवाऐं हाथों हाथ प्रदान की गईं। शिविर में लगभग 1 हजार लोगों का यूडीआईडी पंजीकरण हुआ। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार हर संभव मदद के लिए वचनबद्ध है। जल्द ही दिव्यांगजनों के लिए नई योजनाओं को उनके जीवन में और गुणवत्ता लाने के लिए दिल्ली सरकार प्रयास कर रही है।

# सूमी में फंसे छात्र आखिर पहुंचे दिल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हिंडन एयरपोर्ट पर जहाज से उतरते छात्र। फोटोः रंजन डिमरी

युद्धग्रस्त यूक्रेन के सूमी शहर से निकाले गए भारतीय छात्रों को पोलैंड के ज़ेज़ॉ शहर से लेकर एअर इंडिया का एक विशेष विमान शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विमान ने गुरुवार रात साढ़े 11 बजे ज़ेज़ॉ से उड़ान भरी थी और शुक्रवार सुबह पौने छह बजे वह दिल्ली पहुंचा।अधिकारियों ने बताया कि एक और विमान के दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। छात्रों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, पहली उड़ान प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए थी।उन्होंने बताया कि दूसरे विमान में चौथे-पांचवे वर्ष के छात्र आएंगे। तीसरा विमान उन लोगों के लिए है, जिनके पास पालतू जानवर हैं। इसके अलावा उसमें पांचवें-छठे वर्ष के छात्र और अगर कोई वहां रह गया है, तो उसे भी लाया जाएगा। भारत, रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद से युद्धग्रस्त देश में फंसे अपने नागरिकों को रोमानिया, हंगरी और पोलैंड के रास्ते स्वदेश ला रहा है। यूक्रेन के शहर सूमी से 600 छात्रों को निकालने का अभियान मंगलवार सुबह शुरू हुआ था।

# निजामुद्दीन मरकज को पूरी तरह से क्यों नहीं खोला जा सकताः हाईकोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निजामुद्दीन मरकज को पूरी तरह से खोलने में केंद्र को क्या आपत्ति है इस पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को इस विषय पर अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी के बीच मार्च 2020 में तबलीगी जमात का वहां एक कार्यक्रम हुआ था, जिसके बाद से इसे बंद रखा गया है। अदालत ने केंद्र से जानना चाहा कि वह इसे रोजाना पूरी तरह से खोलने के खिलाफ क्यों है, जबकि वह त्योहारों के दौरान इसे खोलने के लिए सहमत है।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने केंद्र के वकील को अदालत को इस बात से अवगत कराने का निर्देश दिया कि उन्हें भवन की सभी मंजिलें खोलने में क्या आपत्ति है, जबकि प्राधिकारी नमाजियों की नमाज के लिए मस्जिद की प्रथम मंजिल खोलने के लिए राजी हैं। अदालत ने कहा कि यदि प्रथम मंजिल का उपयोग नमाज के लिए किया जा सकता है।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव बहुगुणा/ इप्सिता बहुगुणा/ एलबीएनओडी00003418712/ एलबीएनओडी00003433687 | फ्लैट नंबर 1204, 12वां तल, टावर एल, प्रतीक विस्टेरिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-77, गौतमबुद्ध नगर नोएडा/07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 28,10,154/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | पुष्पेन्द्र कुमार/ सोमलता/ एलबीडीईएल00001977058/ एलबीडीईएल00002979300 | फ्लैट नंबर बी 54-01, भू तल, आसरा टाइप-2, यूपीएवीपी, गाजियाबाद/07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 7,89,512/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मुमताज/मोहम्मद शाहरूल एलबीडीईएल00003930226/ एलबीडीईएल00003877758 | फ्लैट नंबर 1612, 16वा तल, गैलेक्सी रॉयल -ब्लॉक, गोकुल, प्लॉट नंबर जीसी-03 जे जीएच-03, सेक्टर-16 सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/07 मार्च, 2022 | 25-06-2021 रू. 32,40,164/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | प्रेम कुमार भारद्वाज/ नीतू कुमारी/ एलबीएनओडी00001864253 | मकान नंबर 629, प्रथम तल, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 2,95,768/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सुषमा कुमारी/ अंकुश/ एलबीएनओडी00005079316 | फ्लैट नंबर 110, प्रथम तल, टावर बी, 5वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीएच-01, गौड़ सिटी-1, सेक्टर-04, ग्रेटर नोएडा, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 1,49,050/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | ऋषि कुमार सलूजा/बृन्दा मुदगिल/ एलबीएनओडी00004935649/ एलबीएनओडी00004935537 | फ्लैट नंबर ई-1405, 14वां तल, अपेक्स गोल्फ एवेन्यू टावर ई निकटस्थ टेक जैडसी ग्रेटर नोएडा, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 2,46,951/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | संजीव खोसा/ कन्हैया लाल खोसा/ एलबीडीईएल00000389406/ एलबीडीईएल00000563624 | फ्लैट नंबर टी-2, प्लॉट नंबर सी-179, एसएफ (आरआर साइड), ब्लॉक-सी, रामप्रस्थ, गाजियाबाद /07 मार्च, 2022 | 25-06-2021 रू. 2,92,842/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | अश्वनी कुमार/ गुंजन कुमार/ एलबीएनओडी00001078776/ एलबीएनओडी00001078774 | जी-1, प्लॉट सी-43, ब्लॉक सी, सेक्टर-7, टी.एच.ए. आवासीय कालोनी, सूर्य नगर, गाजियाबाद /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 11,85,139/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | सुरेश कुमार/ सुनीता/ मनोज कुमार आर्य/ एलबीडीईएल00000990720 | फ्लैट नंबर जीएफ-4, प्रथम तल, नीति खंड-1/46, इंदिरापुरम, गाजियाबाद /08 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 4,07,407/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10 | तनु अग्रवाल/ ओमैक्स कंस्ट्रक्शन लि./ पलाश रंजन अग्रवाल/ एलबीडीईएल00001202747 | एफएफ-3, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 6/121, सेक्टर-6, वैशाली, गाजियाबाद /08 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 2,32,879/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11 | देबलीना गुप्ता/अभिजीत गुप्ता/ एलबीजीएचजैड00004776053 | फ्लैट नंबर 14074, 14वां तल, ब्लॉक ई-2, टावर 5, क्रॉसिंग रिपब्लिक डूंडाहेड़ा एनएच-24, प्लॉट नंबर जीएच-7, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 30,20,690/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12 | दीपांशु दुआ/देवेन्दर कुमार/कमल/ एलबीएनओडी00004162664 | फ्लैट नंबर 1703, 17वां तल, टावर-एल, ग्रैंड अजनारा हेरिटेज, प्लॉट नंबर जीएच-01/बी, सेक्टर-74, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 27-09-2021 रू. 31,60,971/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13 | उपेन्द्र सिंह मारवारिया/ एलबीडीईएल00004797942 एलबीडीईएल00004797936 | यूनिट नंबर एच- 204, द्वितीय तल, स्काईटेक मैट्रोट, प्लॉट नंबर जीएच 01/डी, सेक्टर-76, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 27,21,390/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14 | अंकित माथुर/आयुष माथुर/रेणु माथुर/एलबीजीएचजैड00003876233 | फ्लैट नंबर 1103, 11वां तल, ब्लॉक सन-2, मिगसन रूफ खास, ग्रुप हाउसिंग प्लॉट नंबर खसरा नंबर 4, 5 एवं 51, राज नगर एक्सटेंशन, ग्राम मकरम्मत, सिकरोड, जलालाबाद,, गाजियाबाद/07 मार्च, 2022 | 19-01-2021 रू. 15,92,797/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15 | राहुल सिंह/देवयानी राजन/आर एस कंस्ट्रक्शन/एलबीजीएचजैड00001490694 | फ्लैट नंबर 1405, 14वां तल, महागुन मैन्सन, 1/4, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद/07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 17,96,393/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16 | नीरज जायसवाल/मूल चंद जायसवाल/ एलबीजीएचजैड00003603575 | फ्लैट नंबर 1008, 10वां तल, मोती रेजीडेंसी, टावर डी, खसरा नंबर 238, ग्राम मोरटा, परगना जलालाबाद, गाजियाबाद /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 15,21,267/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17 | अमृत पाल सिंह/ प्रियंका राणा/ यश पाल कौर/एलबीजीएचजैड00003568721 | फ्लैट नंबर जीएफ-1 (एचआईजी), भू तल, छत का अधिकार नहीं, (फ्रंट साइड), प्लॉट नंबर 185, शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 25,57,280/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 18 | प्रशांत कुमार/ अमित मलिक/ एलबीडीईएल00002222810 | सम्पत्ति सं. 3/616, भू तल, छत का अधिकार नहीं, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 26,25,842/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 19 | प्रियंका प्रिया/ संजय घोष/ एलबीएनओडी00002238606 | फ्लैट नंबर सी 4-2405, 23वां तल, टावर सी-4, प्रतीक ग्रैंड सिटी, प्लॉट नंबर 4/बीएस-01 तथा 4/बीएस-05, सिद्धार्थ विहार, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 22,63,496/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 20 | अंजू श्रीवास्तव/ धनंजय कुमार/ एलबीएनओडी00002841393 | फ्लैट नंबर सी-103, प्रथम तल, फ्रेंच अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर जीएच-07बी, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), नोएडा /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 26,34,754/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 21 | वंदना त्रिपाठी/ ज्ञानेश्वर मणि त्रिपाठी/ एलबीएनओडी00003090405 | फ्लैट नंबर ए-6/1202, 12वां तल, टावर-ए 6, कासा ग्रीन्स-1, प्लॉट नंबर जीएच-04ए, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 26,81,326/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 22 | समीर नाथ झा/ तनूजा झा/ एलबीएनओडी00001966041/ एलबीएनओडी00001967391 | फ्लैट नंबर 1521, 14वां तल, ब्लॉक डी, गौड़ ग्रीन विस्टा, फेज-2, सम्राट 5, एनएच-24, न्याय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 42,99,323/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 23 | समीर नाथ झा/ तनूजा झा/ एलबीएनओडी00001974008 | फ्लैट नंबर 1521, 14वां तल, ब्लॉक डी, गौड़ ग्रीन विस्टा, फेज-2, सम्राट 5, एनएच-24, न्याय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /07 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 2,13,902/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 24 | राजेश कुमार सैनी/वैशाली/ एलबीजीएचजैड00002859772 | फ्लैट नंबर डी-0205, द्वितीय तल, टावर-डी, फ्यूजन होम्स, प्लॉट नंबर जीएच-05 ए, सेक्टर - टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), नोएडा /07 मार्च, 2022 | 16-10-2021 रू. 23,92,438/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 25 | पूनम तोमर/ कुशल पाल सिंह/ एलबीजीएचजैड00002666046 | फ्लैट नंबर ई 107, ई-ब्लॉक, पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट, प्लॉट नंबर बी जीएच-ए, सेक्टर -सूरजपुर साइट - सी (एक्सटेंशन) फेज-1, जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, नोएडा /07 मार्च, 2022 | 19-06-2021 रू. 22,38,629/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 26 | सैलेश कुमार/ सीमा श्रीवास्तव/ एलबीजीयूआर00003041118 | फ्लैट नंबर एफ-3, प्रथम तल, एमआईजी, प्लॉट नंबर 4/296, सेक्टर-4, वैशाली, गाजियाबाद /08 मार्च, 2022 | 06-07-2021 रू. 23,14,466/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 11 मार्च, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में शोधित कर होगा पानी का उपयोग

## एनडीएमसी स्मार्ट ग्रीन पब्लिक टॉयलेट कम हाइजीन ब्लॉक का निर्माण करेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में 'टोटल ग्रीन' मिशन को लेकर अत्याधुनिक विशाल 'स्मार्ट ग्रीन टॉयलेट-कम-स्वच्छता ब्लॉक' का निर्माण नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) करेगी। साथ ही मंदिर में सिर्फ शोधित पानी का उपयोग होगा।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 7 स्टार रैंकिंग हासिल करने के लिए एनडीएमसी लगातार प्रयास कर रही है। पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में 'टोटल ग्रीन' मिशन के उद्देश्य से एक अत्याधुनिक विशाल 'स्मार्ट ग्रीन टॉयलेट-कम-स्वच्छता ब्लॉक' का निर्माण करेगी। उपाध्याय ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्राचीन हनुमान मंदिर में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों और भक्तों को जन सुविधाओं के रूप में सामान्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही हनुमान मंदिर वाटिका क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को उन्नत करना भी है। हनुमान मंदिर वाटिका परिसर में 'स्मार्ट ग्रीन टॉयलेट-कम-स्वच्छता ब्लॉक' निर्माण का विवरण देते हुए उपाध्याय ने बताया कि महिलाओं के लिए 4 डब्ल्यूसी सीट, पुरुषो के लिए 05 डब्ल्यूसी सीट, शारीरिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए 01 डब्ल्यूसी सीट, ट्रांसजेंडर के लिए 01 डब्ल्यूसी सीट और 10 यूरिनल सुविधाओं के साथ 15 केएलडी की क्षमता वाले 'सीवर ट्रीटमेंट प्लांट' का प्रावधान होगा।

पुरुष और महिलाओ के लिए अलग-अलग स्नानघर का भी प्रावधान होगा। और महिलाओं के लिए विशेष रूप से 'सैनिटरी वेंडिंग मशीन' का भी प्रावधान रखा गया है। नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए 'फीडिंग चैंबर और डायपर चेंजिंग फैसिलिटी' की भी सुविधा होगी। उपाध्याय ने बताया कि यहां पानी को जीवन मानते हुए पानी को बचाकर दोबारा उपयोग कर शत प्रतिशत ग्रीन टॉयलेट बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस स्वच्छता ब्लॉक में वाटर कूलर का प्रावधान भी होगा और पानी का उपयोग पूरी तरह से रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया पर होगा।

इस शौचालय ब्लॉक के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि निचले जमीनी स्तर पर निर्मित मौजूदा ब्लॉक को आंशिक रूप से ध्वस्त करने के बाद ऊपरी तल पर शौचालय ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा । नए निर्माण के साथ ऊपरी तल की आंशिक संरचना का भी उपयोग इस परियोजना में किया जाना है।

### स्वस्थ भारत के लिए चलाया सफाई अभियान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम के स्वामी दयानंद अस्पताल ,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नेशनल नर्सेज आर्गेनाईजेशन व आईपीसीए तत्वाधान में सूरजमल पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वच्छ सर्वेक्षण में पूर्वी दिल्ली की रैंकिग सुधारने के उद्देश्य से किया गया जिसमे स्वयंसेवी संस्थानों ने श्रम दान देकर 6 गाड़ी कूड़ा इकट्ठा किया जिसमें प्लास्टिक ,कागज व अन्य कूड़ा एकत्र किया गया। आज यमुना घाट गांधी नगर पुश्ते पर सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सचिव डॉ ग्लैडबिन त्यागी, अतुल मुद्गल मुकसह सुमन आदि ने सहयोग दिया।

# मंत्रीजी, हाई टेंशन तारों को हटवाकर पटेल नगर की टेंशन कराएं दूर

## लोगों ने बिजली मंत्री से पटेल नगर के हाई टेंशन तारों को हटवाने का किया आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम में बिजली मंत्री को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम** समेत पूरे प्रदेश में बिजली संबंधी दिक्कतों को दूर करने के साथ बिजली की सप्लाई सुचारू की गई है। बात चाहे लटकती तारों को दुरुस्त करने की हो या फिर ढाणियों में बिजली पहुंचाने की। भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र में बेहतरीन काम किए हैं। गुरुग्राम के पटेल नगर में हाईटेंशन तारों एक समस्या है, जिसे दुरुस्त कराने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह को पत्र सौंपा है।

नवीन गोयल के नेतृत्व में दीपचंद प्रधान, दीपचंद प्रधान, बीर सिंह यादव, राजेंद्र प्रधान गागन गोयल, बाली पंडित, सत्यनाराण कादियान, कर्नल आरके शर्मा आदि सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल बिजली मंत्री से मिला।

बिजली मंत्री को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि पटेल नगर गुरुग्राम शहर की बहुत पुरानी रिहायशी कॉलोनी है। पहले जब शहर में आबादी कम थी तो यह इलाका खाली था। इसलिए यहां से हाईटेंशन की लाइन गुजारी गई। जैसे-जैसे शहर विकसित हुआ और आबादी बढ़ी तो मकानों का निर्माण भी अधिक हुआ। यहां रिहायशी कालोनी बनने के बाद भी इन हाई टेंशन तारों की व्यवस्था सही प्रकार से नहीं की गई। पटेल नगर हाउसिंग कॉलोनी के रूप में विकसित हो गई है। यहां 30 गज से लेकर 500 गज तक के कई बहु-मंजिला मकान बने हुए हैं। कई मकान तो ऐसे है, जहां हाई टेंशन वायर उन मकानों के छत के ऊपर से जा रही है। जिसकी वजह से कई बार करंट लगने से लोग दुर्घटना के शिकार हुए हैं।

बहुत से घरों के लोगों ने तो अपनी ही छतों पर जाना छोड़ दिया है। कई तार लोगों के घरों के ऊपर से गुजर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों की तरफ से उनका आग्रह है कि बाकी बचे हाईटेंशन बिजली लाइन के तारों को भी यहां से हटाकर लोगों को सुविधा दी जाए। बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने नवीन गोयल की ओर से सौंपे गए पत्र पर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# अशोक विहार, शीतला कालोनी से गंदे पानी की निकासी के दिए आदेश


सीवरेज के पानी की निकासी को लेकर निगमायुक्त से मिलने पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** अशोक विहार और शीतला कालोनी काफी बड़ी कालोनी हो चुकी है। यहां नगर निगम की ओर से मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। पूर्व में बिजली व पानी को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने क्षेत्रवासियों को राहत दिलवाई थी। अब यहां सीवरेज के पानी की समस्या गहराई हुई है।

शुक्रवार को इस समस्या को लेकर नवीन गोयल के नेतृत्व में दोनों कालोनियों के काफी लोगों ने निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात की। नवीन गोयल के साथ सुरेश प्रधान, राजपाल भड़ाना, महीपाल सारन, सुधीर कलसन, बाली पंडित, गगन गोयल, आनंद, ललित क्रांतिकारी समेत क्षेत्र के काफी लोग निगमायुक्त से मिलने पहुंचे। नवीन गोयल की ओर से निगमायुक्त को अशोक विहार में सीवरेज का पानी भरे होने की समस्या से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि गली में से लोगों का निकलना दूभर हो गया है। बड़े, बच्चे या तो गंदे पानी से निकलने को मजबूर हैं, या फिर से दूसरे दूर के रास्ते से होते हुए अपने काम पर आते-जाते हैं। ऐसे में उन्होंने काफी समस्या का सामना करना पड़ा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चारों राज्यों में बीजेपी की जीत से नया सूर्य उदय : गगन गोयल



**गुरुग्राम।** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने इसे नए सूर्योदय का नाम दिया है। उनका कहना है कि चारों राज्यों की जनता ने अपने विकास का रास्ता भाजपा की सरकारें चुनकर बना लिया है। यूपी में जो जीत हुई है, उस पर सबकी निगाहें थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर योगी आदित्यनाथ ने यूपी का जो विकास किया, उसी का परिणाम इस बार के चुनावों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जीत बहुत महत्वपूर्ण है। चुनावों में कभी किसानों तो किसी किसी मुद्दे को लेकर फैलाए गए भ्रम का कोई असर नहीं हुआ। जनता ने भाजपा के नेताओं, नीतियों में विश्वास बनाया। पहले की कांग्रेस, बसपा और सपा की सरकारों ने यूपी को बर्बाद ही किया है। अब यूपी का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विकास के रथ के सारथी हैं। ऐसे में विकास का पहिया कभी थमेगा नहीं। गगन गोयल ने कहा कि किसानों को भी सबसे ज्यादा विश्वास नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार की नीतियों पर ही है।

### गंदे नाले की ढाई लाख में होगी सफाई


सोहना के वार्ड-19 की मंगल नगर कॉलोनी में गंदे नाले से कूड़ा-कचरा निकालते हुए मजदूर।

**सोहना।** नगर परिषद ने शहर के वार्ड-19 की मंगलनगर कॉलोनी में जमा होने वाले गंदे नाले के पानी की निकासी के लिए ढाई लाख रुपये का ठेका छोड़ा है। नालों में जमा कूड़ा करकट निकासी से पानी की निकासी सही ढंग से हो सके। नगर परिषद के लिए जी का जंजाल बना मंगल नगर कॉलोनी में गंदे नाले के पानी की निकासी को जड़ से समाप्त करने के लिए एक बार फिर सफाई का ठेका छोड़ा है। जिसमें शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से एलिवेटेड मार्ग से लगता दमदमा मोड़ और राजीव गांधी पार्क से नागरिक अस्पताल के पीछे आने वाले गंदे नाले की सफाई की जाएगी। दोनों ही नालों की सफाई के लिए परिषद द्वारा ढाई लाख रुपये का ठेका दिया है। ठेकेदार ने नाले की सफाई मजदूर लगाकर शुरू कर दी है। इस बार नालों की सफाई मशीन से नहीं कराई जाएगी। शहर के बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई के लिए नगर परिषद ने जुलाई माह में करीब 25 लाख रुपये का ठेका था। इस ठेके में मंगलनगर व फव्वारा चौक से दमदमा मोड़ की ओर जाने वाला नाला भी शामिल था। लेकिन ठेकेदार द्वारा नालों की सफाई में लापरवाही बरतने से नालों की सफाई सही नहीं हो सकी। जिससे मंगलनगर में गंदे पानी की निकासी समस्या आज भी बनी हुई है। मंगलनगर कॉलोनी के गंदे पानी नाले की सफाई होने से समस्या का स्थाई प्रबंध हो जाएगा। नाले के पानी की स्तर ढाल की तरफ किया जाएगा।

# विकास का दूसरा नाम है मोदी-योगी: सीकरी


गुरुग्राम में चार राज्यों की जीत पर खुशी मनाते बोधराज सीकरी व अन्य नेता।

**गुरुग्राम।** वरिष्ठ भाजपा नेता बोधराज सीकरी व ओमप्रकाश कथूरिया की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उत्तरप्रदेश में प्रचंड बहुमत की यहां विशेष रूप से खुशी मनाई। इस भंडारे का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा, के अतिरिक्त पंजाबी बिरादरी महा संगठन, श्री केंद्रीय सनातन धर्म सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। सुरेश सीकरी ने सुशान्त लोक के अलग-अलग ब्लॉक की अन्य महिलाओं के साथ गार्गी कक्कड़ का शॉल ओढ़ाकर और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बोधराज सीकरी ने कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी आने वाले 5 वर्षों में विकास की एक नई कहानी लिखने वाली है। इस कार्यक्रम में अभिषेक गुलाटी, ओमप्रकाश कथूरिया, गिरिराज ढींगरा, प्रमोद सलूजा, राजेश अरोरा, डॉ. सुभाष खन्ना, सुरेंद्र खुल्लर, कन्हैयालाल आर्य, लक्ष्मण पाहूजा, संजय टण्डन, सन्दीप कुमार, बंटी और पार्षछ सीमा पाहूजा मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार निरोधक कमेटी की हर माह समीक्षा बैठक

## उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय विजिलेंस कमेटी की पहली बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम में भ्रष्टाचार रोकने को बनाई कमेटी की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**जिला** स्तरीय विजिलेंस कमेटी की पहली बैठक उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कमेटी को एक पखवाड़ा के भीतर व सब डिविजन कमेटी को हर सप्ताह एक-एक निरीक्षण या जांच करनी जरूरी है।

बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों को बताया कि गुरुग्राम जिला में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर विजिलेंस कमेटियां गठित की गई हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों को कमेटी की रूपरेखा व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ये कमेटियां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा विकास संबंधी परियोजनाओं के सुचारू रूप से संचालन के साथ इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी एडीसी की अध्यक्षता में कार्य करेगी। इस कमेटी के अन्य 4 सदस्यों में लोक निर्माण विभाग या जनस्वास्थ्य विभाग या किसी भी विभाग का कायज़्कारी अभियंता को शामिल किया गया है, जिसका चयन कमेटी के चेयरपर्सन द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही, इस कमेटी में सर्व शिक्षा अभियान का अकाउंट्स आफिसर, स्टेट विजिलेंस ब्यूरो का डीएसपी, संबंधित विभाग का अधिकारी (कार्यालय अध्यक्ष या उसका प्रतिनिधि) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार, उपमंडल स्तरीय विजिलेन्स कमेटियों में चेयरपर्सन सहित 4 सदस्य होंगे। प्रत्येक उपमंडल में सम्बंधित उपमंडल अधिकारी कमेटी की अध्यक्षता करेंगे। उपमंडल स्तरीय विजिलेन्स कमेटी के अन्य सदस्यों में लोक निर्माण विभाग या जनस्वास्थ्य विभाग या किसी भी विभाग का उपमंडल अभियंता को शामिल किया गया है, जिसका चयन कमेटी के चेयरपर्सन द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही एक अकाउंटस ऑफिसर व संबंधित विभाग का कार्यालय अध्यक्ष या उसका प्रतिनिधि कमेटी के अन्य सदस्यों में शामिल होंगे। कमेटी विभिन्न सरकारी विभागों के कामकाज को सरप्राइज चेक कर सकेगी। इसके अतिरिक्त जनसेवा से जुड़े विभाग जिनमें स्कूल, पीएचसी, अन्य स्वास्थ्य संस्थान, राजस्व, स्थानीय निकाय, विकास एवं पंचायत, परिवहन विभाग, पुलिस थाना आदि में विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों के कृत्यों या अनदेखी, गलत आचरण व ड्यूटी के प्रति लापरवाही की जांच करने में सक्षम होगी।

# गुरुग्राम विवि में शुरू होगा इंटर्नशिप एम्बेडेड बीएससी एविएशन कोर्स

**गुरुग्राम।** देश में सबसे तेजी से उड़ान भरने वाली एविएशन इंडस्ट्री में रोजगार की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार और प्रो. एम. एस. तुरान की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल 11 मार्च को गुरुग्राम के सेक्टर-77 में स्थित जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का निरीक्षण करने पहुंचा।

इस दौरान यहां की लैब, क्लासरूम, प्लेग्राउंड, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, सिविल एयर क्राफ्ट, मामूली मरम्मत, बड़ी मरम्मत जैसी गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एसआर ओला के साथ कुलपति दिनेश कुमार ने एविएशन इंडस्ट्री से जुड़ी तमाम बातों पर विस्तार से चर्चा की।

# मजदूरों को बताए कानूनी अधिकार

## सोसायटी के सदस्यों ने प्रवासी मजदूरों के साथ बातचीत की

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-22 में मजदूरों को कानूनी अधिकारों की जानकारी देते डीएलएसए के सदस्य।

**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम और और लीगल एड सोसाइटी द नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी के सदस्यों ने लेबर चौक सेक्टर 22 के पास शक्ति मंदिर रोड का दौरा किया। इस दौरान श्रम कल्याण बोर्ड के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं के बारे में मजदूरों को जागरुक किया गया।

कानूनी जागरुकता कार्यकर्ता शिक्षा दहिया और कानूनी सहायता समिति के अध्यक्ष करण कटारिया ने कहा कि कल्याण बोर्ड जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के बीच की खाई को पाटना बहुत महत्वपूर्ण है। सोसायटी के सदस्यों ने मजदूरों के साथ बातचीत की और आधिकारिक वेबसाइट या कल्याण बोर्ड पर पंजीकरण के अधीन उन्हें मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्हें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जो कि 12 मार्च को आयोजित होने जा रही है उसके फायदे भी बताए। कानून के छात्रों द्वारा लक्षित लाभार्थियों को कई योजनाएं समझाई गई। उन्होंने लगभग 100-150 मजदूरों के साथ बातचीत की। उन्होंने प्रवासी मजदूरों को उक्त लाभों का लाभ उठाने के लिए स्वयं को वेब पोर्टल पर पंजीकृत कराने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए और डेटा एकत्र किया गया था, जिसे गुरुग्राम में मजदूरों की और मदद के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और श्रम कल्याण बोर्ड को भेज दिया गया है। वे उन योजनाओं से अनजान थे जो सरकार ने मजदूरों के कल्याण के लिए प्रदान की थी, इसलिए श्रीकांत शेखर (उन्नति के परियोजना प्रमुख) निक्की झा, सोहम शर्मा, मोनिल मेहता, सिमरन जंगू और सरेशा चावला कानूनी सहायता छात्रा ने प्रक्रिया को समझाया।

# शहीद भगत चौक के सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू

## चौक के सौंदर्यीकरण पर करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना


शुक्रवार को नगर परिषद अधिकारी और सलाहकार शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का निरीक्षण करते।

**नगर** परिषद ने शहर के एतिहासिक शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण कराने की कवायद शुरू कर दी। सौंदर्यीकरण के लिए नियुक्त किए गए मुख्य सहलाकार ने अधिकारियों के साथ फव्वारा चौक का निरीक्षण किया। इस चौक के सौंदर्यीकरण पर करीब दो करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

नगर परिषद अब शहर के एतिहासिक शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक समेत अन्य स्थानों का सौंदर्यीकरण कराने का मन बना लिया है। प्राथमिकता के आधार पर शहर के शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जिसके लेकर करीब एक साल पहले परिषद की तरफ से सलहाकार नियुक्त किया था, लेकिन कोविड काल होने के कारण सौंदर्यीकरण का कार्य कुछ समय के लिए रोक दिया था। परिषद ने कार्य को अंजाम देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मुख्य सलहाकार के साथ परिषद अधिकारियों की टीम ने चौक का निरीक्षण किया। जिसमें परिषद कार्यकारी अभियंता प्रवीण राघव, म्यूनिसिपल इंजीनियर सुशील ठाकरान, म्यूनिसिपल इंजीनियर राजपाल खटाना, सहलाकार, पटवारी सुभाष आदि मौजूद रहे।

**चौक से जाने वाले मार्गों का सौंदर्यीकरण** : शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से नगर परिषद, पुराना बस स्टैंड, शिव कुंड और अस्पताल मार्ग की तरफ जाने वाले मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ताकि चौक का सौंदर्यीकरण 200 से लेकर 500 मीटर दूर से नजर आए। सभी सड़कों के साथ हरियाली के उद्देश्य से पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। जिससे एतिहासिक चौक से शहर में जाने वाला मुख्य मार्ग के चौक सौंदर्यकरण शानदार हो सके। इसके अलावा शहर की अन्य एतिहासिक स्थलों का भी जल्द सौंदर्यकरण कराने की योजना बनाई जाएगी।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**सलाहकार** ने शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का निरीक्षण कर लिया हैं। जिसकी डीपीआर जल्द ही तैयार की जाएगी। ताकि सौन्दर्यीकरण के कार्य की शुरुआत की जाए।

**प्रवीण राघव**
**( नगर परिषद एक्सईएन )**

# हॉट एयर बैलूनिंग व पैरामोटरिंग का लुत्फ उठा सकेंगे विजिटर्स

## दमदमा झील पर आज से शुरू होगा हरियाणा ऐरो स्पोर्ट्स उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/सोहना


दमदमा झील पर एडवेंचर स्पोर्ट की तैयारी का नजारा।

**जिले** के दमदमा झील को एडवेंचर स्पोर्ट्स क्षेत्र के तौर पर विकसित करने के लिए शनिवार से हरियाणा टूरिज्म व एरो क्लब इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय उत्सव का आगाज हो रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के क्रम में शुरू हो रहे इस उत्सव की सभी तैयारियों को शुक्रवार को आयोजकों द्वारा अंतिम रूप दिया गया।

गुरुग्राम जिला में अरावली पर्वत श्रृंखला के नजदीक ऐसे विभिन्न स्पॉर्ट्स हैं, जिनको इको टूरिज्म व एडवेंचर्स स्पोर्ट्स में रूचि रखने वाले लोगों के बीच पर्यटन के रूप में एक नई पहचान देने की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी झीलों में शामिल दमदमा झील पर इन संभावनाओं को मूर्त रूप देने के लिए ही इस दो दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भौगोलिक दृष्टि से यह क्षेत्र राष्ट्रीय राजधानी के निकट है, ऐसे में यहां फुटफॉल का बढ़ना लाजिमी है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार से शुरू हो रहे इस उत्सव में आने वाले विजिटर्स की एंट्री नि:शुल्क रखी गयी है।

उत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न स्पोर्ट्स गतिविधियों में विजिटिर्स को एक निर्धारित सुविधा शुल्क के साथ एक निश्चित ऊंचाई पर हवाई यात्रा का रोमांच देने के लिए हॉट एयर बैलूनिंग व पैरामोटरिंग राइड्स करवाई जाएंगी। पैरामोटरिंग में एक निर्धारित क्षमता के इंजन की सहायता से एक बड़ा एग्जाहॉस्ट फैन हवा को काटते हुए उसके साथ जुड़ी सीटिंग ट्रॉली को आगे धकेलता है। इसका लैंडिंग व टेक ऑफठीक वैसे ही होता है, जैसे किसी आम यात्री प्लेन में होता है। दोनों ही गतिविधियों में सेवाओं का लाभ ले रहे लोगों के साथ गाइड यानी पायलट भी मौजूद रहेंगे।

# नाहरपुर कासन के स्कूल में कंप्यूटर लैब हुई शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहरपुर कासन में स्थानीय कंपनी मिंडा इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत संस्था समर्थ ज्योति स्कूली छात्रों के व्यक्तिगत विकास एवं आधुनिक शिक्षा के साथ समन्वय करने के लिए स्कूल को कंप्यूटर प्रशिक्षणशाला का लोकार्पण किया गया।

मिंडा इंडस्ट्रीज देश की विख्यात ऑटोमोबाइल औद्योगिक इकाइयों में से एक अग्रणी कंपनी हैं। मिंडा इंडस्ट्रीज द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं बाल-शिक्षा को प्रोत्सहित करने के लिए विभिन्य प्रकार कि सामाजिक विकास कार्यक्रमों को समर्थ ज्योति संस्था के माध्यम से संचालित करता हैं। इस अवसर पर कंपनी के ग्रुप सीएचआरओ राजीव कपूर, वीपी एचआर आरएस यादव, सीएसआर हेड गौरव कुमार, रीजनल एचआर हेड प्रवीन सिंह रावत, नाहरपुर कासन ग्राम सरपंच विजयपाल यादव एवं स्कूल के समस्त शिक्षक, छात्र उपस्थित थे। बच्चों द्वारा यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।



गुरुग्राम के नाहरपुर कासन के स्कूल में कंप्यूटर लैब का लोकार्पण करते अतिथि।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : कैनन ने महिला सशक्तीकरण में एक नया अध्याय जोड़ा

## अपने अपनाए गांवों में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए मास्क मेकिंग वर्कशॉप हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर कैनन इंडिया ने अपने द्वारा अपनाए गए गांवों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए एक सशक्त आजीविका का निर्माण करने के लिए अनेक अभियानों की घोषणा की। मौजूदा चुनौतीपूर्ण समय में ग्रामीण महिलाओं की दृढ़ता का निर्माण करते हुए कैनन अपने द्वारा अपनाए गए गांवों में महिलाओं की स्थिर आजीविका और सेहत को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कैनन की 4ई की सीएसआर नीति के तहतए सशक्तीकरण कैनन इंडिया के एडॉप्ट ए विलेज कार्यक्रम का एक मुख्य हिस्सा है। समाज के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगठन अपने द्वारा अपनाए गए गांवों में युवाओं के लिए स्थापित व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रों और महिलाओं के लिए सिलाई सत्रों के माध्यम से अनेक गतिविधियां चला रहा है।

महामारी के बीच ग्रामीण महिलाओं की आजीविका की रक्षा करने के लिए एकजुट होकर खड़े होते हुए कैनन ने अब एक विशेष अभियान चलाया है। जिसके द्वारा महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ेंगी और अपने परिवारों का सहयोग कर पाएंगी। आज के समय मास्क की अहमियत को समझते हुए संगठन ने दक्षिण भारत में बैंगलुरू के पास कैनन इंडिया द्वारा अपनाए गए एक गांव अन्नाडोडी ग्राम की महिलाओं के लिए मास्क-मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इसके पहले बैच में 15 महिलाएं हैं, जो तीन माह की अवधि में 5000 मास्क बनाएंगी। महिला उद्यमियों का निर्माण करने के उद्देश्य से कैनन इन महिलाओं से मास्क खरीदेगा और वो मास्क अपने द्वारा अपनाए गए सभी गांवों में विद्यार्थियों एवं अध्यापकगणों को वितरित करेगा।

इस साझेदारी के बारे में मानबु यामाजाकी, सीईओ एवं प्रेसिडेंट कैनन इंडिया ने कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। मेरा यकीन है कि घर में और समाज में आपके द्वारा किए जाने वाले अभूतपूर्व कार्य की सराहना करने के लिए एक दिन पर्याप्त नहीं। गांवों में महिलाएं जिन चुनौतियों का सामना करती हैं, वो शहरी महिलाओं की चुनौतियों से अलग होती हैं। कैनन में हम अपनी कॉर्पोरेट फिलॉसफी, क्योसेई. सबके कल्याण के लिए मिलकर रहना व काम करना का पालन करते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमारे द्वारा अपनाए गए गांवों में ये अभियान महिलाओं के लिए आजीविका का निर्माण करेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएंगे।

# बिल्डर की लापरवाही सोसायटी निवासियों पर पड़ी भारी

**कविता।** फरीदाबाद

### सोसायटी की बिजली का बिल नहीं भर रहा बिल्डर

### बिल्डर के बिल न भरने पर काट देता है बिजली निगम कनेक्शन



सोसायटी के बाहर का दृश्य

**सेक्टर**-72-73 स्थित ग्रेटर फरीदाबाद की मनसा लॅक्सरी फ्लोर्स जीआईपी रेजीडेंसी में पिछले तीन सालों से रहने वाले निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बिजली का बिल भरने के बाद भी कनेक्शन काट दिया जाता है। आरोप है कि बिल्डर के द्वारा बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा यहां रहने वाले सभी निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

वहीं जब इस विषय में सोसायटी के निवासियों ने एसडीओ से बात की तो उन्होंने बताया कि आपका बिल समय पर जमा नहीं हो रहा है। जिस कारण आपकी बिजली काटी जा रही है। ऐसे में सोसायटी वासियों का कहना है कि वे बिल्डर से बात करते हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में आरडब्ल्यूए ने इस समस्या से निजात दिलवाने के लिए बिल्डर और प्रशासन से मदद की मांग की है।

**53 लाख बकाया:** मनसा लॉक्सरी फ्लोर्स जीआईपी रेजीडेंसी सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान जोगिन्द्र सिंह सोनी ने बताया कि छह माह पहले जीआईपी बिल्डर को बिल का भुगतान कर रहे हैं। परन्तु बिल्डर बिजली विभाग को बिल का भुगतान नही कर रहा था। जिससे 53 लाख रुपये बिल बकाया हो गया था। अब वर्तमान में सोसायटी के निवासी बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं। लेकिन पुराने 53 लाख रुपये के बिल के कारण बिजली काट दी जाती है।

**एग्जाम टाइम में बिजली कट:** आरडब्ल्यूए के एग्जीक्यूटीव मेम्बर मौसम गोस्वामी ने बताया कि सोसायटी में 100 से अधिक परिवार रहते हैं। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर सभी उम्र के लोग शामिल हैं। सोसायटी में बिजली के अलावा किसी और तरह की कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में यदि बिजली कट हो जाती है तो सोसायटी में अंधेरा छा जाता है। बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में उन्हें पढ़ाई करने में असुविधाएं हो रही है।


जोगिन्द्र सिंह सोनी।


मेम्बर मौसम गोस्वामी।


निवासी विजय चौहान।

**बड़ी है समस्या:** सोसायटी के निवासी विजय चौहान ने बताया कि बिजली कट होने से समस्या खड़ी हो जाती है। उनका कहना है कि बिजली न होने से पानी की सप्लाई नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि लगातार पिछले छह-सात महीनों के भीतर उनकी बिजली करीब तीन से चार बार काटी जा चुकी है। बिल्डर को पैसे दिए थे, लेकिन उसने बिजली निगम को जमा नहीं करवाए, जिस कारण हर बार पुराना बकाया बताकर बिजली काट दी जाती है।

# शाही एक्सपोर्ट से 27.61 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में दस आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को भेज दिया जिला जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


पत्रकारों से बातचीत करते पुलिस उपायुक्त नीतीश अग्रवाल।


गिरफ्तार किए आरोपी साइबर ठग।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए साइबर थाना पुलिस प्रबन्धक बसंत की टीम ने शाही एक्सपोर्ट कंपनी के साथ हुई लाइसेंस कूपन 27.61 करोड़ की धोखाधड़ी में 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने में साइबर सेल ने कामयाबी हासिल की है।

पुलिस उपायुक्त नीतीश अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर-28 स्थित शाही एक्सपोर्ट कंपनी के साथ साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर थाना की टीम ने दिल्ली निवासी मनोज व मनीष को 10 दिसम्बर, प्रवीण कुमार और मनीष कुमार को 16 दिसम्बर को गिरफ्तार किया। कर्नाटक निवासी गणेश परशुराम को 23 दिसम्बर, मुंबई निवासी भूषण किशन, संतोष सीताराम, चेन्नई निवासी सुरेश कुमार और दिल्ली निवासी ललित को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनोज लाईसेंसों के ट्रासफर की प्रक्रिया का काम करता था। आरोपी शाही कम्पनी की फर्जी डीएससी बनवाकर कम्पनी के पैसे ट्रांसफर करता था। जिसकी आईडी से शाही कम्पनी के 27.61 करोड़ रुपये का लाइसेंस ट्रांसफर करना पाया गया है। आरोपी प्रवीण कुमार वारदात में प्रयोग दस्तावेजों/संसाधनों को उपलब्ध कराने का काम करता था।

आरोपी मनीष कुमार शाही कम्पनी की फर्जी डीएससी में फोटो बदलने का काम किया था। आरोपी गणेश परशुराम ने अपने नाम पर फर्जी कम्पनी बनाकर शाही एक्सपोर्ट कंपनी से ठगी की है। भूषण किशन ने फर्जी कम्पनी बनाकर मासूक अली को उपलब्ध करवाई थी। मासूक अली की मृत्यु हो चुकी है। राहुल रघुनाथ फर्जी कम्पनी बनाकर भूषण किशन को उपलब्ध करवाई थी। संतोष सीताराम प्रोटेक्शन मनी लेना का काम करता था। आरोपी सुरेश कुमार ने फर्जी कम्पनी बनाकर शाही कम्पनी से लाइसेंस ट्रांसफर करने का काम किया है। आरोपी ललित फर्जी कम्पनी के सीए है।

भारत सरकार द्वारा इंपोर्ट एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए इंसेंटिव स्कीम चलाई जाती है। जिसमें भारत सरकार इंपोर्ट एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों को एक विशेष प्रकार का लाइसेंस प्रदान करती है। जिसके माध्यम से कंपनी को कुछ डिस्काउंट कूपन प्राप्त होते हैं। यह कूपन ठीक उसी प्रकार होते हैं। जैसे पहले मोबाइल रिचार्ज कूपन हुआ करते थे।

जिस प्रकार रिचार्ज कूपन की एक वैल्यू होती थी। उसी प्रकार इन डिस्काउंट कूपन की लाखों रुपये की वैल्यू होती है। जिनका उपयोग करके कंपनी द्वारा कोई सामान इंपोर्ट करने पर कंपनी को इंपोर्ट ड्यूटी में छूट मिल जाती थी। साइबर थाना की टीम ने आरोपियों के सम्बन्ध में जांच की। जिसमें पाया गया की आरोपियों ने बड़ी-बड़ी कंपनियों के इंपोर्ट एक्सपोर्ट कोड प्राप्त करके उनका रिकॉर्ड चेक करते थे। कंपनी के खाते में कुल कितनी रकम के डिस्काउंट कूपन उपलब्ध है। इसके पश्चात उस कंपनी के डायरेक्टर के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करके उन्हीं फर्जी दस्तावेज से फर्जी व्यक्ति का वीडियो शूट करवाकर फर्जी लाइसेंस तैयार करवाते थे।

इस फर्जी डीएससी का प्रयोग उपयोग करके असली कंपनी की जानकारी के बिना उसके विदेश व्यापार के बदले प्राप्त छूट लाइसेंसों को धोखाधड़ी से अपनी फर्जी कंपनी के नाम ऑनलाइन ट्रांसफर कर लेते थे। आरोपियों से पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपियो को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# केन्द्रीय मंत्री ने किया यूक्रेन से लौटे विद्यार्थियों का स्वागत


यूक्रेन से लौटे छात्रों का स्वागत करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने शुक्रवार को गाजियाबाद में एयरफोर्स के हेण्डन एयरपोर्ट पर विशेष विमान से यूक्रेन से लाए गए 213 विद्यार्थियों का सरकार की तरफ से स्वागत किया।

केन्द्रीय उर्जा और भारी उद्योग विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का स्वर्णिम भविष्य है और इनकी रक्षा करना सरकार का प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यूक्रेन में फंसे देश प्रदेश के निवासियों व छात्रों की सहायता के लिए मंडल आयुक्त कार्यालय फरीदाबाद में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। किसी भी मदद व जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष लगातार 24 घंटे कार्य कर रहा है। नियंत्रण कक्ष के लिए टेलीफोन नंबर 0129-2981617 जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन में फंसे हरियाणा राज्य के निवासियों व छात्रों की सहायता के लिए मंडल आयुक्त कार्यालय फरीदाबाद में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष लगातार 24 घंटे कार्य कर रहा है। इस नियंत्रण कक्ष के लिए टेलीफोन नंबर 0129-2981617 जारी किया गया है। इस कंट्रोल रूम को सुचारू रूप से चलाने के लिए कर्मचारियों की अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी भी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में किसी भी व्यक्ति को यूक्रेन में फंसे हुए किसी भी व्यक्ति या छात्र से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करनी है अथवा सहायता की आवश्यकता है तो वह 24 घंटे किसी भी समय इस नंबर पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने आगे बताया कि इस कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की इस कंट्रोल रूम में ड्यूटी लगाई गई है। पहली शिफ्ट में प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। दूसरी सिफ्ट में दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मुख्य** न्यायिक दंड अधिकारी मंगलेश कुमार चौबे ने कहा कि स्थानीय न्यायिक परिसर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला में जिसके भी करोडों के लेन देन के मामले हैं। वो लोग मिडिएशन सेंटर में अपने मामले को ला सकते हैं। जहां पर उनके मामलें को जल्द-से-जल्द निपटारा हो जाता है। यहां पर उनके धन और समय दोनों की बचत होती है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल कोर्ट एक्ट 2015 की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई है कि देश भर में बड़ी कंपनियों के आपसी विवाद का जल्द-से-जल्द निपटारा हो सके। इसका उद्देश्य ये है कि देश में आर्थिक गतिविधियां अधिक से अधिक बढ़ें। माना जाता है कि किसी भी बड़ी कंपनी या संस्थान के आपसी विवाद की वजह से बहुत से अन्य लोग तो प्रभावित होते ही हैं।

चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट जिला लीगल सर्विस एवं नोडल अधिकारी मिडिएशन और कौंसिल सेन्टर मंगलेश कुमार चौबे ने कानूनी सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## घुमंतू जाति के लोगों के लिए लगाए कैंप

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर रहने वाले घुमंतू जाति के लोगों को परिवार पहचान पत्र, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, डोमिसाईल जैसे जरूरी दस्तावेज मुहैया करवाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इसके लिए सभी घूमंतू जाति के लोगों से पहले जरूरी दस्तावेजों की जांच करने के उपरांत ही यह सुविधा दी जाएगी। उपायुक्त जितेंद्र यादव शुक्रवार को लघु सचिवालय में इस विषय पर आयोजित मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि घुमंतू जाति के लोगों को सरकारी सुविधाएं मिलें इसके लिए उनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं होते। इसी वजह से वह कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में इन लोगों को जरूरी दस्तावेज देने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं।

# एस्कॉर्ट्स ग्रुप ने भेंट की नौ एंबुलेंस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 21-सी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से एस्कोर्टस कंपनी द्वारा पेट्रोलिंग के लिए दी गई गाड़ियों को झंडी दिखा कर रवाना करते पुलिस उपायुक्त नीतीश अग्रवाल।

**एस्कॉर्ट** कंपनी ने फरीदाबाद पुलिस को पेट्रोलिंग के लिये 9 अर्टिगा गाड़ियां आपकी सुरक्षा-आपके साथ, प्रोग्राम के तहत सोशल सेस फंड से भेंट की। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नीतीश अग्रवाल ने पुलिस आयुक्त मुख्यालय सैक्टर-21-सी से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

साहयक पुलिस आयुक्त मुख्यालय संदीप मोर के साथ एस्कॉर्ट ग्रुप के मुख्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा अधिकारी विरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य बिक्री अधिकारी मारुति ऑटो नेशन सेक्टर-फरीदाबाद मयंक शर्मा, राजेश वर्मा सुरक्षा अधिकारी और मुख्य मानक संसाधन अधिकारी अमित सिंघल, के अलावा कम्पनी के अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग के अन्तर्गत चलाये गये अभियान "आपकी सुरक्षा-आपके साथ" के तहत एस्कॉर्ट ग्रुप के चेयरमैन ने पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए 9 अर्टिगा कारें दी है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया की उपायुक्त नीतीश अग्रवाल ने बताया कि ये और 9 गाड़ियां पुलिस बेड़े में बढ़ने से वाहनों की कमी काफी हद तक कम होगी। पुलिस अब और अधिक तत्परता से कार्य करते हुए जनता/पीड़ित की मदद करने के लिए मौके पर जल्दी पहुंच सकेगी। साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ेगी और अपराध में भी कमी आएगी, जिससे पब्लिक का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# तोड़े जाएंगे सेहतपुर स्कूल भवन के 18 कमरे

### निर्माण में लाखों रुपये की हेराफेरी होने पर ग्रामीण ने दी थी शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेहतपुर के सरकारी स्कूल में बनी 18 कमरों की दो इमारते और किचन।

**गांव** सेहतपुर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए 18 कमरे और किचन शुक्रवार को नीलाम हो गए। घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करके इन कमरों का निर्माण करवाया गया था। वर्षों पुराने इस मामले में कार्रवाई के लिए भागदौड़ कर रहे गांव सेहतपुर निवासी भूपेंद्र सिंह ने भी राहत की सास ली है।

कमरों के खरीददार को ये कमरे तोड़ कर मलवा तीन महीने में हटाना होगा और 10 से 15 दिनों में रुपये जमा कराने होंगे। वहीं इस बिल्डिंग को तैयार करने के आरोप में सस्पेंड चल रहे यतिंद्र शास्त्री के होश उड़े हुए हैं, क्योंकि सरकार ने इस बिल्डिंग के मामले में ही 37 लाख रुपये रिकवरी करने के आदेश दे रखे हैं।

**यह है पूरा मामला:** वर्ष 2013 में गांव सेहतपुर में सीनियर सेकंडरी स्कूल में 18 कमरों की दो बिल्डिंग बनकर तैयार हुई थी। यह बिल्डिंग उस समय डीडी पावर के साथ प्रिंसीपल का काम कर रहे अध्यापक यतिंद्र शास्त्री के समय बनी थी। बिल्डिंग में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर लाखों रुपये की हेराफेरी की गई थी। यह मामला चर्चा में आने के बाद ग्रामीण भूपेंद्र सिंह ने शिकायत की थी और इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उनकी शिकायत पर 2017 में कुरुक्षेत्र की एक एजेंसी से बिल्डिंग की जांच कराई गई। एजेंसी ने रिपोर्ट सौंपी की कि बिल्डिंग में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है और यह बिल्डिंग अधिक समय तक नहीं चल सकेगी। 2019 में बिल्डिंग को तोड़ने के आदेश हो गए, लेकिन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा और शिक्षा विभाग और मौलिक निदेशक कार्यालय के अधिकारियों की अनदेखी और आरोपी लोगों का साथ देने के चलते कार्रवाई ढीली चलती रही। शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी के आने के बाद इस शिकायत पर काम हुआ। उधर भूपेंद्र भी शांत नहीं बैठे और उन्होंने यह मांग लगातर उठा कर रखी। उनकी भागदौड़ का असर ये हुआ कि शुक्रवार को ये 18 कमरे 10 लाख 56 हजार रुपये में बृजेश ने खरीद लिए हैं। नियमानुसार बिल्डिंग तीन महीने में तोड़ कर देनी है। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय से सीएम विंडो कंप्लेंट वापस हो गई है। उसके खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही गबन किए गए 37 लाख रुपये रिकवरी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं विशेष बात यह है, कि इस इमारत में लड़कियों के लिए शौचालय और अन्य विशेषताएं उपलब्ध नहीं करवाई गई, जबकि इसका खर्च दर्शा दिया गया।

# बल्लभगढ़ में विकास कार्यों का किया शुभारंभ


बल्लभगढ़ में विकास कार्य का शुभारंभ करते बुजुर्ग।

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के वार्ड-38 में प्रदेश के परिवहन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने कालोनी वासियों को एक करोड़ रुपये की धनराशि के विकास कार्यों की सौगात दी।

उन्होंने 12 सड़कों को आरएमसी से बनाने के कार्य का शुभारंभ कालोनी में किया। कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय लोगो के हाथों नारियल तुड़वाकर कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में चहुंमुखी विकास कार्यों की कमी नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास धन की कमी नहीं है। परिवहन मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा के बल्लभगढ़ की जनता को शुगम यातायात देने के लिए वह मोहना रोड पर एलिवेटेड पुल का निर्माण कराने जा रहे हैं ताकि वे अपने किसी भी काम से बाजार और शहर में आते जाते जाम में ना फंसे।

## संक्षिप्त समाचार

### चयनित खिलाड़ी हुए प्रतियोगिता के लिए रवाना



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से हरियाणा मिक्स नेटबॉल की टीम आर्यमन पब्लिक स्कूल, नजफगढ़, दिल्ली में आयोजित की जा रही सीनियर नेशनल मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। खिलाड़ियों का चयन फरीदा बाद के मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 में लगाए गए कोचिंग कैंप के आधार पर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलिमा जैन ने सभी खिलाड़ियों को किट वितरित किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी बहुत आवश्यक है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। इस अवसर पर भूतपूर्व जिला खेल अधिकारी सुनील भारद्वाज संस्था के महासचिव रमन शर्मा, नीरज शर्मा कोषाध्यक्ष, राधेलाल, नरूला, बलदेव व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए सुनील भारद्वाज ने उन्हें प्रोत्साहित करते हुए अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया उनमें मनीषा, याना, स्वाति, मानसी, अपराजिता, अराजव, प्रियांशु ,सागर, सार्थक, उम्र वीर, प्रथम और रिया और टीम कोच के रूप में दिगंबर और मैनेजर के रूप में सुषमा सिंह टीम के साथ रवाना हुए। संचालन सह सचिव एसके दलाल ने किया।

### पब्लिक हेल्थ ऑपरेटरों ने श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित संगठन पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा के बैनर तले आज जिलाध्यक्ष आर सी कटोच जी की अध्यक्षता में आयोजित श्रमायुक्त कार्यालय के गेट पर विशाल प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर के कर्मचारी। प्रदर्शन के उपरांत भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से अप्रैल, 2020 में बनी सहमति के उपरांत भी पंचायत और नगर निकाय अभी भी न्यूनतम वेतन कर्मचारी को नहीं दे रहीं हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से बाबू आर्य टूरिज्म अध्यक्ष हरियाणा, मटरू लाल नेता, नरेंद्र चौहान, बलजीत, जिला ग्राम प्रधान सुंदर भड़ाना, जिला सचिव नवल किशोर, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश भाटी, हसन खान, बहन सुरेंद्र कौर, खजांची प्रमोद गोयल सहित बड़ी संख्या में ऑपरेटर साथियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। मंच संचालन जिला मंत्री बीएमएस नीरज त्यागी ने किया। रमेश मेहरानिया, सुंद्रियाल आदि लोगों ने कर्मचारियों की हौसला अफजाई की।

### शातिर झपटमार गिरफ्तार, सात मामले सुलझे

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने आरोपी मोनू को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोनू स्थाई रुप से बिहार के जिले सुजुगाड़ा के गांव जजवाड़ा तथा अस्थाई रुप से फरीदाबाद के मुजेसर के सेक्टर-24 में रहता है। आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित एनआईटी से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी से पता चला की आरोपी ने फरीदाबाद में 5 स्नैचिंग के और 2 चोरी के मुकदमों का खुलासा हुआ है। आरोपी ने थाना एनआईटी में 5 स्नैचिंग के मुकदमों में, थाना कोतवाली और बीपीटीपी में एक-एक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया।

### ट्रैफिक हवलदार ने गुम हुआ मोबाइल मालिक को लौटाया

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस में तैनात पुलिसकर्मी के द्वारा गुमशुदा मोबाइल को उसके मालिक को लौटाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैफिक प्वाइंट वाईएमसीए पर तैनात पुलिसकर्मी नाका पर ड्यूटी कर रहा था। उसे ड्यूटी पर आज समय करीब 11.00 बजे एक मोबाईल फोन पड़ा हुआ मिला। जिसको उसने अपने पास रख लिया। जिसपर एक फोन प्राप्त हुआ की यह मेरा फोन है जिसको पुलिस कर्मी ने फोन का नाम पूछा तो वही फोन था जिससे बात हो रही थी। पुलिसकर्मी ने बताया कि वह ट्रैफिक पुलिस में तैनात है उसकी ड्युटी वाईएमसीए पर है और उसका फोन उसके पास है।

### स्टार्ट-अप के प्रोत्साहन को इंटर्नशिप नियमों में करेंगे बदलाव

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को इनोवेटिव स्टार्ट-अप पर काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद जल्द ही अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए अनिवार्य इंटर्नशिप नियमों में संशोधन करेगा। कुलपति प्रो. एसके तोमर की अध्यक्षता में आयोजित रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन प्लेसमेंट, कॉर्पोरेट और एलुमनाई अफेयर प्रो. विक्रम सिंह और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ संजीव कुमार के साथ उनकी टीम के असिस्टेंट ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. सपना तनेजा, प्रशांत कुमार और डॉ भावना भी उपस्थित थे। प्लेसमेंट के रुझान के बारे में पूछे जाने पर प्रो. विक्रम ने बताया कि अधिकांश कंपनियां आईटी, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्रों की भर्ती के लिए विश्वविद्यालय का दौरा करती हैं। हाल ही में, प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने दिल्ली और नोएडा में अपने अनुसंधान और विकास केंद्रों के लिए 70 से अधिक इंजीनियरों को भर्ती किया है। कुशल इंजीनियरों की उच्च मांग और उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव के कारण प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा कैंपस ड्राइव में अंत:विषय दृष्टिकोण भी दिखाई दे रहा है। अब कंपनियां इंजीनियरिंग के साथ-साथ विज्ञान विषयों के छात्रों में भी रूचि दिखा रही है। हाल ही में एक प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माण कंपनी द्वारा सिविल इंजीनियर्स की भी भर्ती की गई है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उत्पन्न हो रहे है।

### चार राज्यों में भाजपा की जीत पर नड्डा को दी बधाई


**फरीदाबाद।** देश के 5 राज्यों की विधानसभाओं में हुए चुनावों में 4 राज्यों में जीत दर्ज करने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को उनके दिल्ली स्थित कार्यालय पर जाकर मुबारकबाद दी। श्री बबली ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से भगवा लहराया है। बबली ने कहा कि चुनावों के मद्देनजर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे, मगर 4 राज्यो में हुई भाजपा की जीत ने सभी पर विराम लगा दिया है। वोटर्स ने अपने मत का प्रयोग देश हित में किया है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा एवं मणिपुर चुनाव नतीजों ने भारतीय राजनीति की कई बनी-बनाई धारणाओं को ध्वस्त कर दिया है। इन नतीजों ने यह तय कर दिया है कि अब वोटर्स सियासत की बनी बनाई वक्रपटुता का नहीं, बल्कि सोशल मीडिया का है। सोशल ट्रेंड के दौर में मतदाता नेता को लेकर अपनी राय बनाने में देर नहीं लगाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सुरेन्द्र शर्मा बबली का धन्यवाद जताया और कहा कि आप जैसे लोगों के सहयोग एवं शुभकामनाओं का ही यह परिणाम है, जो भारतीय जनता पार्टी विराट जीत हासिल कर पाई है।

### परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र आज से होंगे लाईवः डीसी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय मीन्स कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा का आयोजन 20 मार्च, 2022 (रविवार) से किया जाएगा। इस परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षार्थी आज यानी 11 मार्च, 2022 से बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in से डाउनलोड कर सकते हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक/एडमिट कार्ड आज 11 मार्च, 2022 से बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध होंगे। पात्र परीक्षार्थी आधार नम्बर व जन्म तिथि भरकर अपना प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) पर दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढक़र व समझकर उनका पालन करना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार केन्द्रीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी इस परीक्षा के लिए पात्र नहीं हैं।

## विधानसभा चुनाव
### राजनीति का नया युग

**विधानसभा** चुनाव नये युग की राजनीति का संकेत दे रहे हैं। पांच विधानसभा चुनावों के नतीजों ने उन लोगों को निराश किया जिनकी राजनीति नहीं चली। इसका अर्थ केवल भाजपा का जीतना या विपक्ष द्वारा उसे हराने का प्रयास नहीं है। इसका संबंध राजनेताओं व बुद्धिजीवियों से है जो स्वयं को नये युग की राजनीति के अनुसार ढाल रहे हैं जिसका अतीत से संबंध बहुत कम है। पंजाब में भाजपा मुख्य मुकाबले में नहीं थी। लेकिन बाकी पांच राज्यों में से चार में भाजपा सत्ताविरोधी-लहर का सामना कर रही थी। परिणामों के केवल दो अर्थ हो सकते हैं। जनता ने इसे या तो पूरी तरह अनदेखा किया या वह विकल्पों से निराश थी। एक तीसरा कारण यह भी हो सकता है कि भाजपा ने धीरे-धीरे दक्षिणपंथी राजनीति का एक ब्रांड बनाने में सफलता प्राप्त की है। दिल्ली में पार्टी सात साल पहले सत्ता में आई थी और उसने राज्यों में अपना विस्तार किया है। यह विचार करने का समय आ गया है कि ऐसा क्यों हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र में अनेक आयाम सामने आए हैं जिनमें सांप्रदायिकता से लेकर राष्ट्रवाद, कांग्रेस का पतन व संयुक्त विपक्षी नेतृत्व का अभाव तथा सामाजिक पुन: इंजीनियरिंग से लेकर धार्मिक कट्टरता तक शामिल हैं। अच्छा समझें या बुरा, भाजपा ने अपना रास्ता तय कर लिया है। विपक्षी पार्टियों को तय करना है कि इनमें से कौन सा तत्व या तत्वों का मिश्रण भाजपा को लाभ पहुंचा रहा है। इसके बाद उनको सत्तारूढ़ पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी



रणनीति तय करनी होगी। भाजपा नेता मंदिर जाते हैं और जनता उनको वोट देती है। आप नेता भी यही काम करते हैं और वोट पाते हैं। कांग्रेस नेता इससे कुछ अलग नहीं करते हैं, पर वे वोट खोते हैं। ऐसे में विचार करना होगा कि बहुसंख्यकवाद, सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता के बीच समीकरण कैसे काम करते हैं? ऐसे में कल्याणवाद का क्या स्थान है?


उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में सभी समुदायों को नकद हस्तांतरण तथा मुफ्त राशन का लाभ मिला। लेकिन केवल इससे लाभार्थियों का मतदान पैटर्न प्रभावित नहीं हुआ और इसमें कुछ अन्य तत्वों की भूमिका भी रही। इस पहेली के समाधान से ही राष्ट्रीय राजनीति का अगला चरण निर्धारित हो सकता है। केवल सेक्युलरवाद व रूढ़िवाद जैसे शब्दों का प्रयोग करने से किसी को लाभ नहीं होगा। कांग्रेस को इस मामले में पहले पहल करनी होगी क्योंकि उसे सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है। देश में आज कोई विरासत की राजनीति स्वीकारने को तैयार नहीं है। यहां युवा बहुमत में हैं और अपनी महत्वाकांक्षायें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके पास यह जानने का समय और जिज्ञासा नहीं है कि किसी के पूर्वजों ने क्या किया और क्या प्राप्त किया। ये परिणाम कांग्रेस को चेतावनी देते हैं कि अतीत की उपलब्धियों पर राजनीति नहीं हो सकती है। पंजाब में हाराकिरी और उत्तराखंड इस बात के उदाहरण हैं कि जनता नेताओं के नौसिखियेपन के साथ विरासत पर उनके घमंड के भी खिलाफ है। पार्टी को आगामी संगठनात्मक चुनावों में नेतृत्व बनाए रखने का औचित्य सिद्ध करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। उसे अपने भीतर के 'संशोधनवादी' समूह से निपटना होगा जिसने अब तक 'प्रथम परिवार' की अनदेखी या उसकी रक्षा की है। लेकिन वह जनता से इनकी रक्षा कैसे करेगा? कांग्रेस ने पंजाब में एक मुख्यमंत्री बदला और एक नौसिखिये ने उसे रसातल में पहुंचा दिया। भाजपा ने उत्तराखंड में दो मुख्यमंत्री बदले और इसके बाद चुनाव-पूर्व पसंद की जा रही कांग्रेस को हरा दिया। कुल मिला कर राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस को उभरती हुई आप की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। क्या अरविंद केजरीवाल की पार्टी भाजपा का सौम्य वैचारिक क्लोन है या वह कांग्रेस की विश्वसनीय प्रति है ओर उसके अधूरे काम पूरे करना चाहती है।

# रूस का यूक्रेन पर विनाशकारी हमला

### रूस की जनता भी इस युद्ध के लिए तैयार नहीं थी क्योंकि हमले को रबर स्टांप समझे जाने वाले व जन-प्रतिनिधित्व से दूर उच्च सदन द्वारा अनुमति दी गई।



**पी. के. वासुदेव**
(लेखक विवेकानंद इंटरनेशल फाउंडेशन में प्रोफेसर हैं)



यूक्रेन पर रूस का हमला संभवत: रूस की ओर से यूरोप में युद्ध की शुरुआत है जिसका उद्देश्य नाटो का पूरब की ओर विस्तार रोकना है। यूक्रेन पर रूस के बड़े हमले की शुरुआत यूक्रेनी सैनिक ठिकानों पर हवाई व मिसाइल हमलों से हुई और इसके बाद सैनिक व टैंक देश की उत्तरी, पूरबी व दक्षिणी सीमाओं से भीतर घुसे। अनेक मोर्चों पर यूक्रेनी सेना ने जवाबी युद्ध किया, पर वह नाटो के सीधे समर्थन के अभाव में शक्तिशाली रूसी हमले को रोकने में विफल रही। 2014 में क्रीमिया पर हमले के बाद से ही यूक्रेन पिछले लगभग आठ साल से रूस से आक्रमण के भय में जी रहा था। लंबे समय से रूस और यूक्रेन में टकराव जारी था। रूस यूक्रेन को अपने देश का हिस्सा मानता था और यूक्रेन के पश्चिम से बढ़ते संबंधों का विरोध कर रहा था। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पूर्व सोवियत संघ गणतंत्र पर पुन: कब्जा करना चाहते थे। उन्होंने यूक्रेनी सेना से अपने हथियार रख देने की अपील की। 1991 में विघटन से पहले रूस और यूक्रेन सोवियत समाजवादी गणतांत्रिक संघ-यूएसएसआर के सदस्य थे जिसमें 15 गणतंत्र शामिल थे।

रूस और यूक्रेन के बीच काफी समय से तनाव बढ़ रहा था और यह 2021 की शुरुआत से ही काबू से बाहर हो गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से पिछले साल जनवरी में प्रार्थना की थी कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की अनुमति दी जाए। इस पर रूस बहुत गुस्सा हो गया और उसने पिछले साल वसंत में यूक्रेनी सीमा के निकट अपने सैनिक 'प्रशिक्षण अभ्यास' के लिए भेजने शुरू किए और बाद में उनकी संख्या और बढ़ा दी। अमेरिका ने रूसी सैनिकों की तैनाती पर काफी शोर-शराबा मचाया तथा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन पर हमले की स्थिति में रूस पर भारी प्रतिबंध लगाने की धमकी दे डाली।

रूस अमेरिका से विधिक रूप से लागू करने योग्य ऐसी संधि चाहता था कि नाटो बल पूर्वी यूरोप व खासकर यूक्रेन में कोई सैनिक कार्रवाई नहीं करेंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के अनुसार यूक्रेन केवल अमेरिका का मुहरा है और वैसे भी वह वास्तविक संप्रभुता के रूप में कभी देश नहीं था। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि रूस और यूक्रेन के बीच टकराव फूट पड़ा है। रूस ने पहले यूक्रेन पर 2014 में हमला किया था। यह तब हुआ था जब पुतिन-समर्थक अलगाववादियों ने पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया था और वे हमले के बाद से ही यूक्रेनी सेना से युद्ध कर रहे थे। उसी समय रूस ने क्रीमिया पर भी कब्जा कर लिया था। यूक्रेन के रूस के साथ व्यापक सामाजिक व सांस्कृतिक संबंध हैं और वहां रूसी व्यापक रूप से बोली जाती है, लेकिन यूक्रेन पर रूस के 2014 में हमले के बाद से इन संबंधों में खटास पैदा हो गई थी। 2014 की शुरुआत में जब यूक्रेन के रूस-समर्थक राष्ट्रपति चुनाव में पराजित हुए तब रूस ने आक्रामकता दिखाई थी।

अनुमान है कि पूर्वी क्षेत्रों में लगातार जारी युद्ध के कारण 14,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच दोनबास क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में लगातार जारी हिंसक झड़पें रोकने के लिए मिंस्क में शांति समझौता हुआ था जिस पर रूस और यूक्रेन ने हस्ताक्षर किए थे। लेकिन इसके बावजूद टकराव जारी रहा और रूस ने कहा कि वह प्रभावित क्षेत्र में 'शांतिरक्षकों' को भेज रहा है। रूस तथा यूरोपीय संघ के साथ सीमायें साझा करने वाले यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव का प्रभाव यूरोपीय संघ पर भी पड़ सकता है। यही कारण है कि यूरोपीय संघ ने रूसी फर्मों के खिलाफ दंडात्मक उपाय करने में अमेरिकी घोषणा का साथ दिया है जिनमें से अधिकांश देश नाटो के सदस्य हैं।

रूस ने 44 मिलियन लोगों के यूरोपीय लोकतंत्र यूक्रेन पर वायु, थल व जल से विनाशकारी हमला बोला है। महीनों तक रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन इनकार करते रहे कि वे अपने पड़ोसी पर हमला बोलेंगे, लेकिन उन्होंने शांति समझौता तोड़ कर यूक्रेन पर उत्तर, पूरब और दक्षिण की ओर से हमला बोल कर उसकी सीमायें पार कीं। मरने वालों की संख्या बढ़ने के कारण अब उन पर यूरोप में शांति भंग के आरोप लग रहे हैं। भविष्य में होने वाली घटनाओं से पूरे महाद्वीप के सुरक्षा ढांचे को खतरा पैदा हो सकता है। पहले हवाईअड्डों व सेना मुख्यालय पर हमला किया गया जो यूक्रेन में शहरों के निकट थे। इसके बाद कीव के मुख्य बोरिस्पिल इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी निशाना बनाया गया। इसके बाद यूक्रेन में पूर्वोत्तर में 1.4 मिलियन लोगों के शहर खारकीव के पास से टैंक और सैनिक प्रवेश करने लगे। इसी तरह पूरब में लुहांस्क के निकट, उत्तर में पड़ोसी बेलारूस से तथा दक्षिण में क्रीमिया से भी हमले शुरू हो गए। इसके बाद कीव के ठीक बाहर एक प्रमुख हवाईपट्टी पर तथा यूक्रेन के बड़े बंदरगाह शहरों ओडेसा व मारियोपोल में भी रूस के छाताधारी सैनिक उतरे। कुछ ही दिनों के भीतर रूस यूक्रेन की राजधानी कीव पर कब्जा कर सकता है और वह दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा कर चुका है। इसके बाद पुतिन अपनी पसंद की एक मुहरा सरकार गठित कर युद्धविराम की घोषणा कर सकते हैं। यह यूक्रेन के लोगों तथा महाद्वीप के बाकी लोगों के लिए भी भयानक समय है क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार एक बड़ी शक्ति यूरोपीय पड़ोसी पर हमला कर रही है। इसका विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा जिसमें रूस और भारत भी शामिल हैं जहां ईंधन के दामों में पहले ही 12 रुपये की वृद्धि हो चुकी है।

इस हमले के रूस व यूक्रेन के पड़ोसियों पर विपरीत प्रभाव हो सकते हैं। लातविया, पोलैंड व मोलदोवा बड़े पैमाने पर शरणार्थियों के लिए तैयार हो रहे हैं। लिथुआनिया और मोलदोवा में आपातकाल लागू है जहां हजारों महिलायें और बच्चे पहुंच चुके हैं। रूस की जनता भी इस युद्ध के लिए तैयार नहीं थी क्योंकि हमले को रबर स्टांप व जन-प्रतिनिधित्व से दूर संसद के उच्च सदन द्वारा अनुमति दी गई। नाटो ने अपने लड़ाकू विमान तैयार रखे हैं, पर पश्चिमी गठबंधन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यूक्रेन में संघर्षरत सेनाओं को को कोई विमान नहीं दिए गए हैं। इसके बजाय उसने सलाहकार, हथियार तथा फील्ड अस्पतालों के रूप में सहायता दी है। बाल्टिक राज्यों व पोलैंड में 5,000 नाटो सैनिक तैयार रखे गए हैं। इसके अलावा 4,000 सैनिक रोमानिया, बुल्गारिया, हंगरी और स्लोवाकिया भेजे गए हैं। इसके बजाय पश्चिमी देश रूस की अर्थव्यवस्था, उद्योग व व्यक्तियों पर निशाना लगा रहे हैं। यूरोपीय संघ ने पूंजी बाजारों तक रूसी पहुंच सीमित की है तथा उसके उद्योग को नवीनतम तकनीक से वंचित किया है। इसके साथ ही रूस के 351 सांसदों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है जिन्होंने विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र को रूसी मान्यता का समर्थन किया था।


जर्मनी ने रूस की नार्ड स्ट्रीम 2 गैस पाइपलाइन की सहमति स्थगित कर दी है जिसमें रूस तथा यूरोपीय कंपनियों का भारी निवेश है। अमेरिका ने कहा है कि वह रूसी सरकार को पश्चिमी वित्तीय संस्थानों से अलग कर देगा तथा उच्चपदस्थ 'विशिष्ट लोगों' पर निशाना लगाएगा। ब्रिटेन ने कहा है कि सभी बड़े रूसी बैंकों की परिसंपत्तियां जब्त की जाएंगी, 100 व्यक्तियों व उद्यमों पर निशाना लगाया गया है तथा रूस की राष्ट्रीय एयरलाइन एयरोफ्लोत के भी ब्रिटेन में उतरने पर प्रतिबंध लगेगा। यूक्रेन ने अपने सहयोगियों से रूसी तेल और गैस खरीदना बंद करने का अनुरोध किया है। तीन बाल्टिक देशों ने पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस की बैंकिंग व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्विफ्ट भुगतान व्यवस्था से अलग करने का अनुरोध किया है। लेकिन इसका अमेरिकी व यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। रूसी शहर सेंट पीटर्सबर्ग में इस साल सुरक्षा कारणों से चैम्पिन्स लीग फाइनल नहीं होगा। यूरोप की फुटबाल गवर्निंग संस्था युइफा भी कुछ कदम उठाने पर विचार कर रही है।

पुतिन चाहते हैं कि नाटो उन सदस्य देशों से अपने बल तथा सैनिक ढांचे हटा ले जो गठबंधन में 1997 के बाद शामिल हुए हैं तथा 'रूस की सीमाओं के निकट आक्रामक हथियार' न तैनात किए जांए। इसका अर्थ मध्य यूरोप, पूर्वी यूरोप व बाल्टिक देश हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अनुसार, पश्चिम ने 1990 में वादा किया था कि नाटो का 'पूरब की ओर एक इंच भी विस्तार नहीं होगा', लेकिन उसने ऐसा किया है।

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक

> भारत को विश्व स्तरीय रक्षा निर्माण सुविधाएं स्थापित करना होगा जो घरेलू बाजार को पूरा करें व रणनीतिक सहयोगियों के लिए निर्यात के स्रोत के तौर पर स्थापित हों।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



जैसे ही यूक्रेन का आक्रमण अपने दूसरे सप्ताह में प्रवेश करता है, जिसमें मंद पड़ने के कोई संकेत नहीं हैं, भविष्य की एक निश्चित भावना उभरने लगी है। सबसे पहले, दुनिया ने हथियारों का आह्वान किया है, शुरुआत में, अड़चनों के लिए एक निवारक के रूप में, लेकिन बाद में आर्थिक और मांसपेशियों के दबदबे को बढ़ाने के लिए। जर्मनी, एक मूक और निहत्थे यूरोपीय शक्ति, ने साल दर साल अपने रक्षा खर्च को बढ़ाने का पक्का लक्ष्य दिया है। यह संभावित रूप से इसके कई यूरोपीय पड़ोसियों को सुरक्षा उद्देश्यों के लिए अमेरिका (या नाटो) पर अपनी निर्भरता की समीक्षा करने के लिए उकसा सकता है। सुदूर पूर्व में, जापान ने अपने परमाणु हथियार की मेजबानी के लिए अमेरिका को खुले तौर पर उद्धृत करने के लिए अपने परमाणु बम के बाद के कलंक को छोड़ दिया है। प्रशांत से हिंद महासागर तक फैला हुआ विस्तार राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में बड़े बदलाव की ओर देख रहा है। दूसरा परिणाम विश्व व्यवस्था का पूर्ण पतन है। 21वीं सदी का पहला दशक उन्नत प्रौद्योगिकी हथियारों से लेकर जलवायु परिवर्तन, महामारी और पारंपरिक युद्ध तक मानव प्रगति की सीमाओं का लगभग परीक्षण कर रहा है। पिछले दो वर्षों ने मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप विकसित होने वाले जैविक खतरों पर प्रतिक्रिया करने की मानवता की क्षमता का परीक्षण किया है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के कई उद्देश्यपूर्ण आलोचकों ने संयुक्त राष्ट्र की यूरोकेन्द्रितता पर सवाल उठाया है।

कोविड महामारी के चरम पर भी इसी तरह की आलोचना के घेरे में आ गया था। इन वैश्विक निकायों के लिए यह




सबक है कि इस प्रणाली को पूरी तरह से बदल दिया जाए और भारत जैसी अधिक सशक्त आवाजों को अधिक बोलने की अनुमति दी जाए। वैश्विक निकायों की अवहेलना ने यह भी सुनिश्चित किया है कि नाटो जैसे पुराने गठबंधनों पर तेजी से सवाल उठाए जा रहे हैं और अमेरिकी नेताओं को किसी और के युद्धों पर अमेरिकी पैसा खर्च करने के लिए अपने घरेलू निर्वाचन क्षेत्र से कठिन सवालों का सामना करना पड़ेगा। यह हमें भारत के भविष्य और उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक प्रश्न पर लाता है। अभी तक भारत यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे तनाव पर सीधे तौर पर हस्तक्षेप करने या कोई सार्वजनिक टिप्पणी करने से दूर रहा है। भारत दोनों देशों के साथ जुड़कर अपने अधिकांश मेडिकल छात्रों को युद्ध क्षेत्र से बाहर निकालने में कामयाब रहा है। रूस पर भारत की सैन्य निर्भरता एक सर्वविदित तथ्य है। हालांकि, इस विषम संबंध को कम करने के लिए अभी एक निर्णय लेने की आवश्यकता है।

भारत के प्रधान मंत्री ने अगले 25 वर्षों में भारत के विकास के लिए एक सर्वांगीण आत्मनिर्भरता लक्ष्य का आह्वान किया है। इसमें भारत में विश्व स्तरीय रक्षा निर्माण सुविधाएं स्थापित करना शामिल है जो न केवल घरेलू बाजार को पूरा करती है बल्कि रणनीतिक सहयोगियों के लिए निर्यात घर के रूप में भी काम करती है। दुनिया यूक्रेन में निर्भरता की भयावहता को देख रही है, जहां ज्वलनशील रासायनिक कॉकटेल से भरी कांच की बोतलों का इस्तेमाल भारी शस्त्रागार और टैंकों को रोकने के लिए किया जा रहा है।

एक स्वीकृत रूस अब अधिक से अधिक शक्तियां बनने के इच्छुक देशों के एक बड़े हिस्से के लिए एक अछूत बन गया है। रूस ने पिछले एक दशक में ही चीन की ओर रुख करना शुरू कर दिया था। इसने 4 फरवरी को बीजिंग में बिना किसी रोक-टोक के दोस्ती के सौदे को लगभग सील कर दिया, जब राष्ट्रपति पुतिन ने चीनी प्रीमियर से मुलाकात की और इरादे का एक संयुक्त बयान जारी किया। चीन अपनी आर्थिक और सैन्य आकांक्षाओं में समान रूप से आक्रामक है, खासकर इंडो-पैसिफिक संदर्भ में, जहां उसके अगले लक्ष्य ताइवान और भारत हैं। चीन के आर्थिक और तकनीकी समर्थन के सहारे रूस के लिए बहुपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर भारत के हितों को ध्यान में रखना बेहद मुश्किल होगा।

यह भारत के लिए एक स्पष्ट जोखिम बना हुआ है। इसलिए, भारत को अमेरिका, फ्रांस जैसे उपयुक्त रणनीतिक सहयोगियों या क्वैड जैसे ब्लॉकों से निवेश के साथ-साथ आत्मनिर्भरता रक्षा निर्माण या प्रौद्योगिकी सहायता के लिए रणनीतिक रूप से एक आरामदायक स्थान खोजना होगा। अब कार्रवाई का समय आ गया है।

## आप की बात

### उम्मीद की रौशनी

**पंजाब** विधान सभा के, नतीजों ने, पहली बार लोगों को नाउम्मीदी के काल कोठरी से उम्मीद का रौशनी के ओर लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। क्योंकि बाकी के राज्यों के नतीजों ने यही किया की सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सत्ता को बरक़रार रखा। जबकि पंजाब के परिणाम से व्यवस्था परिवर्तन के संकेत मिलते दिखाई दे रहे हैं। अब इसे फलीभूत कितना किया जायेगा यह तो भविष्य ही बताएगा । मगर दिल्ली जैसा महानगर को चलाना और एक पूर्ण राज्य को चलाने में जमीन आसमान का अंतर होता है। %आप% पार्टी का शुरू से ये रोना रहा था की उसे काम करने में पूरी आज़ादी नहीं मिलती। आधा से ज्यादा अधिकार गृह मंत्रालय के पास है। मगर यहाँ तो उसे पूरा अधिकार मिलेंगे। सब कुछ उसके अधीन होगा। अब उसे भ्रष्टाचार पर चोट करना है। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लचर अवस्था से उसे निजी क्षेत्र के समक्ष लाना है (जैसे उसने दिल्ली में किया) पानी बिजली सड़क एवं रोजगार के साथ साथ नशा मुक्ति पर भी अपना ध्यान देना होगा। ये सब वो तभी कर पायेगा जब भ्रष्टाचार पर काबू पा सकेगा। क्योंकि इसमें बजट का 40 फीसद रकम तक नेताओं, ठेकेदारों एवं बाबुओं के जेबों में चला जाता है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### चुनाव परिणामों के संदेश

**5** राज्यों के चुनावी नतीजे में कई संदेश छिपे हैं। इनमें यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में बीजेपी सत्ता में वापसी कर रही है, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। आपने एकदम सटीक बात कही है कि इन नतीजों का पहला संदेश तो यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और बीजेपी की चुनावी मशीनरी का कोई मुकाबला नहीं है।बीजेपी जिस तरह से देश की राजनीति बदल रही है, उसका विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं है! पार्टी के पास व्यापक सामाजिक समर्थन और जनाधार है। खासतौर पर महिलाओं और पिछड़ी जातियों से उसे व्यापक समर्थन मिल रहा है। वह सिर्फ अगड़ी जातियों या ब्राह्मण-बनिया की पार्टी नहीं है। दूसरे बीजेपी के पास जमीनी वर्करों का एक बड़ा समूह 12 महीने और 365 दिन कार्य करने के लिए तैयार रहता है! और वह ना सिर्फ राजनीतिक कार्यों में सहयोग करता है, बल्कि समाज और देश में हर तरह की मुसीबतों में जी जान से जुट कर सहयोग करता है! जिस पार्टी के पास ऐसे कार्य करता हो उसे अपनी बात घर-घर तक पहुंचाने में बड़ी सुविधा रहती है! दूसरे यूपी में योगी जी की बुलडोजर नीति ने लोगों के मन में गहरे तक असर किया।

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### कहानी कश्मीरी पंडितों की

**यह** बात है 1990 की जब कश्मीरी पंडितो को अपने ही घरों को छोड़ कर जाना पड़ा था और आज भी अपने ही देश मे उन्हें शरणार्थियों की तरह निर्वासित होकर रहना पड़ रहा हैं। पुरानी फाइलों में दबे सच कई बार हमें विचलित कर देते हैं, ऐसे ही कुछ सच कश्मीर की तीन दशक से अधिक पुरानी फाइल के कुछ पन्नों में दबे हुए हैं और उन्हें प्रस्तुत किया है फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने। उनकी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स', सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जो कश्मीरी पंडितो पर हुए क्रूर नरंसहार को दर्शाती है। वो नरंसहार जिसे पलायन का नाम दे दिया गया। यह फिल्म बेचैन कर देती है। यह संवेदना का सिनेमा हैं। कश्मीर भारत का सच है और इस सच के बहुत सारे सच और भी हैं, बीते कई बरसों से सब अपने-अपने अंदाज में कश्मीर का सच कहते रहे हैं, इस फिल्म में भी एक सच छिपा हुआ हैं जिसके बारे में हर भारतीय को जानना ज़रूरी है। साथ ही हमें यह सोच भी बदलनी होगी की हमेशा बहुसंख्यक ही गलत नहीं होता और अल्पसंख्यक हमेशा पीड़ित नहीं होता।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पीएम** मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य के गरीबों को दी गई सहायता का लाभ मिला है।

– **महेंद्र नाथ पांडेय**
केन्द्रीय मंत्री

**आम** आदमी पार्टी देश में सबसे तेजी से उभरने वाली पार्टी बन गई है।

– **राघव चड्ढा**
दिल्ली के विधायक





**मैं** सारी दुनिया से पूछता हूं कि क्या हम तीसरे विश्वयुद्ध से बचना चाहते हैं।

– **गिटामस नौसेदा**
लिथुआनिया के राष्ट्रपति

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 12 मार्च, 2022


# महाराष्ट्र को बनाएंगे एक हजार अरब डालर की अर्थव्यवस्था

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तीसरे बजट का उद्देश्य राज्य का सर्वांगीण विकास करना है जो कोविड-19 महामारी के प्रभाव के बाद पटरी पर लौटने की राह पर है। ठाकरे ने कहा कि यह बजट राज्य के एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में है। इससे पहले, राज्य का वित्त विभाग संभालने वाले उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने विधानसभा में 2022-23 का बजट पेश किया। पवार ने कहा कि बजट अनुमान के अनुसार, राजस्व प्राप्तियां 4,03,427 करोड़ रुपए और राजस्व व्यय 4,27,780 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार राजस्व घाटा 24,353 करोड़ रुपए का होगा।

ठाकरे ने विधान भवन प्रेस कक्ष में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बजट प्रस्तावों में परिकल्पित पांच-सूत्रीय विकास कार्यक्रम महाराष्ट्र के एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के उद्देश्य को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा आकार है जिसे देश में किसी भी राज्य ने अब तक हासिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कृषि, स्वास्थ्य, मानव संसाधन, परिवहन और उद्योग क्षेत्रों को बजट में बूस्टर डोज मिला है।



उन्होंने कहा कि बजट आम नागरिकों पर केंद्रित है और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा करता है। ठाकरे ने कहा कि बजट यह स्पष्ट करता है कि कोविड-19 के प्रकोप और प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, राज्य का विकास निरंतर जारी है।

## पांच राज्यों में विस चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद ठाकरे से मिले पवार

**मुंबई।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार शाम यहां महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी की सरकार है, जिसमें शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं। यह बैठक मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में हुई। यह मुलाकात भाजपा के उत्तर प्रदेश में शानदार प्रदर्शन और उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में जीत की पृष्ठभूमि में हुई है। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और पवार की राकांपा ने गठबंधन करके गोवा विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे एक भी सीट नहीं जीत सके। शिवसेना उत्तर प्रदेश में भी कुछ हासिल नहीं कर सकी, जहां उसने अपने उम्मीदवार उतारे थे। ठाकरे-पवार की यह बैठक भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस द्वारा यह आरोप लगाए जाने के बाद हुई है कि महाराष्ट्र में शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस सरकार झूठे मामलों में भाजपा नेताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है।

## जे-के: समिति ने निजी स्कूलों को 12 प्रतिशत तक परिवहन शुल्क बढ़ाने की इजाजत दी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में स्कूल की फीस तय करने और नियमन के लिए गठित समिति ने निजी विद्यालयों को परिवहन शुल्क 12 फीसदी तक बढ़ाने की इजाज़त दे दी है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति को शिकायतें मिली थी कि स्कूलों को फिर से खुलने के बाद निजी विद्यालयों ने परिवहन शुल्क काफी बढ़ा दिया है जिसके बाद इस बढ़ोतरी की इजाजत दी गई। समिति ने एक आदेश में कहा, यह भी आरोप है कि निजी स्कूल प्रबंधन या तो पूरे सत्र के लिए अग्रिम परिवहन शुल्क या कुल शुल्क का 50 प्रतिशत भुगतान करने की मांग कर रहे हैं। स्कूल फीस के अग्रिम भुगतान के संबंध में अभिभावकों से शपथ पत्र भी मांग रहे हैं। उसमें कहा गया है कि एक अस्थाई उपाय के रूप में और जब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता है, तब तक स्कूल प्रबंधन परिवहन शुल्क में 12 प्रतिशत की वृद्धि कर सकते हैं।



भोपाल में बजरंग दल ने शौर्य संचालन पर पैदल मार्च निकाला

# गुजरात सरकार ने मास्क से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों से 249 करोड़ रुपए जुर्माना वसूला

भाषा। गांधीनगर

**गुजरात पुलिस** ने कोरोना वायरस महामारी के बीच पिछले दो वर्षों में बिना मास्क के घूमते पाए गए 36 लाख से अधिक लोगों से 249 करोड़ रुपए से ज्यादा जुर्माना वसूला है। गुजरात सरकार ने राज्य विधानसभा को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को प्रश्नकाल के दौरान एक कांग्रेस विधायक द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बताया कि बीते दो वर्षों में मास्क से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 36.26 लाख लोगों से कुल 249.90 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया है। पटेल गुजरात के गृह मंत्रालय का प्रभार भी संभालते हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस अवधि में पुलिस ने मौके पर जुर्माना न देने वाले लगभग 52,000 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और महामारी रोग अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पटेल के मुताबिक, मास्क से जुड़े नियमों के उल्लंघन को लेकर लगभग 59.85 करोड़ रुपए का जुर्माना अकेले अहमदाबाद जिले में वसूला गया, जबकि सूरत (29.47 करोड़ रुपए जुर्माना) और वडोदरा (21.01 करोड़ रुपए जुर्माना) इस मामले में क्रमश: दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। मालूम हो कि गुजरात में मौजूदा समय में सार्वजनिक जगहों पर और वाहनों के अंदर मास्क नहीं पहनने पर 1,000 रुपए का जुर्माना लागू है। जुलाई 2020 में इस संबंध में जुर्माने की राशि 200 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दी गई थी। एक महीने के भीतर गुजरात उच्च न्यायालय के निर्देश के तहत इसे दोबारा बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दिया गया था।

## आबकारी विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

**जयपुर।** राजस्थान के आबकारी मंत्री परसादी लाल मीणा ने बृहस्पतिवार को सदन को बताया कि राज्य सरकार ने गत वर्षों की तुलना में कम शराब बेचकर ज्यादा राजस्व प्राप्त किया है। मीणा बृहस्पतिवार को विधानसभा में मांग संख्या 13 (आबकारी) की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने आबकारी विभाग की। अरब, 80 करोड़ 82 लाख 55 हजार रूपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्थित शराब बिक्री के लिए नई नीति बनाई है। उन्होंने कहा कि नई नीति के बाद शराब दुकान के लिए वही व्यक्ति आवेदन करता है जिसे वास्तव में दुकान चलानी हो। उन्होंने कहा कि नियमानुसार समय की पाबंदी के साथ सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक ही शराब की दुकान खुले, इसकी कड़ाई से पालना करवाई जा रही है। मीणा ने कहा कि कोविड काल में तीन महीने तक शराब की दुकानें बंद रहीं इसलिए दुकानदारों को कोविड के विपरीत प्रभाव से बचाने के लिए विभिन्न शुल्क एवं करों में छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि शराब बनाने के लिए खरीदे जाने वाले गन्ने की कीमतों में 16 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी कर किसानों को राहत प्रदान की गई है। आयुर्वेद राज्य मंत्री सुभाष गर्ग ने विधानसभा में कहा कि राज्य में आयुष नीति के माध्यम से 20 साल का खाका बनाकर आयुर्वेद एवं अन्य चिकित्सा पद्धतियों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से आयुर्वेद के लिए पिछले तीन साल में बजट दोगुना किया गया है।

## गुरुग्राम में फर्जी पुलिसकर्मियों ने विदेशी नागरिक को ठगा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक इराकी नागरिक से ठगी की और उसके बैग से करीब 3200 अमेरिकी डॉलर चुरा लिए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक सदर थाने में शिकायत दर्ज कराने वाला इराकी नागरिक रेन अपनी पत्नी के इलाज के सिलसिले में भारत आया हुआ है और शहर के एक निजी अस्पताल में पत्नी का इलाज करवा रहा है। रेन अपनी पत्नी के साथ छह मार्च को ही भारत आया था।

पुलिस के मुताबिक यह घटना बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे की है जब रेन एक रेस्तरां में जा रहा था जहां रियाद के उसके एक दोस्त ने उसे आमंत्रित किया था। पुलिस के मुताबिक रेन ने अपनी शिकायत में कहा, मैं उस समय एक रेस्तरां के बाहर खड़ा था, जब एक कार में आए दो लोगों ने मुझे रोक लिया। वे सादे कपड़ों में थे लेकिन उन्होंने दावा किया कि वे पुलिसकर्मी हैं। उन्होंने मेरा पासपोर्ट और पहचान पत्र मांगा। बिना सोचे-समझे मैंने उन्हें दस्तावेज सौंप दिए। और फिर वे मेरे बैग की जांच करने लगे और बैग की जांच करते समय उन्होंने उसमें से 3200 अमेरिकी डॉलर चुरा लिए। पुलिस ने कहा कि इस सिलसिले में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 379 (चोरी) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं और कार और आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## दिशा सालियान मामले में केन्द्रीय मंत्री राणे, उनका बेटा जांच अधिकारी पर दबाव बना रहे है : पुलिस

भाषा। मुंबई



**दिशा सालियान** मानहानि मामले में केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे की अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध करते हुए मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को अदालत को बताया कि उन्होंने पूछताछ के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में झूठा बयान दिया। इसबीच, सत्र अदालत ने राणे और उनके विधायक बेटे नितेश राणे को मिली अंतरिम राहत 15 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के संबंध में कुछ बयान देने को लेकर राणे पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसी संबंध में पिता-पुत्र ने अग्रिम जमानत अर्जी दायर की है। इस मामले में बचाव पक्ष के वकील सतीश मानेशिंदे द्वारा समय मांगे जाने पर सत्र न्यायाणीश एस. यू. बघेले ने मामले की सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। पुलिस ने अदालत से कहा कि राणे ने मीडिया के समक्ष यह झूठा दावा किया था कि मालवणी पुलिस थाने में पूछताछ के दौरान उन्होंने शाह को फोन किया था। पुलिस ने कहा कि जांच अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए उन्होंने यह बयान दिया था।

## बदमाशों ने डकैती के दौरान व्यापारी की पत्नी और बेटी की हत्या की

भाषा। आगरा

**उत्तर प्रदेश** में आगरा के थाना बाह क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कल्याण सागर में बुधवार देर रात बदमाशों ने एक व्यापारी के घर में डकैती के दौरान उनकी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी जबकि नाती ने पलंग के नीचे छिपकर जान बचाई। बदमाशों के जाने के बाद बालक ने घटना की जानकारी नाना को दी। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बदमाशों का सुराग लगाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं।

वहीं, बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शवों को बीच चौराहे पर रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। बाद में पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन दोनों शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। जानकारी के मुताबिक, थाना बाह के मोहल्ला कल्याण सागर में फुटवियर विक्रेता उमेश पैंगोरिया का दो मंजिला घर है। बुधवार रात को उमेश भूतल पर सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी कुसुमा (60), उनकी बेटी सरिता (40) और 10 वर्षीय नाती अंकुश दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। जानकारी के मुताबिक, देर रात आठ नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते से सीढ़ियों का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और दूसरी मंजिल पर सो रही कुसुमा और सरिता की गला दबाकर हत्या कर दी। इस दौरान अंकुश ने समझदारी और हिम्मत दिखाई और वह पलंग के नीचे छिप गया। जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने मां-बेटी की हत्या करने के बाद अलमारी का ताला तोड़ा और करीब तीस मिनट में बदमाश अलमारी में रखे गहने और नकदी लेकर उसी रास्ते से फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद अंकुश ने नीचे जाकर नाना को पूरी घटना की जानकारी दी।

## फोन टैपिंग मामला : अदालत ने आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को एक अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने फोन टैपिंग के कथित मामले में आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ पिछले महीने दर्ज प्राथमिकी के संबंध में पुलिस द्वारा कोई भी दंडात्मक कदम उठाने पर एक अप्रैल तक रोक लगा दिया है। शुक्ला ने इस सप्ताह की शुरूआत में वकील समीर नांगरे के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया था कि उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया गया है और यह प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है। शुक्ला के खिलाफ मामला कोलाबा पुलिस थाने में दर्ज है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी राजीव जैन ने शिकायत देकर शुक्ला पर आरोप लगाया था कि वह शिवसेना के सांसद संजय राउत और राकांपा नेता एकनाथ खड़से के फोन का सार्विलांस करा रही हैं। इसी शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वारले और न्यायमूर्ति श्रीराम एम. मोदक की खंडपीठ ने शुक्रवार को शुक्ला को अंतरिम राहत देते हुए मामले की सुनवाई अगले महीने तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने चार मार्च को मामले की सुनवाई करते हुए शुक्ला की गिरफ्तारी पर 25 मार्च तक के लिए रोक लगा दी थी।

## क्विक न्यूज

### भारतीय जल क्षेत्र से श्रीलंका की मछली पकड़ने वाली नौका जब्त

**चेन्नई।** तट रक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में भारतीय क्षेत्र में कथित रूप से मछली पकड़ रही श्रीलंका की एक नौका को जब्त किया है जिसमें चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि अंजथा मुथा-2 नाम की नौका से आठ मार्च को भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ी जा रही थी और मन्नार की खाड़ी क्षेत्र में निगरानी कर रहे तट रक्षक के विमान ने नौका को देखा और तत्काल आईसीजीएस वजरा को नौका रोकने के लिए भेजा गया। पोत ने श्रीलंका की नाव को भारतीय जल क्षेत्र में रोका और इसका जाल पानी में था और नौका पर 300 किलोग्राम मछली थी। विज्ञप्ति के मुताबिक, नौका और चालक दल को तूतीकोरिन बंदरगाह लाया गया और समुद्री पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### भारतीय जल क्षेत्र से श्रीलंका की मछली पकड़ने वाली नौका जब्त

**चेन्नई।** तट रक्षक बल ने बंगाल की खाड़ी में भारतीय क्षेत्र में कथित रूप से मछली पकड़ रही श्रीलंका की एक नौका को जब्त किया है जिसमें चालक दल के पांच सदस्य सवार थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि अंजथा मुथा-2 नाम की नौका से आठ मार्च को भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ी जा रही थी और मन्नार की खाड़ी क्षेत्र में निगरानी कर रहे तट रक्षक के विमान ने नौका को देखा और तत्काल आईसीजीएस वजरा को नौका रोकने के लिए भेजा गया। पोत ने श्रीलंका की नाव को भारतीय जल क्षेत्र में रोका और इसका जाल पानी में था और नौका पर 300 किलोग्राम मछली थी। विज्ञप्ति के मुताबिक, नौका और चालक दल को तूतीकोरिन बंदरगाह लाया गया और समुद्री पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### यूक्रेन से भारतीय नागरिकों के अंतिम जत्थे को लेकर तीन निकासी उड़ाने शुक्रवार सुबह पहुंच रही हैं भारत

**नई दिल्ली।** यूक्रेन से करीब 600 विद्यार्थियों समेत भारतीय नागरिकों के अंतिम जत्थे को लेकर तीन निकासी उड़ानें शुक्रवार सुबह भारत पहुंचने वाली है। इस घटनाक्रम से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। भारत ऑपरेशन गंगा के तहत पहले ही 17,000 भारतीयों को वापस ला चुका है। अब इन तीनों उड़ानों के निकासी मिशन पर आखिरी उड़ानें होने की संभावना है। घटनाक्रम से अवगत लोगों ने बताया कि यूक्रेन के सूमी शहर से निकाले गए करीब 600 भारतीय विद्यार्थी शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंच रहे है। इन विद्यार्थियों को ट्रेन से मध्य यूक्रेन के पोल्तवा से ल्वीव लाया गया था और फिर उन्हें पोलैंड ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि वे सूमी में फंसे हुए थे। भारत रोमानिया , पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और मोल्दोवा से अपने नागरिकों को वापस ला रहा है, ए लोग यूक्रेन से की स्थल सीमाओं से इन देशों में पहुंचे थे।

### छत्तीसगढ़ में पिछले तीन वर्षों में 431 किसानों ने की आत्महत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पिछले तीन वर्षों में 431 किसानों ने आत्महत्या की है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायक अजय चंद्राकर के एक सवाल के लिखित जवाब में राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि राज्य में एक अप्रैल, 2019 से 31 जनवरी, 2022 के मध्य 431 किसानों ने आत्महत्या की है। गृह मंत्री ने अपने जवाब में बताया है कि किसान आत्महत्या के मामलों में से तीन मामलों में कृषिगत कारणों से आत्महत्या की गई है। जवाब में आगे कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 में 166 किसानों ने आत्महत्या की है। जबकि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 186 किसानों ने तथा चालू वित्त वर्ष में 31 जनवरी तक 79 किसानों ने आत्महत्या की है। गृह मंत्री ने बताया है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार छत्तीसगढ़ वर्ष 2019 और 2020 में किसानों की आत्महत्या के मामले में देश में छठवें स्थान पर था। जबकि 2021 के आंकड़े अभी तक प्रकाशित नही हुए है।

### बिहार में वर्ष 2020 में साइबर अपराध के 1512 मामले प्रतिवेदित हुए

**पटना।** बिहार में वर्ष 2020 में साइबर अपराध के 1,512 मामले प्रतिवेदित हुए है। बिहार विधान परिषद में बृहस्पतिवार को राजद सदस्य रामधन्द्र द्वारा पूछे गए एक अल्पसूचित प्रश्न का उत्तर देते हुए गृह विभाग के प्रभारी मंत्री बिजेंद्र यादव ने कहा कि राज्य में साइबर अपराध के वर्ष 2016 में 309, वर्ष 2017 में 433, वर्ष 2018 में 374, वर्ष 2019 में 1,050 एवं वर्ष 2020 में 1,512 मामले प्रतिवेदित हुए है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तरीके से लेन-देन एवं विनिमय के नए-नए माध्यमों के प्रचलन के बाद ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों एवं लोक अभियोजकों को निरंतर साइबर संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 2,687 पुलिस पदाधिकारियों एवं लोक अभियोजकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### राजस्थान के कोटा में बेटी से बलात्कार के आरोप में सौतेले पिता के खिलाफ प्राथमिकी

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में सौतेले पिता द्वारा 17 वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और उसकी मां को मारने पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़की और उसकी मां ने बृहस्पतिवार रात पुलिस को मामले की जानकारी दी जब दिहाड़ी मजदूर व्यक्ति ने नशे की हालत में अपनी सौतेली बेटी के साथ फिर से बलात्कार करने की कोशिश की। पुलिस ने 35 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और बृहस्पतिवार देर रात बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष लड़की को पेश किया, जिसने उसे आश्रय गृह भेजने का आदेश दिया है। अधिकारी ने कहा कि पीड़िता ने बताया है कि उसका सौतेला पिता नशे का आदी है और बीते 4-5 साल से उससे बलात्कार करता रहा है। लड़की ने आरोप लगाया कि जब उसकी मां उसके बचाव में आती है तो वह व्यक्ति उसे भी पीटता है।

### अभिनेता ने उबर के कैब चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** मुंबई में एक रंगमंच अभिनेता ने जान से मारने की धमकी देने और मोबाइल फोन छीनने के आरोप में ऐप आधारित कैब सेवा उबर के चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कथित घटना बुधवार रात हुई, जब मराठी रंगमंच अभिनेता प्रमोद शिंदे (44) ने अपने 11 साल के बच्चे और अपनी नाट्य मंडली के दो सदस्यों के साथ उपनगरीय घाटकोपर से बोरीवली में अपने घर जाने के लिए उबर कैब बुक की। उन्होंने कहा कि कैब चालक ने अभिनेता को गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही कैब से उतरने के लिए कहा, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हो गया। अधिकारी ने कहा जब शिंदे ने उसे अपने घर के बाहर छोड़ने का आग्रह किया तो चालक कैब को मगथाने पुल ले गया और यात्रियों को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अभिनेता ने बृहस्पतिवार को कस्तूरबा मार्ग थाने में शिकायत दर्ज कराई और फिर कैब कंपनी से संपर्क किया। चालक की पहचान विरार निवासी राकेश यादव के रूप में हुई है। उबर से संपर्क करने पर उसके प्रवक्ता ने कहा, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और किसी के साथ भी ऐसा नही होना चाहिए। हमने ड्राइवर को उबर ऐप से हटा दिया है। हम कानून लागू करने वाले अधिकारियों के साथ आवश्यकतानुसार सहयोग करने को तैयार है।

# मणिपुर में 19 से पहले नई सरकार बनेगी: बीरेन सिंह

भाषा। इंफाल



**मणिपुर के** कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई सरकार 19 मार्च से पहले बनेगी, जब राज्य विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में फैसला लिया जाएगा कि कौन नेतृत्व करेगा। सिंह ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि नेशनल पीपुल्स पार्टी, मौजूदा सरकार में एक साझेदार, जिसने हाल में राज्य में संपन्न चुनाव में सात सीटें जीती हैं, नई सरकार का हिस्सा नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि नई सरकार और समग्र गठबंधन पर निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा लिया जाएगा जो मणिपुर आएंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन पर निर्णय राज्य इकाई के पदाधिकारियों के परामर्श से पर्यवेक्षकों द्वारा लिया जाएगा। संभावित गठबंधन के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदन में बहुमत हासिल किया है और उसे अन्य दलों के समर्थन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन हमारा गठबंधन धर्म है और जो लोग हमें बाहर से समर्थन देना चाहते हैं, उन्हें मना नहीं करेंगे। इससे पूर्व सिंह ने शुक्रवार को राज्यपाल ला गणेशन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। एक दिन पहले ही भाजपा ने उग्रवाद प्रभावित इस पूर्वोत्तर राज्य के 60 सदस्ईय सदन में 32 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा, मुझे संवैधानिक प्रावधानों को पूरा करना है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगली सरकार का नेतृत्व करेंगे, सिंह ने कहा, भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है और कुछ प्रक्रियाएं हैं। (केंद्रीय) पर्यवेक्षक होंगे और नेतृत्व पर निर्णय पार्टी संसदीय बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि केंद्रीय पर्यवेक्षक कब मणिपुर आएंगे, उन्होंने कहा, मैं उनसे एक-दो दिनों के भीतर उम्मीद कर रहा हूं लेकिन उन्होंने उनके नाम साझा करने से इनकार कर दिया। नई सरकार में एनपीपी के गठबंधन सहयोगी के रूप में बने रहने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम एनपीपी के साथ कोई गठबंधन साझेदारी नहीं करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, नगा पीपुल्स फ्रंट के साथ गठबंधन हो सकता है और कुछ निर्दलीय पहले ही भाजपा को अपना समर्थन दे चुके हैं। उन्होंने कहा, केन्द्रीय नेतृत्व से परामर्श के बाद सभी निर्णय किए जाएंगे। राज्य से विवादास्पद सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को निरस्त करने के बारे में, सिंह ने कहा कि नई सरकार म्यांमा की सीमा से लगे क्षेत्रों को छोड़कर इसे राज्य से हटाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपर्क करेगी। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते। म्यांमा के साथ हमारी 394 किलोमीटर लंबी बिना बाड़ वाली सीमा है।



नई दिल्ली में पंजाब में भावी सीएम भगवंत मान आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल का आशीर्वाद लेते हुए

# सदन बहस व चर्चा का मंच

## ● जनप्रतिनिधियों को गरिमापूर्ण ढंग से काम करना चाहिए : बिरला



**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने व्यवधानों के कारण विधान मंडलों में गरिमा में कमी आने की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि सदन बहस और चर्चा का मंच है, व्यवधान का नहीं तथा ऐसे में जनप्रतिनिधियों को सदनों की गरिमा और मर्यादा को बढ़ाने के लिए पूरी लगन से काम करना चाहिए। बिरला ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में तीसरे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (एनवाईपीएफ) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब 14 मार्च से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में विधेयकों पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए ताकि समाज के सभी वर्गों की आशाओं और आकांक्षाओं को कानूनों और विधानों में प्रभावी ढंग से शामिल किया जा सके। राष्ट्रपति और राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है। जनप्रतिनिधियों को सदनों की गरिमा और मर्यादा को बढ़ाने के लिए पूरी लगन से काम करना चाहिए। बिरला ने कहा कि विधान मंडल बहस और चर्चा का मंच है, व्यवधान का नहीं। नए भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान के महत्व को रेखांकित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया में तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं, ऐसे में युवाओं को इन परिवर्तनों के अनुसार स्वयं को ढालना चाहिए ताकि बदलती परिस्थितियों के अनुसार वे खुद को तैयार कर सकें और देश को भी आगे ले जा सकें। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, युवाओं को भी अपनी प्रतिभा और ऊर्जा से विकास, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए। बिरला ने कहा, युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के वृहत लक्ष्य के लिए काम करना चाहिए। युवाओं के हर प्रयास में राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए। बिरला ने तीसरे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने भी हिस्सा लिया।

# ममता लोगों की चुनावी पसंद का अवमूल्यन कर रही हैं : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी पर पलटवार किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के जनादेश पर सवाल उठाकर वह लोगों की चुनावी पसंद का अवमूल्यन कर रही हैं। बनर्जी ने चार राज्यों में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि यह जीत जनादेश का सही प्रतिबिंब नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर चुनावी मशीनरी का उपयोग करके वोट लूटने का आरोप भी लगाया। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम बृहस्पतिवार को आए। भाजपा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में फिर से सत्ता में वापसी की जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। मालवीय ने कहा कि लगातार प्रयासों के बावजूद ममता बनर्जी विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने की अपनी मंशा पर सहमति नहीं बना सकी। पिछले साल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में फैली हिंसा का उल्लेख करते हुए मालवीय ने कहा कि बनर्जी को मुख्यमंत्री और बंगाल के गृह मंत्री के रूप में पहले अपने ट्रैक रिकार्ड को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मई 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत के इतिहास की सबसे भयावह चुनाव उपरांत हिंसा हुई। उन्होंने कहा, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में मिली शानदार सफलता को जनादेश का सही प्रतिबिंब ना होना बताना लोगों की चुनावी पसंद का अवमूल्यन है। ममता बनर्जी की आकांक्षाओं का जिक्र करते हुए मालवीय ने कहा, विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने के अपने ख्याल पर वह सहमति बनाने में भी विफल रहीं। उन्होंने कहा, उन्हें पूछना चाहिए कि आम आदमी पार्टी, तेलंगाना राष्ट्र समिति और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसे दलों के अन्य उम्मीदवार, बगैर कांग्रेस के उन्हें ऐसी किसी संभावना के केंद्र में देखते हैं। मालवीय ने सवाल किया कि इन दलों के पास किसी तरह सत्ता हासिल करने के अलावा देश को लेकर कोई दृष्टि भी है क्या? ज्ञात हो कि बनर्जी ने भाजपा को परास्त करने के लिए विपक्षी गठबंधन के अपने आह्वान को दोहराते हुए यह भी कहा कि बेकार बैठे रहने और कांग्रेस का इंतजार करने का कोई फायदा नहीं है।उन्होंने कहा, कुछ राज्यों में जीत हासिल करने पर पार्टी (भाजपा) को अधिक हल्ला नहीं करना चाहिए।




नेशनल क्राइम ब्यूरो के कार्यक्रम में भाग लेते गृहमंत्री अमित शाह

# जम्मू कश्मीर के कुलगाम में सरपंच की गोली मारकर हत्या

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर के** कुलगाम जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों ने एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस महीने जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी घटना है जब आतंकवादियों ने किसी स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि की हत्या की है। एक अधिकारी ने कहा, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के अड्डूरा इलाके में रात करीब आठ बजकर 50 मिनट पर आतंकवादियों ने शब्बीर अहमद मीर को उनके घर के निकट गोली मार दी। उन्होंने कहा कि मीर को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीर निर्दलीय सरपंच थे। अधिकारियों ने कहा कि इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों की तलाश जारी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सरपंच की हत्या की कड़ी निंदा की है।

## छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**भवानीपटना ( ओडिशा )।** राज्य के कालाहांडी जिले में 14 साल की छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक स्कूल के प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानाध्यापक व्हाट्सऐप और अन्य माध्यमों से छात्रा को लगातार अश्लील संदेश भेज रहा था। आरोपी ने छात्रा को धमकी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को बताया तो उसे स्कूल से निकाल दिया।

# क्विक न्यूज

## आईपीएस अधिकारी के आतंकी समूह को गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले की जांच सीबीआई को दी जाए: कांग्रेस विधायक

**शिमला।** कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के कुछ विधायकों ने आईपीएस अधिकारी अरविंद दिग्विजय नेगी द्वारा आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा को गोपनीय दस्तावेज लीक करने से संबंधित मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पुलिस विभाग से संबंधित कटौती प्रस्ताव पर अपनी बात रखते हुए शुक्रवार को किन्नौर से कांग्रेस विधायक जगत सिंह नेगी ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा और नंद लाल के साथ कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर से मुलाकात की थी और मामले की सीबीआई जांच की मांग थी। कांग्रेस विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो गिरफ्तार आतंकवादियों के बयानों के आधार पर आईपीएस अधिकारी नेगी को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी नेगी ने विभिन्न पदों पर अच्छा काम किया लेकिन एनआईए ने दो आरोपियों के बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस विधायक ने कहा कि एनआईए ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सच्चाई सामने लाने के लिए मामले की जांच निष्पक्ष एजेंसी सीबीआई को दी जानी चाहिए।

## आंगडिया रंगदारी मामला : मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पुलिस निरीक्षक को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** आंगडिया (पारंपरिक कूरियर सेवा) से रंगदारी वसूली के संबंध में दक्षिण मुंबई में दर्ज मामले में एक पुलिस निरीक्षक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की अपराध खुफिया इकाई ने बृहस्पतिवार को पुलिस निरीक्षक ओम वांगते को गिरफ्तार किया। यह इस मामले में तीसरी गिरफ्तारी है। वांगते ने पहले सत्र अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया था और उसे वापस लेने तथा पुलिस के समक्ष समर्पण करने से पहले वह बंबई उच्च न्यायालय भी पहुंचे। पुलिस निरीक्षक नितिन कदम और उपनिरीक्षक समाधान जामदाडे को इस संबंध में 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि वांगते दक्षिण मुंबई के मुम्बादेवी इलाके में स्थित आंगडिया से कथित रूप से रंगदारी वसूलते थे। उन्हें अदालत से गिरफ्तारी से 8 मार्च तक की राहत मिली थी। अपराध शाखा ने 10 आंगडिया का बयान दर्ज किया है जिन्होंने वांगते पर दो, तीन, चार और छह दिसंबर को उनसे रंगदारी वसूलने का आरोप लगाया है।

## असम में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो तस्कर घायल

**उत्तरी लखीमपुर ( असम )।** लखीमपुर जिले में पुलिस की हिरासत से भागने का प्रयास कर रहे दो कथित मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस ने गोलियां चलाई, जिनमें वे घायल हो गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घटना बांदेरदेवा कस्बे के पास बृहस्पतिवार रात की है जब दोनों तस्कर मादक पदार्थों की बरामदगी के लिए पुलिस टीम के साथ जा रहे थे। हमने नगांव से आ रहे दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उनसे मादक पदार्थों की बरामदगी में मदद करने को कहा गया। दोनों पुलिस दल को बांदेरदेवा इलाके में ले गए और वहां हिरासत से भागने का प्रयास किया। दोनों को रोकने के लक्ष्य से पुलिस ने उनपर गोलियां चलाईं। दोनों को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। उन्होंने बताया कि दोनों का लखीमपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## महाराष्ट्र में दो भाइयों के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**ठाणे।** महाराष्ट्र में एक अदालत ने दो भाइयों की हत्या करने और तीसरे भाई को जान से मारने का प्रयास करने के जुर्म में 38 वर्षीय व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई। यह मामला ठाणे जिले के कल्याण का है। कल्यण के जिला न्यायाधीश आरपी पांडेय ने यह फैसला बृहस्पतिवार को दिया। इसमें दोषी संजय नामदेव पाटिल को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और हत्या का प्रयास (307) करने का दोषी ठहराया गया है। फैसले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस मामले के एक अन्य आरोपी 37 वर्षीय मनोज शंकर खंडगे की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

## राजस्थान में बाघ-तेंदुआ मारने वाले शिकारी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान के सरिस्का में बाघ और एक तेंदुए के शिकार के मामले में लगभग 14 साल से फरार चल रहे एक कथित शिकारी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बाघ का शिकार वर्ष 2005 में किया गया, जबकि वर्ष 2003 में तेंदुए को मारा गया। अधिकारी ने कहा कि सीबीआई भगोड़े बाल्या बावरिया की वर्ष 2008 से तलाश कर रही थी और उसे दबोच लिया। अधिकारियों ने बताया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को 20 साल कठोर कारावास की सजा

**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाए गए एक व्यक्ति को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला तीन साल पुराना है। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए निरंजन नागबंशी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह घटना 18 अगस्त, 2019 की है जब जिले के कमलपुर उप-मंडल इलाके में नागबंशी ने नौ साल की एक बच्ची के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के समय पीड़िता के माता-पिता घर से बाहर थे।

## यूक्रेन के खेरसोन में अभी भी फंसे हैं पांच भारतीय छात्र

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान में बूंदी के एक मानवाधिकार कार्यकर्ता ने यूक्रेन के दक्षिण हिस्से में स्थित खेरसोन शहर में अभी भी पांच भारतीय छात्रों के फंसे होने का दावा करते हुए भारत सरकार से उन्हे वापस लाने का अनुरोध किया है। चरमेश शर्मा ने दावा किया कि रूसी हमले के कारण एक इमारत में छुपे इन छात्रों ने व्हाट्सऐप की मदद से उनसे संपर्क कर अपनी परेशानी बताई है। शर्मा ने राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को पत्र लिखकर उनसे यूक्रेन में फंसे इन पांच भारतीय छात्रों को सुरक्षित वापस लाने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है।

## रेलवे पटरी में दरार, रेलकर्मी की सूझबुझ से टला बड़ा हादसा

**जींद।** हरियाणा में जैजैवंती रेलवे स्टेशन के निकट शुक्रवार सुबह की एक रेलकर्मी की सूझबूझ से बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। जैजैवंती रेलवे स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव आया, जिसके चलते पटरी में जगह-जगह दरार आ गई, लेकिन रेलवे की-मैन राजेंद्र की सूझबूझ के चलते कोई हादसा नही हुआ। शुक्रवार सुबह राजेंद्र जब पटरियों की जांच कर रहे थे तो जैजैवंती रेलवे स्टेशन के निकट जगह-जगह रेलवे पटरी में दरारें नजर आई, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों को दी।

## अरुणाचल विधानसभा में 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए

**ईटानगर।** अरुणाचल विधानसभा में शुक्रवार को 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश (अप्रचलित एवं निरर्थक विनियम) निरसन विधेयक 2022 के साथ-साथ एक अन्य विधेयक अरुणाचल प्रदेश (जिलों का पुनर्गठन) संशोधन विधेयक पेश किया।

## छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**भवानीपटना (ओडिशा)।** राज्य के कालाहांडी जिले में 14 साल की छात्रा को अश्लील संदेश भेजने के आरोप में एक स्कूल के प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानाध्यापक व्हाट्सऐप और अन्य माध्यमों से छात्रा को लगातार अश्लील संदेश भेज रहा था।

# मंत्रियों के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने मप्र विधानसभा से किया बहिर्गमन

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश विधानसभा** में विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों ने सरकार पर उनके सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान 15 मिनट के अंदर तीन बार सदन से बहिर्गमन किया। कांग्रेस सदस्यों ने प्रश्नकाल में पहली बार बहिर्गमन तब किया जब कांग्रेस की विधायक झूमा सोलंकी की ओर से विधायक हिना कावरे ने जानना चाहा कि आदिवासी बहुल भीकनगांव में कितनी बस्तियों में अब तक बिजली नहीं है। इस पर मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन इलाकों के लिए एक विद्युतीकरण अभियान चलाया जाएगा लेकिन इसके लिए समय सीमा तय नहीं की जा सकती। कावरे ने कहा कि केंद्र की विद्युतीकरण योजना में राशि उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में राज्य सरकार को अपने धन से इन गांवों का विद्युतीकरण करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि वह केंद्रीय धन के लिए अनुरोध करेंगे। लेकिन कांवरे, तरुण भनोट और प्रियव्रत सिंह सहित कांग्रेस सदस्यों ने मंत्री के उत्तर से असंतोष व्यक्त करते हुए बहिर्गमन कर दिया। सदन के फिर से शुरु होने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने अपना माइक खराब होने की शिकायत करते हुए कहा, यह साउंड सिस्टम आपके विधानसभा सचिवालय की त्रुटि है, मैं इसपर घोर आपत्ति दर्ज कराता हूं। इस व्यवस्था में जानबूझकर मेरे साथ भेदभाव करने पर मैं समूचे दल के साथ बहिर्गमन करता हूं। यह आपकी अव्यवस्था है। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य जब लौटे तो विधायक जयवर्धन सिंह राघोगढ़ में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की संख्या और इस पर सरकार की कार्वाई के बारे में जानना चाहते थे। इस पर प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग जब सिंह को एक उद्योग के कार्बन उत्सर्जन विवरण नहीं दे पाए तो विपक्षी कांग्रेस के सदस्यों ने विरोध किया और हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रश्नकाल 30 सेकंड में समाप्त होने वाला है और प्रश्न का लिखित उत्तर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## बैंक प्रबंधक और पटवारी रिश्वत लेते धरे गए

**उज्जैना** सिवनी। मध्य प्रदेश के उज्जैन और सिवनी जिलों में लोकायुक्त पुलिस के दस्ते ने दो अलग-अलग मामलों में एक बैंक प्रबंधक और एक पटवारी को क्रमश: दस हजार और 15 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उज्जैन लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा ने शुक्रवार को बताया कि भीम गांव के बाबू सिंह की शिकायत पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा आलोट (रतलाम जिले) के प्रबंधक मांगीलाल चौहान को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखकर बाजार संबंधी रणनीति बनाएं : स्टालिन

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु के** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को अधिकारियों से कहा कि वह राज्य के राजस्व को बढ़ाने के लिए क्षेत्र या जिला केंद्रित उत्पादों (जैसे हल्दी या अन्य उत्पाद) के बाजार से जुड़ी रणनीति तैयार करें।

चेन्नई स्थित सचिवालय में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षकों और वन अधिकारियों के तीन दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन उद्घाटन भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्एक जिले से संबंधित वस्तुओं की विशिष्टता को ध्यान में रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इन उत्पादों को बाजार मुहैया कराने के लिए उन्हें उपाय सुझाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया, हर जिले में हल्दी या दूसरे प्राकृतिक संसाधनों जैसे अनोखे उत्पाद हैं। अधिक राजस्व उत्पन्न करने के लिए इन उत्पादों को बाजार में उतारने के बारे में सोचें। उन्होंने कहा कि इस पहल से सभी वर्गों के लोगों को लाभ होना चाहिए। अधिकारियों को सलाह देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विचार में ईमानदार और पारदर्शी प्रशासन झलकना चाहिए।

# नवाब मलिक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर 15 मार्च को निर्णय सुनाएगा बंबई उच्च न्यायालय



**भाषा।** मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ दाखिल राकांपा नेता तथा महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर ली और वह 15 मार्च को अपना निर्णय सुनाएगा। महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मुख्य प्रवक्ता मलिक को ईडी ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में 23 फरवरी को गिरफ्तार किया था। मंत्री को पहले ईडी की हिरासत में भेजा गया और बाद में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। न्यायमूर्ति पी.बी. वराले और न्यायमूर्ति एस.ए.म मोदक की पीठ ने दोनों पक्षों की तीन दिनों तक चली लंबी जिरह के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि मंगलवार (15 मार्च) को आदेश सुनाया जाएगा। मलिक के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने पहले उच्च न्यायालय को बताया था कि मंत्री की गिरफ्तारी और उसके बाद की हिरासत अवैध है। उन्होंने अपील की थी कि गिरफ्तारी रद्द की जाए और उन्हें तुरंत हिरासत से रिहा कर अंतरिम राहत प्रदान की जाए।

# न्यायाधीशों के सरकार समर्थक या विरोधी होने गलत नहीं है : न्यायमूर्ति पटेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. एन. पटेल ने शुक्रवार को कहा कि न्यायाधीशों के सरकार समर्थक या सरकार विरोधी होने में कुछ गलत नहीं है क्योंकि उनके समक्ष उपस्थित मुद्दों को लेकर उनका दृष्टिकोण और सोच अलग-अलग हो सकती है तथा इससे कानून का विकास होता है। न्यायमूर्ति पटेल ने कहा, कुछ न्यायाधीश श्रमिक समर्थक होते हैं, कुछ नियोक्ता समर्थक, कुछ राजस्व समर्थक होते हैं तो कुछ राजस्वालाभ के खिलाफ होते हैं। कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा, आप लोगों को आलोचना करते देखते हैं... इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि आप श्रमिक समर्थक, नियोक्ता समर्थक, किराएदार समर्थक, मकान मालिक समर्थक, सरकार समर्थक या सरकार के खिलाफ हैं।

# भारत दक्षिण एशिया में डार्कनेट मादक पदार्थों की आपूर्ति के लिए प्रमुख जगह

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत डार्कनेट** पर बिक रहे मादक पदार्थों की आपूर्ति के लिए दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा सूचीबद्ध किए जाने वाले गंतव्यों में से एक है। यही नहीं, देश की बड़ी दवा कंपनियों के उत्पादों के नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल होने का जोखिम भी बेहद ज्यादा पाया गया है। एक वैश्विक एंटी-नारकोटिक्स निकाय ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया है। विएना स्थित अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (आईएनसीबी) ने साल 2021 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में वैश्विक स्थिति के विश्लेषण विषय के तहत भारत और दक्षिण एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी के परिदृश्य पर प्रकाश डाला है। रिपोर्ट में कहा गया है, आईएनसीबी को सोशल मीडिया के इस्तेमाल और नशीले पदार्थों की लत के बीच संबंधों के पुख्ता सबूत मिले हैं, क्योंकि ए साइटें प्रतिबंधित पदार्थों की खरीदारी करने और नकारात्मक व्यवहार का महिमामंडन करने के लिए एक बड़ा मंच उपलब्ध कराती हैं। रिपोर्ट में इंटरनेट, खासकर क्रिप्टोकरेंसी के जरिए डार्कनेट पर मादक पदार्थों की खरीदारी करने के वैश्विक चलन में तेजी आने की बात कही गई है। इसमें बताया गया है कि दक्षिण एशिया में भी यह चलन जोर पकड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 से 2020 के बीच यूएनओडीसी द्वारा 19 प्रमुख डार्कनेट बाजारों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि भारत कृत्रिम उत्तेजक पदार्थों की आपूर्ति के लिए सबसे अधिक बार सूचीबद्ध किए जाने वाले गंतव्य देशों में से एक है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूएनओडीसी ने जिन डार्कनेट बाजारों पर अध्ययन किया था।

# केसीआर अस्पताल में, स्वास्थ्य की जांच

## ● डाक्टरों ने कहा, घबराने की बात नहीं

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना के** मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की शुक्रवार को कमजोरी समेत स्वास्थ्य संबंधी अन्य मामूली शिकायत पर चिकित्सीय जांच की गई। हैदराबाद में अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा कि घबराने की बात नहीं है। जांच के बाद मुख्यमंत्री अपने घर के लिए रवाना हो गए। 68 वर्षीय राव को बाएं हाथ में दर्द और कमजोरी की शिकायत थी। इस पर यशोदा अस्पताल के चिकित्सकों और केसीआर के निजी चिकित्सक एमवाई राव ने उनकी प्रारंभिक जांच की। एमवाई राव ने कहा कि चिकित्सकों ने केसीआर को एहतियाती जांच कराने की सलाह दी क्योंकि उनकी वार्षिक स्वास्थ्य जांच बाकी थी। एक हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा कि अस्पताल में उनका कोरोनरी एंजियोग्राम किया गया, लेकिन उन्हें कोई समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि हाथ में दर्द को देखते हुए एमआरआई किया गया और जिसमें हल्के बदलाव दिखाई दिए, जो उनकी उम्र के सभी लोगों में आम हैं। केसीआर के निजी चिकित्सक ने कहा कि मुख्यमंत्री के दर्द का कारण बहुत सारे समाचार पत्र पढ़ना और आई-पैड का उपयोग करने की आदत हो सकती है। उन्होंने कहा कि कमजोरी दौरों और भाषणों के कारण है। उन्होंने कहा कि राव मधुमेह और रक्तचाप के मरीज हैं, लेकिन अभी दोनों का स्तर नियंत्रण में है। चिकित्सकों ने केसीआर को एक हफ्ते के आराम की सलाह दी है। वह बाद में अस्पताल से घर के लिए रवाना हो गए। इस बीच तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने राव के स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त की और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। राज्य भाजपा अध्यक्ष बांदी संजय कुमार ने भी केसीआर के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# डीएचजेएस परीक्षा स्थगित करना प्रथम दृष्टया अनुचितः शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायिक सेवा (डीएचजेएस) परीक्षा-2022 को चार सप्ताह के लिए स्थगित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को प्रथम दृष्टया अनुचित करार दिया, जो 20 मार्च को होने वाली थी।प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए डी एन राव से कहा कि वह उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वाले व्यक्तियों सूचित करें कि वे 12 मार्च को होने वाली परीक्षा के लिए अपने आवेदन फार्म जमा कराएं।



कनाडा व भारत के मंत्री कई मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक में बातचीत करते हुए

# उतार-चढ़ाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी चढ़े

भाषा। मुंबई

**मिश्रित वैश्विक** संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरा दौर रहने के बावजूद दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों वाला सूचकांक बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कमजोरी से जल्द ही उबर गया था और एक समय इसने 369.56 अंक की बढ़त ले ली थी। लेकिन फिर इसमें अस्थिरता हावी हो गई।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 55,550.30 अंक पर बंद हुआ जो एक दिन पहले की तुलना में 85.91 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी उतार-चढ़ाव से गुजरने के बाद अंत में 35.55 अंक यानी 0.21 प्रतिशत बढ़कर 16,630.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, डॉ रेड्डीज, पावरग्रिड, आईटीसी, टाइटन, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस लाभ में रहीं। सन फार्मा ने सर्वाधिक 3.82 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। वहीं नेस्ले, मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और एक्सिस बैंक को 1.56 प्रतिशत तक का नुकसान उठाना पड़ा। जूलियस बायर के कार्यकारी निदेशक मिलिंद मुछला ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार वैश्विक बाजारों के रुझान पर चल रहे हैं और इसी वजह से उठापटक देखी जा रही है। उन्होंने कहा, भू-राजनीतिक मोर्चों पर आने वाली खबरों से बाजार में उतार-चढ़ाव आ रहे हैं। मुछला ने कहा कि बाजार में इस समय अल्पावधि एवं मध्यम-अवधि के लिए अनिश्चितता बनी हुई है। यूक्रेन पर रूस के हमले से पैदा हुए तनाव के साथ अमेरिका में फेड रिजर्व के कदम पर भी नजरें टिकी हुई हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान बाजार में मजबूत सुधार के बाद शुक्रवार को निवेशकों ने सतर्कता बरती। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते भारत और विदेश में महंगाई मार्च में बढ़ेगी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 1,216.49 अंक यानी 2.23 फीसदी बढ़ा, जबकि निफ्टी 385.10 अंक यानी 2.37 फीसदी चढ़ा। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक शुक्रवार को 0.90 फीसदी और मिडकैप सूचकांक 0.45 फीसदी चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग और टोक्यो के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए जबकि शंघाई बाजार में थोड़ी तेजी दर्ज की गई।







# विदेशी मुद्रा भंडार 39.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 631.92 अरब डॉलर हुआ

भाषा। मुंबई

**देश का** विदेशी मुद्रा भंडार चार मार्च को समाप्त सप्ताह में 39.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 631.92 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व 25 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.425 अरब डॉलर घटकर 631.527 अरब डॉलर रह गया था। इससे पूर्व तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 642.453 अरब डॉलर के सर्वकालिक स्तर पर जा पहुंचा था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) के बढ़ने की वजह से हुई जो कुल मुद्राभंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आंकड़ों के अनुसार 18 फरवरी को समाप्त सप्ताह में एफसीए 63.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 565.466 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और एन जैसे गैर अमेरिकी मुद्रा के मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.7 करोड़ डॉलर घटकर 42.32 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.981 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.153 अरब डॉलर रह गया।

# भारत की अर्थव्यवस्था पर ऊर्जा की कीमतें बढ़ने का होगा नकारात्मक असरः आईएमएफ

भाषा। वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय मुद्रा** कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था का प्रबंधन बहुत अच्छी तरह किया है लेकिन यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का भारत की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

आईएमएफ प्रमुख ने यूक्रेन पर रूस के हमले और इसके वैश्विक प्रभाव विषय पर बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पर सबसे अधिक असर ऊर्जा कीमतों के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा का बड़ा आयातक है और इसकी कीमतों में वृद्धि का उस पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि उन्होंने कहा कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था का प्रबंधन करने में अच्छा रहा है और चुनौती का सामना करने के लिए उसके पास वित्त के रूप में कुछ गुंजाइश मौजूद है।

आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यूरोप में जो कुछ हुआ है वैसा सोचा भी नहीं जा सकता था। उन्होंने कहा, युद्ध का यूक्रेन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है, रूस में भी उल्लेखनीय संकुचन देखने को मिला है। हमारे विश्व आर्थिक परिदृश्य पर भी इसका असर होगा, अगले महीने हम वृद्धि अनुमानों को घटाएंगे। उन्होंने कहा, युद्ध के कारण जिंसों की कीमतें बढ़ेंगी, वास्तविक आय घटेगी जिसके लिए कुछ हद तक मुद्रास्फीति भी जिम्मेदार है और अंततः युद्ध का असर वित्तीय परिस्थितियों और कारोबारी विश्वास पर भी पड़ेगा। इस अवसर पर आईएमएफ की पहली उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि इस युद्ध के कारण भारत समेत दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं के समक्ष चुनौती आ खड़ी हुई है। गोपीनाथ ने कहा, भारत की ऊर्जा आयात पर बहुत अधिक निर्भरता है और वैश्विक ऊर्जा कीमतें बढ़ रही हैं। इसका असर भारतीय लोगों की खरीद क्षमता पर पड़ रहा है। भारत में मुद्रास्फीति करीब छह फीसदी है जो भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक मुद्रास्फीति के लिहाज से ऊंचा स्तर है। उन्होंने कहा कि इसका भारत की मौद्रिक नीति पर असर पड़ेगा और यह सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई हिस्सों के लिए चुनौती है।

# रुपए ने शुरुआती बढ़त गंवाई, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर बंद

**मुंबई।** तेल आयातकों और सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनियों से डॉलर की मांग आने के बीच रुपए ने शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और कारोबार के अंत में 18 पैसे टूटकर 76.61 (अनंतिम) के भाव पर बंद हुआ। विदेशी फंड की लगातार बिकवाली और भू-राजनीतिक चिंताओं ने बाजार में जोखिम उठाने की क्षमता पर असर डाला है, जिससे रुपए पर दबाव बना हुआ है। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.34 पर खुला और निवेशकों द्वारा जोखिम वाली संपत्ति से दूरी बनाने के कारण दिन के कारोबार में कमजोर बना रहा। इस दौरान घरेलू मुद्रा ने 76.27 के ऊपरी और 76.72 के निचले स्तर को देखा। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 76.61 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की कमजोरी दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को 19 पैसे की तेजी के साथ 76.43 पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, तेल आयातकों और सरकारी बिजली कंपनियों से डॉलर की मांग आने के बीच रुपए में गिरावट आई। अमेरिका में मजबूत आर्थिक आंकड़ों के बाद प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती हुई, जिसका असर भी स्थानीय मुद्रा पर असर पड़ा।




# एयरलाइंस ने गर्मियों के लिए साप्ताहिक घरेलू उड़ानों की संख्या 10.1 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनियों ने आगामी गर्मियों के लिए अपनी साप्ताहिक घरेलू उड़ानों की संख्या को 10.1 प्रतिशत बढ़ाकर 25,309 कर दी है। इससे पिछले सत्र में यह संख्या 22,980 उड़ानों की थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को बताया कि विमानन कंपनी इंडिगो ने गर्मियों के लिए अपनी साप्ताहिक उड़ानों की संख्या को 10.4 प्रतिशत बढ़ा दिया है, जो इससे पिछले सीजन में 10,084 की थी। कोविड-19 महामारी के कारण लगी यात्रा संबंधी बंदिशों ने पिछले दो साल में घरेलू विमानन उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कोरोना महामारी संक्रमण के नए मामलों में कमी आने के बाद पिछले दो हफ्तों में विमानन क्षेत्र की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। विमानन नियामक ने कहा कि पिछले महीने वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक के बाद भारतीय विमानन कंपनियों को गर्मियों की अनुसूचित उड़ानों को अंतिम रूप दिया गया है। गर्मियों का मौसम 27 मार्च से शुरू हो रहा है और 29 अक्टूबर को समाप्त होगा। डीजीसीए ने कहा, देश के 112 हवाईअड्डों से आने-जाने के लिए प्रति सप्ताह 25,309 उड़ानों के संचालन को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें में गोंदिया(महाराष्ट्र), जीरो (अरुणाचल प्रदेश) और पुडुचेरी अनुसूचित विमानन कंपनियों द्वारा प्रस्तावित नए हवाई अड्डे भी शामिल हैं।

## व्रोली इ-स्कूटर्स- पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक सवारी लिखेगी नयी गाथा

**बंगलुरु।** भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग ने 2014 से निरंतर बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं । 2019 में152,000 इलेक्ट्रिक स्कूटर और मोटर साइकिलों की उत्साहजनक बिक्री के आंकड़ों के साथ उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजारमें 2014 के बाद से साल दर साल 20.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो अपने आपमें ही एक बड़ी उपलब्धि है । मकेन्ज़ी कंपनी की हाल ही की एक रिपोर्टके अनुसार भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनो की बिक्री 2025 तक 50 लाखऔर 2030 तक 90 लाख तकपहुंचने की उम्मीद है जो भारत के कुल दोपहिया बाजार का 25.30 प्रतिशत का हिस्सा है। दुनियाके 20 सबसे अधिक प्रदूषण फैलाने वाले शहरों में से 14 भारत में स्थित हैं । पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण औरपेट्रोल डीज़ल की बढ़ती कीमतें भारत के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने के कुछ पर्याप्त कारण हैं। उपभोक्ताओं के लिए एक किफायतीऔर सुरक्षित सवारी का विकल्प भी होगा।

## वॉलमार्ट भारत में खुदरा स्टोर खोलने की इच्छुक नहीं, फ्लिपकार्ट और फोनपे पर होगा पूरा जोर

भाषा। मुंबई

**अमेरिकी दिग्गज** खुदरा कंपनी वॉलमार्ट भारत में खुदरा बिक्री स्टोर खोलने को उत्सुक नहीं है और वह ऑनलाइन बाजार-मंच फ्लिपकार्ट और भुगतान मंच फोनपे को आगे बढ़ाने पर ही ध्यान देगी। वॉलमार्ट के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। कंपनी ने कुछ साल पहले 16 अरब डॉलर के सौदे में फ्लिपकार्ट और फोनपे का अधिग्रहण किया था।

वॉलमार्ट के मुख्य कार्यकारी डग मैकमिलन ने ग्लोबल बिजनेस समिट में कहा, हमारे पास एक व्यापक रणनीति है, जिसमें दोनों घटक शामिल हैं। जब आपके पास दोनों घटक होते हैं तो ग्राहक अनुभव अधिक सहज हो सकता है। स्टोर पर जाने के अपने फायदे हैं लेकिन फिलहाल हम उस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अभी हम फ्लिपकार्ट और फोनपे को सफल बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। मैकमिलन ने कहा कि कंपनी यह सुनिश्चित कर रही है कि उसे देश के लिए अच्छे भागीदार के रूप में देखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और नेताओं का ध्यान देश को मजबूत करने पर है और उनकी कंपनी इसी लक्ष्य के लिए योगदान करना चाहेगी। उन्होंने वॉलमार्ट द्वारा फ्लिपकार्ट के लिए किए गए निवेश पर संतोष जताया। फ्लिपकार्ट को सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध करने की कंपनी की योजना के बारे में पूछने पर मैकमिलन ने कहा कि आईपीओ अंतिम लक्ष्य है, लेकिन उन्होंने इसके लिए किसी समयसीमा या कोई अन्य ब्यौरा देने से इनकार किया।




## केरल में पहला कागजरहित बजट पेशः आईटी, उद्योगों और अवसंरचना पर जोर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए शुक्रवार को विधानसभा में बजट पेश किया जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और अवसंरचना क्षेत्र के लिए बड़ी राशि आवंटित की गई है। राज्य विधानसभा के इतिहास में यह पहले कागजरहित बजट के रूप में जाना जाएगा जिसे वित्त मंत्री ने आई-पैड के जरिए पेश किया। इस बजट में केरल सरकार ने युद्धग्रस्त यूक्रेन से लौटे राज्य के छात्रों को आवश्यक मदद देने, उनके खोए प्रमाण-पत्र, मूल्यवान वस्तुएं वापस दिलाने और उनकी शिक्षा जारी रखने में मदद देने की भी घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि केरल के प्रवासियों के कल्याण के लिए काम करने वाली एजेंसी एनओआरकेए की अगुआई में राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जाएंगे और इसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

## एक्सिस बैंक और एयरटेल में साझेदारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल एयरटेल ने वित्तीय समाधानों की एक श्रृंखला के माध्यम से भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की। देश में डिजिटल भुगतान को अपनाने में तेजी लाने के लिएए आगामी महीनों मेंए एक्सिस बैंक और एयरटेल विशेष रूप से एयरटेल के 340 मिलियन से अधिक ग्राहकों के लिए कई नय-नये वित्तीय पेशकश और डिजिटल सेवाओं को बाजार में लाएंगे। इनमें उद्योग के अग्रणी लाभों के साथ पूर्व.अनुमोदित तुरंत लाभए बाय नाउ पे लैटर आदि लाभों वाला को.ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड शामिल होगा। यह गठबंधन, देश भर में अपनी महत्वपूर्ण पहुंच के साथए डिजिटलीकृत भुगतानों के प्रयोग को बढ़ाकर टियर 2 और टियर 3 बाजारों में प्रवेश करने में मदद करेगा। इस साझेदारी कोज अपनी तरह के पहले एयरटेल एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्डश् के लॉन्च के साथ शुरू किया गया, जो एयरटेल ग्राहकों को कैशबैकए विशेष छूटए डिजिटल वाउचर और मानार्थ सेवाओं जैसे कई आकर्षक लाभ प्रदान करेगा। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए एएक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहाए श्एक्सिस बैंक मेंए हम अपने हितधारकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

## क्लोविया का विस्तार

**नई दिल्ली।** क्लोविया, महिलाओं के एक्टिववियर, इनरवियर, लाउंजवियर और पर्सनल केयर के लिए भारत के अग्रणी ब्रांडए ने हाल ही में कोविड19 की दूसरी लहर के बीच अपने दस नए स्टोर्स पैन इंडिया लॉन्च करने के साथ नए बाजारों में प्रवेश किया। वर्षों से लाखों शहरी महिलाओं की डिजाइन संवेदनशीलताए आराम और स्टाइल को पूरा करते हुएए ब्रांड अब देहरादून, मुरादाबाद, फरीदाबाद श्री गंगानगर, लखनऊ, आगरा, हरिद्वार जैसे अन्य कई टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैशन को ले जाने को तैयार है क्लोविया भारत की डायरेक्ट.टू कंज्यूमर स्पेस में प्रमुख रही हैए जो अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के दम पर लाभ कमा रही है।

# पेज एक का शेष

## भाजपा के...

चाहिए। भाजपा को दिन में स्वप्न देखने बंद कर देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा था कि चार राज्यों यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा की जीत 2024 के आम चुनावों से पहले राष्ट्र के मूड का संकेत है। पीएम मोदी के दावे को खारिज करते हुए चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को कहा कि इन राज्यों के चुनाव परिणामों का अगले लोकसभा चुनावों में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत के लिए लड़ाई 2024 में लड़ी और तय की जाएगी।

## कांग्रेस के...

विधानसभा चुनाव के नतीजों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन कहा कि पार्टी जल्द ही लोगों का विश्वास जीतेगी। खड़गे ने कहा कि अपने 50 साल के राजनीतिक करियर में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। विधानसभा के नतीजे दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन किसी को यह याद रखना चाहिए कि हम केवल वही हैं, जो फासीवादी ताकतों से लड़ सकते हैं।

## उत्तराखंड व...

है कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को मोदी-शाह का समर्थन प्राप्त है। सावंत ने विश्वास व्यक्त किया है कि केंद्रीय नेतृत्व उन पर फिर विश्वास करेगा। सावंत के आत्मविश्वास के बावजूद, सूत्रों का कहना है कि गोवा की स्थानीय भाजपा इकाई सावंत का समर्थन कर रही है, पर इस बात की संभावना है कि भाजपा आलाकमान राज्य मंत्री विश्वजीत राणे पर विचार कर सकता है। राणे की पत्नी दिव्या ने पर्रिकर फेज (चरण) के बाद विधानसभा सीट पर सीएम उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की है। 48 वर्षीय सावंत गोवा के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर के विश्वासपात्र थे।

## मान 16...

ग्रहण समारोह महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नवांशहर जिले में स्थित पैतृक गांव खटकर कलां में होगा। मान के नेतृत्व में 16वीं विधानसभा का गठन किया जाएगा। दिल्ली से लौटने के बाद भगवंत मान आम आदमी पार्टी विधायक दल की बैठक में पहुंचे, जहां उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। उधर, पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद शुक्रवार को 15वीं विधानसभा को भंग कर दिया।

## न्यायमूर्ति विपिन...

गया था। 11 फरवरी 2008 को स्थाई न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति की पुष्टि की गई थी। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जहां 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं, वहीं उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है।

## दुर्घटनावश पाक...

का संज्ञान लिया। यह वस्तु शाम छह बजकर 50 मिनट पर पाकिस्तानी क्षेत्र में मियां चन्नू इलाके में गिर गई। भारतीय अधिकारियों ने मिसाइल का नाम नहीं बताया, लेकिन पाकिस्तानी सेना द्वारा दिए गए विवरण से संकेत मिलता है कि यह ब्रह्मोस मिसाइल हो सकती है। हालांकि अभी इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। इफ्तिखार ने कहा कि पाकिस्तान वायु सेना ने वस्तु के भारत में सिरसा के पास अपने मूल स्थान से मियां चन्नू के पास उसके गंतव्य बिंदु तक उड़ान के पूरे पथ की लगातार निगरानी की। पाकिस्तान ने भारत के दूतावास प्रभारी को तलब कर एक भारतीय मिसाइल द्वारा उसके हवाई क्षेत्र का कथित रूप से बिना उकसावे के उल्लंघन करने पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि कि इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना घटनाएं भारत की हवाई सुरक्षा के प्रति उपेक्षा को दर्शाती हैं।

## महाराष्ट्र में घाटे का बजट पेश, जीएसटी माफी योजना की घोषणा

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान करने वालों के लिए माफी योजना की घोषणा करते हुए शुक्रवार को राजस्व घाटे का बजट पेश किया। यह शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस सरकार का तीसरा बजट है। वित्त विभाग का प्रभार संभालने वाले पवार ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए कहा कि वार्षिक योजना के लिए।,50,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पवार ने कहा कि बजट अनुमान के अनुसार, राजस्व प्राप्तियां 4,03,427 करोड़ रुपए और राजस्व व्यय 4,27,780 करोड़ रुपए होगा। इस प्रकार राजस्व घाटा 24,353 करोड़ रुपए का होगा। 2021-22 के संशोधित अनुमान के अनुसार कर से प्राप्त होने वाला राजस्व 2,75,498 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी बकाया के लिए एक माफी योजना लाई जाएगी जिसे महाराष्ट्र में कर, ब्याज, जुर्माना या विलंब शुल्क के बकाया की निपटान योजना, 2022 कहा जाएगा और यह एक अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2022 तक चलेगी। अनुमान है कि लगभग 2.2 लाख मामलों में इस योजना से मध्यम स्तर के डीलरों को लाभ होगा। इस माफी योजना के तहत 20 प्रतिशत की एकमुश्त राशि के भुगतान पर शेष 80 प्रतिशत बकाया राशि पर छूट दी जाएगी।

## अच्छी क्वालिटी का लें प्रोटीन

**लखनऊ।** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड अपने कैम्पेन के लॉन्च के माध्यम से अपने प्रोटीन रिच चीज़ द्वारा ग्राहकों के लिए नया प्रस्ताव लेकर आया है। भारत के प्रोटीन पैराडॉक्स के अनुसार भारत के घरों में प्रोटीन के कम उपभोग के अनेक कारण हैं, जिनमें से सबसे मुख्य कारण है प्रोटीन के सही स्रोत की पहचान न कर पाना। प्रोटीन एक महत्वपूर्ण मैक्रोन्यूट्रिएंट है और यह किसी भी आहार का मुख्य तत्व होना चाहिए। हालांकिए सन 2020 में आईसीएमआर के एक अध्ययन के मुताबिक भारत के गांवों में केवल 5प्रतिशत लोग और शहरों में केवल 18 प्रतिशत लोग ही अपेक्षित मात्रा में अच्छा प्रोटीन लेते हैं। अपने नए कैम्पेनए के माध्यम से उपभोक्ताओं को अच्छी क्वालिटी के प्रोटीन के स्रोत के रूप में ब्रिटानिया चीज़ की भूमिका के बारे में शिक्षित कर रहा है। कैम्पेन के लॉन्च के बारे में अभिषेक सिन्हा, चीफबिज़नेस ऑफिसर डेयरी बिज़नेस ब्रिटानिया ने कहा प्रोटीन खासकर बच्चों सहित सभी के लिए बहुत जरूरी है।

# क्विक न्यूज़

## सॉफ्टबैंक टाटा, महिंद्रा की सहायक कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदने पर चर्चा कर रहा है: शीर्ष अधिकारी

**मुंबई।** जापानी निवेशक सॉफ्टबैंक इंवेस्टमेंट एडवाइजर्स टाटा और महिंद्रा के साथ उनकी एक सहायक कंपनी में हिस्सेदारी के लिए बातचीत कर रहा है। निवेशक संस्था के मुख्य कार्यकारी राजीव मिश्रा ने ईटी ग्लोबल बिजनेस समिट के मौके पर कहा कि पिछले छह महीनों से बातचीत चल रही है और मजबूत ब्रांड और ऑफलाइन बिक्री नेटवर्क के साथ दोनों समूहों ने निवेश करने के लिए एक बेहतरीन अवसर है। मिश्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम टाटा (और) महिंद्रा समूह के साथ बातचीत कर रहे हैं। सॉफ्टबैंक ने दुनिया भर में अरबों डॉलर का निवेश किया है, जिसमें पेटीएम भी शामिल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक टाटा समूह एक सुपर ऐप बनाने के लिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक जुटाना चाह रहा है, जो इसे अमेजन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेगा।

## रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर ने डाउन सिंड्रोम से पीड़ित गर्भ में पल रहे बच्चे का सफलतापूर्वक डायग्नोसिस किया

**कानपुर।** डाउन सिंड्रोम की सफल स्क्रीनिंग के एक और उदाहरण पेश करते हुए प्रमुख हेल्थकेयर प्रोवाइडर रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने एक 38 वर्षीय मां की गर्भावस्था के दौरान उसके अजन्मे बच्चे में इस दुर्लभ बीमारी के डायग्नोसिस किया गया। इस बीमारी का समय से निदान करने के बाद बच्चे का गर्भपात किया गया। गर्भपात करने से पहले डॉक्टरों की एक टीम ने महिला की कॉउंसलिंग भी की थी और उसकी सहमति के बाद ही यह कदम उठाया गया। रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर के फीटल मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. रुचिका पुरी को हाल ही में फेटल मेडिसिन फाउंडेशन लंदन द्वारा डाउन सिंड्रोम स्क्रीनिंग के लिए गर्भावस्था के पहले तिमाही के दौरान सफल ऑडिट के साथ मान्यता दी गई है। गर्भावस्था के दौरान सटीक डाउन सिंड्रोम स्क्रीनिंग करने के लिए हॉस्पिटल को कानपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। डाउन सिंड्रोम और गर्भावस्था की पहली तिमाही में सभी गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से की जाती है। यह स्क्रीनिंग मातृ की स्थिति सोनोग्राफिक मार्कर्स और सीरम बायोकेमिस्ट्री को मिलाकर की जाती है।

## महाराष्ट्र में घाटे का बजट पेश, जीएसटी माफी योजना की घोषणा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) भुगतान करने वालों के लिए माफी योजना की घोषणा करते हुए शुक्रवार को राजस्व घाटे का बजट पेश किया। उन्होंने अन्य कर कटौतियों के साथ-साथ प्राकृतिक गैस में कटौती का भी प्रस्ताव किया। यह शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस सरकार का तीसरा बजट है। वित्त विभाग का प्रभार संभालने वाले पवार ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए कहा कि वार्षिक योजना के लिए1,50,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पवार ने कहा कि बजट अनुमान के अनुसार, राजस्व प्राप्तियां 4,03,427 करोड़ रुपए और राजस्व व्यय 4,27,780 करोड़ रुपए होगा। इस प्रकार राजस्व घाटा 24,353 करोड़ रुपए का होगा। 2021-22 के संशोधित अनुमान के अनुसार कर से प्राप्त होने वाला राजस्व 2,75,498 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी बकाया के लिए एक माफी योजना लाई जाएगी जिसे महाराष्ट्र में कर, ब्याज, जुर्माना या विलंब शुल्क के बकाया की निपटान योजना, 2022 कहा जाएगा और यह एक अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2022 तक चलेगी। अनुमान है कि लगभग 2.2 लाख मामलों में इस योजना से मध्यम स्तर के डीलरों को लाभ होगा।

## आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए खाते खोलने से रोका

**मुंबई।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम पेमेंट्स बैंक में नजर आई सामग्री निगरानी से जुड़ी चिंताओं के बीच उसे नए खाते खोलने से रोक दिया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए खाते खोलने से रोकने वाला आदेश जारी किया। उसने कहा, आरबीआई ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य कानूनों के साथ-साथ बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को नए ग्राहकों के बैंक खाते पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है।

## सीसीआई अमेजन सेलर सर्विसेज के मामले को आगे नहीं बढ़ाएगा

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित मामले को आगे नही बढ़ाने का फैसला किया। एक रिपोर्ट के बाद नियामक ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेजन ने उत्पादों की नकल की और अपने ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए सर्च के परिणामों में हेराफेरी की। इसके बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने कंपनी से कुछ दस्तावेज जमा करने को कहा था। नियामक ने अपने ताजा आदेश में कहा, एएसएसपीएल ने अपने हलफनामे में रॉयटर्स की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है। इसके आधार पर आयोग ने इस स्तर पर इस जांच को आगे नही बढ़ाने का फैसला किया है।

## आईआरडीएआई के प्रमुख के पद पर देबाशीष पांडा की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को वित्तीय सेवा विभाग के पूर्व सचिव देवाशीष पांडा को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) का चेयरमैन नियुक्त किया। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पदभार ग्रहण करने से तीन साल की अवधि के लिए बीमा नियामक के प्रमुख के रूप में पांडा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी पांडा दो साल के कार्यकाल के बाद जनवरी 2022 में वित्तीय सेवाओं के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सुभाष चंद्र खुंटिया के पिछले साल मई में कार्यकाल पूरा करने के बाद से ही यह पद रिक्त चल रहा था। इस तरह लगभग नौ महीने बाद आईआरडीएआई प्रमुख की नियुक्ति हुई है।

## सनटेक बिजनेस सॉल्यूशंस अगले तीन वर्षों में एक करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

**चेन्नई।** सॉफ्टवेयर कंपनी सनटेक बिजनेस सॉल्यूशंस ने अगले तीन वर्षों के दौरान इंजीनियरिंग, बुनियादी ढांचा और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में एक करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने तिरुवनंतपुरम, कोच्चि और बेंगलुरु में मौजूदा कार्यालयों और विकास केंद्रों के अलावा हाल में चेन्नई के टीआरआईएल रामानुजम आईटी सिटी में एक नया विकास केंद्र खोला है। कंपनी ने एक बयान में कहा, सनटेक अपने प्रतिभाशाली कर्मचारियों के आधार का विस्तार करने और अपनी उत्पाद विकास क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रही है। इसके साथ कंपनी की उत्पाद इंजीनियरिंग और वैश्विक वितरण जैसे क्षेत्र में 200 से अधिक पेशेवरों को काम पर रखते हुए अपने सॉफ्टवेयर को मजबूत करने की भी योजना है। बयान में कहा गया कि सनटेक अगले तीन वर्ष के दौरान इंजीनियरिंग, बुनियादी ढांचा, और अनुसंधान और विकास जैसे क्षेत्रों में एक करोड़ डॉलर का निवेश भी करेगी।

## डिजिटलीकरण एवं नई प्रौद्योगिकी से बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व व्यवधानः एसबीआई चेयरमैन

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने शुक्रवार को कहा कि डिजिटलीकरण और नई प्रौद्योगिकियां बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व व्यवधान पैदा कर रही है और इस दौरान ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बैंक को अधिक मुस्तैद होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बैंकों ने डिजिटल क्रांति को अपनाने से उनकी लागत कम हुई है और उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का विस्तार हुआ है। खारा ने डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के एक कार्यक्रम में कहा, डिजिटल नवाचार उद्योगों को फिर से परिभाषित कर रहा है और व्यवसायों के काम करने के तरीके को बदल रहा है। डिजिटलीकरण और नई प्रौद्योगिकी बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व व्यवधान पैदा कर रही है और परिवर्तन की दर तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटलीकरण और डिजिटल नवाचार बैंकिंग उद्योग के लिए रणनीतिक प्राथमिकता बन गए है। उन्होंने कहा, बैंकों को चुस्त और फुर्तीला होना चाहिए, क्योंकि प्रौद्योगिकी से ग्राहकों की अपेक्षाएं बढ़ती हैं और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल रखने के लिए नियामक परिदृश्य भी तेजी से विकसित होता है। आज डिजिटलीकरण और डिजिटल नवाचार बैंकिंग उद्योग के लिए रणनीतिक प्राथमिकता बन गए हैं।

## इनोवेशन के जरिए दूसरों को प्रेरित करने वाली महिलाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल विमेन डे के अवसर पर एमेज़ॉन इंडिया ने उन महिलाओं का सम्मान किया जो इनोवेशन के जरिए दूसरों को अधिक ऊंचाई तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं। इस साल की थीम ब्रेक द बायस के साथ एमेज़ॉन ने शेल्स एमेजान लॉन्च किया, जो महिला कर्मचारियों, सहयोगियों और भागीदारों पर स्पॉटलाइट डालने के लिए एक अभियान है, जिन्होंने अपने सपनों को हासिल करने के लिए न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक, विकलांगता और आर्थिक बाधाओं से लड़ाई लड़ी है बल्कि एक बेहद तेज ई.कॉमर्स उद्योग में महिला होते हुए भी शक्तिशाली भूमिका निभाई है। अभियान के एक हिस्से के रूप मेंए एमेज़ॉन एक कॉफी टेबल बुक लॉन्च कर रहा है जो आपको इन महिलाओं के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन और उनकी आशा, संघर्ष और सफलता की यात्रा के बारे में जानकारी देती है। कॉफी टेबल बुक की प्रस्तावना डॉण् अरुणा शर्मा, आईएएसए पूर्व सचिवए भारत सरकार द्वारा लिखी गई है, जहां वह कार्यस्थल में महिलाओं की उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता को दोहराती हैं ताकि आत्मनिर्भर भारत के सपने को वास्तव में पूरा किया जा सके।

# पाक ने हवाई क्षेत्र के कथित उल्लंघन पर दूतावास प्रभारी को किया तलब, भारत ने जांच के आदेश दिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को यहां भारत के दूतावास प्रभारी को तलब कर एक भारतीय मिसाइल द्वारा उसके हवाई क्षेत्र का कथित रूप से बिना उकसावे के उल्लंघन करने पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और घटना की विस्तृत एवं पारदर्शी जांच की मांग की। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय राजनयिक को उड़ने वाली भारतीय सुपर-सोनिक वस्तु द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के कथित उल्लंघन के बारे में बताया गया। यह वस्तु भारत में सूरतगढ़ से नौ मार्च को स्थानीय समयानुसार शाम छह बजकर 43 मिनट पर पाकिस्तान में घुसी थी। बाद में यह वस्तु पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के मियां चुन्नु शहर में उसी दिन शाम छह बजकर 50 मिनट पर जमीन पर गिरी, जिससे असैन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा।

नई दिल्ली में, भारत के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि नियमित रखरखाव के दौरान तकनीकी खराबी के कारण नौ मार्च को गलती से मिसाइल दागी गई। मंत्रालय ने कहा कि मिसाइल पाकिस्तान के एक क्षेत्र में गिरी थी और उसने कहा कि यह घटना अत्यंत खेदजनक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और इसकी उच्च स्तरीय कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भी इस घटना पर चिंता जताई थी।

कुरैशी ने एक बयान में आरोप लगाया कि भारत ने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करके निर्दोष लोगों के जीवन को खतरे में डाल दिया क्योंकि इससे सऊदी और कतर एयरलाइंस की उड़ानें, साथ ही साथ घरेलू उड़ानें भी प्रभावित हो सकती थी। पाकिस्तान भारत के स्पष्टीकरण के बाद अपना अगला कदम तय करेगा। उन्होंने कहा कि पी -5 देशों (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) के दूतों को विदेश कार्यालय में बुलाया जाएगा और घटना के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा, भारत को इसके लिए जवाब देना होगा। विदेश कार्यालय ने कहा, भारतीय राजनयिक को बताया गया कि इस उड़ने वाली वस्तु को अविवेकपूर्ण तरीके से छोड़े जाने से न केवल असैन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा बल्कि इससे मानवीय जीवन पर भी खतरा पैदा हुआ। उसने कहा कि इससे पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में कई घरेलू/अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को भी खतरा पैदा हुआ और इसके चलते गंभीर विमान दुर्घटना हो सकती थी।

एयर वाइस मार्शल तारिक जिया ने कहा कि जिस समय पाकिस्तानी सेना द्वारा यह वस्तु उठाई गई थी, उस समय दो वायुमार्ग सक्रिय थे और कई वाणिज्यिक एयरलाइंस की उड़ानें क्षेत्र में थीं। उन्होंने कहा, यदि आप उड़ने वाली भारतीय सुपर-सोनिक वस्तु की गति और उंचाई को देखें, तो यह 40,000 फुट की उंचाई पर थी, और एयरलाइंस की उड़ान 35,000 से 42,000 फुट की उंचाई के बीच थी। यह यात्रियों की सुरक्षा के लिए बहुत खतरा हो सकती थी। उन्होंने कहा कि इसने तीन मिनट और 44 सेकंड में पाकिस्तानी क्षेत्र में 124 किलोमीटर की दूरी तय की।

## लैंसेट ने किया भारत में कोविड-19 से सबसे अधिक मौतें होने का दावा, सरकार ने नकारा

**लंदन/नई दिल्ली।** लैंसेट के नए विश्लेषण के अनुसार भारत में कोविड-19 के कारण जान गंवाने वालों की कुल अनुमानित संख्या जनवरी 2020 और दिसंबर 2021 के बीच 40 लाख 70 हजार थी, जो बताए गए आंकड़े की तुलना में आठ गुणा अधिक थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को इन निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया देते हुए इन्हें अटकलों और गलत सूचना पर आधारित करार दिया और कहा कि विश्लेषण के लेखकों ने खुद कार्यप्रणाली में खामियों और विसंगतियों को स्वीकार किया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अध्ययन विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग तरीकों को ध्यान में रखकर किया गया है। उदाहरण के तौर पर भारत के लिए अध्ययन में उपयोग किए गए आंकड़ों का स्रोत समाचार पत्रों की रिपोर्ट और गैर प्रकाशित अध्ययनों पर आधारित लगता है। द लैंसेट ने बृहस्पतिवार को बताया कि 31 दिसंबर, 2021 तक दुनियाभर में जितनी मौतें हुईं, उनमें 22.3 प्रतिशत लोगों की मौत भारत में हुई। दुनियाभर में उस अवधि तक 59 लाख 40 हजार लोगों की मौत हुई , जिसमें से 18.2 प्रतिशत की मौत कोविड-19 के कारण हुई। यह पहले के अनुमान की तुलना में लगभग तीन गुणा अधिक थी। उस अवधि के दौरान भारत में कोविड-19 से जान गंवाने वालों की संख्या 4,89,000 बताई गई थी। पत्रिका ने अपनी रिपोर्ट, कोविड-19 मृत्यु दर का अनुमान: कोविड-19 से संबंधित मृत्यु दर का एक व्यवस्थित विश्लेषण, 2020-21 में यह दावा किया है।



मेड्यका में पोलैण्ड के सीमा पार से यूक्रेन से भागने के बाद अस्थायी शिविर के ठहरे हुए लोग।

# ईरान के साथ वार्ता को कुछ समय के लिए रोकने की जरूरत: यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख

**दुबई।** यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि विश्व शक्तियों के साथ ईरान के परमाणु समझौते को लेकर चल रही वार्ता को कुछ समय के लिए रोकने की जरूरत है। विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने विलंब के लिए बाहरी कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिका और अन्य विश्व शक्तियों के बीच 2015 में ईरान ने एक समझौता किया था जिसके तहत उसने अपना परमाणु कार्यक्रम सीमित किया था, लेकिन 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को एकतरफा तौर पर इस समझौते से अलग कर लिया और ईरान ने भी समझौते के तहत निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किया और यूरेनियम का संवर्धन बढ़ाया। अमेरिका में जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद विएना में ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू हुई। बोरेल की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका को इस समझौते में फिर से शामिल होने की रूपरेखा आसन्न प्रतीत होती है।

बोरेल ने ट्वीट किया कि विएना में चल रही बातचीत को बाहरी कारणों की वजह से थोड़े समय के लिए रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंतिम सामग्री तैयार है और मेज पर है। उन्होंने कहा, समन्वयक के तौर पर, मैं और टीम जेसीपीओए के सभी भागीदारों और अमेरिका के संपर्क में रहेगी ताकि सहमति पर पहुंचने के लिए मौजूदा स्थिति से पार पाया जा सके। 2015 में हुए परमाणु समझौते का आधिकारिक नाम संयुक्त समग्र कार्य योजना (जेसीपीओए) है। विएना में समझौते को फिर से कारगर बनाने के लिए पिछले कई महीनों से बातचीत चल रही थी। बोरेल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खतीबज़ादा ने कहा कि बातचीत को थोड़े वक्त के लिए रोकने से शेष मुद्दों को हल करने में गति मिल सकती है। उन्होंने ट्विटर पर कहा, हम सबका ध्यान इस बात पर है कि बातचीत का सफल अंत हो। कोई भी बाहरी कारक सामूहिक सहमति पर पहुंचने के हमारी संयुक्त इच्छा पर असर नहीं डालेंगे।

हालांकि खतीबज़ादा ने भी यह नहीं बताया कि बाहरी कारक कौन से हैं। ईरान ने बातचीत के अंतिम दिनों में इस बात ध्यान रखा कि रूस को नाराज़ न किया जाए जिसे वह अमेरिका के खिलाफ अपने सहयोगी को तौर पर देखता है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ईरना ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि रूस की मांग की वजह से बातचीत रोकनी पड़ी है। पिछले सप्ताह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि वह कम से कम विदेश मंत्री स्तर से यह गारंटी चाहते हैं कि अमेरिका की पाबंदियां तेहरान के साथ मॉस्को के रिश्तों पर असर नहीं डालेंगी।

# चीन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन की स्थिति पर चिंता व्यक्त की, रूस पर प्रतिबंधों को गलत बताया

**भाषा।** बीजिंग

**चीन के** प्रधानमंत्री ली क्विंग ने शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम समझौते के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने रूस के खिलाफ अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का विरोध करते हुए कहा कि वे कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। चीन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में मौजूदा स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि फिलहाल स्थिति के नियंत्रण से बाहर जाने या उकसावे से बचकर तनाव कम करने की जरूरत है। ली ने कहा कि चीन अत्यधिक संयम बरतने और यूक्रेन में बड़े पैमाने पर मानवीय संकट को रोकने का आह्वान करता है। उन्होंने कहा, चीन यूक्रेन में जल्द शांति बहाली के लिए सकारात्मक भूमिका निभाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने को तैयार है।

रूस के साथ चीन के घनिष्ठ संबंधों का जिक्र किए बिना प्रधानमंत्री ने कहा कि चीन ने हमेशा शांति के लिए एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन किया है और कभी भी किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया है। यूक्रेन के उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने पर रूस की चिंताओं का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते समय, देशों की सुरक्षा संबंधी वैध चिंताओं को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

ली ने कहा, सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए और सभी देशों की वैध चिंताओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड-19 की वजह से पहले ही गहरा नुकसान उठा चुकी है। इन प्रतिबंधों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को और नुकसान पहुंचेगा। यह किसी के भी हित में नहीं है।

मंगलवार को, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष एमैनुएल मैक्रों और जर्मन चांसलर ओलाफ शॉल्त्स के साथ वार्ता में यूक्रेन में युद्ध को चिंताजनक करार दिया और रूस के खिलाफ अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के उपाय वैश्विक संकट पैदा करेंगे जो किसी के हित में नहीं है। रूस के यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्वाई शुरू करने के बाद से, चीन ने पूरे मामले पर काफी तटस्थ रुख अपनाया है और रूस की कार्वाई को आक्रमण मानने तथा उसकी निंदा करने से इनकार किया है।

## क्विक न्यूज

### पाक को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला देश घोषित किया जाए: अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन/इस्लामाबाद।** अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने प्रतिनिधि सभा में विधेयक पेश कर पाकिस्तान को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला देश घोषित करने की मांग की है। शुक्रवार को मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान के समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार पेन्सिलवेनिया से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद स्कॉट पैरी ने पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर लगाम विधेयक पेश किया है, जिसे अब अमेरिकी सदन की विदेश मामलों से संबंधित समिति के पास भेजा गया है। पाकिस्तान पर कई पाबंदियां लगाई जा सकती हैं, जिसमें विदेशी सहायता पर रोक, रक्षा आयात पर प्रतिबंध और दोहरे उपयोग की वस्तुओं के निर्यात पर नियंत्रण शामिल है। विधेयक के अनुसार अधिनियम लागू होने के बाद पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को समर्थन देने वाला देश माना जाएगा। अब तक केवल चार देशों को आतंकवाद को प्रायोजित करने वाला देश घोषित किया गया है। इनमें क्यूबा, उत्तर कोरिया, ईरान और सीरिया शामिल हैं।

### रूस, यूक्रेन के नेताओं ने युद्ध के संबंध में कुछ जानकारी दी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति का कहना है कि उनके देश की सेना सामरिक रूप से महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है, वहीं रूस के राष्ट्रपति का कहना है कि दोनों देशों के बीच कुछ सकारात्मक घटनाक्रम भी हुए हैं। हालांकि, दोनों नेताओं में से किसी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे क्या कहना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा, यह कहना अभी असंभव है कि हमारी जमीन को मुक्त कराने में अभी और कितने दिन लगेंगे, लेकिन यह कहना संभव है कि हम यह कर लेंगे क्योंकि... हम सामरिक रूप से महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन 12 मानवीय गलियारों पर काम कर रहा है और सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि सभी जरूरतमंदों को भोजन, दवाएं और जरुरत की चीजें मिलती रहें। कीव में राष्ट्रपति के प्रशासनिक कार्यालय के बाहर शूट किए गए एक वीडियो में जेलेंस्की ने युद्ध के 16वें दिन यूक्रेन और रूस दोनों देशों की भाषाओं में यह संदेश दिया। वहीं, मास्को के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा कि देशों के बीच बातचीत में सकारात्मक प्रगति हुई है लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि क्या प्रगति हुई है। पुतिन ने बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकासेंको से शुक्रवार को बातचीत की और उन्हें बताया कि यूक्रेन के साथ लगभग रोजाना चर्चा हो रही है।

### यूक्रेन को और अधिक सैन्य मदद मुहैया कराएगा यूरोपीय यूनियन

**वर्सलीज।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि वे यूक्रेन पर हमले को लेकर रूस पर नए प्रतिबंध लगाकर उसपर दबाव बनाते रहेंगे। इसके अलावा यूक्रेन को दिए जा रहे सैन्य सहयोग में इजाफा किया जाएगा। ईयू के शीर्ष राजनयिक जोसेप बोरेल ने कहा कि वर्सलीज में हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन में 27 अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान वे यूक्रेन को सैन्य मदद देने के लिए बनाए गए कोष में 500 मिलियन यूरो का अतिरिक्त सहयोग देने पर विचार करेंगे। रूस ने शुक्रवार को पहली बार यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से में हवाई अड्डों के निकट हमला किया है और उसके सैनिक राजधानी कीव पर दबाव बना रहे हैं। बोरेल ने कहा, मैंने हमारे योगदान को दोगुना करने का प्रस्ताव रखा है। हम ए सब करने जा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि प्रस्ताव को आज सुबह मंजूरी दे दी जाएगी। और इस काम को तत्काल अंजाम दिया जाएगा। इससे पहले ईयू ने यूक्रेन की सैन्य मदद के तौर पर 450 मिलियन यूरोप देने पर सहमति जताई थी।



यूक्रेन के मारियुपोल में गोलाबारी से क्षतिग्रस्त सड़क पर एक व्यक्ति साइकिल लेकर जाता हुआ।

# पाकिस्तान ने चीन निर्मित जे-10सी लड़ाकू विमान को अपनी वायुसेना में शामिल किया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने विभिन्न भूमिका निभाने वाले जे-10सी लड़ाकू विमानों को शुक्रवार को अपनी वायुसेना में शामिल कर दिया, जिससे देश की सैन्य ताकत में इजाफा होगा। इन विमानों को चीन से खरीदा गया है। हालांकि, चीन ने कितनी संख्या में ए विमान उपलब्ध कराए हैं, उस बारे में अभी पता नहीं चल पाया है। नए लड़ाकू विमानों को वायुसेना में शामिल करने के अवसर पर प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब के एटोक जिला स्थित पाकिस्तान वायुसेना अड्डा मिनहास कामरा में एक समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने फ्रांस से भारत के राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की ओर संभवत: इशारा करते हुए कहा, दुर्भाग्य से, क्षेत्र में एक असंतुलन पैदा करने की कोशिशें की जा रही हैं और इसका समाधान करने के लिए आज हमारी रक्षा प्रणाली में एक बड़ा इजाफा किया गया है। खान ने करीब 40 साल बाद इसे पाकिस्तान के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया, जब अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराए गए एफ-16 लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी वायुसेना में शामिल किया गया था। उन्होंने करीब आठ महीने की संक्षिप्त अवधि में विमान उपलब्ध कराने को लेकर चीन का शुक्रिया भी अदा किया, जबकि आधुनिक लड़ाकू विमान हासिल करने में वर्षों लग जाते हैं।

भारत का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए खान ने कहा कि पाकिस्तान की ओर आक्रामक ढंग से बढ़ने से पहले किसी भी देश को दो बार सोचना पड़ेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सशस्त्र बल किसी भी चुनौती से निपटने के लिए सुसज्जित और प्रशिक्षित हैं। पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने कहा कि जे-10सी को वायुसेना में शामिल करने से बल की पेशेवर क्षमता और बढ़ेगी।

जे-10सी 4.5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और यह चीन-पाक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित हल्के लड़ाकू विमान जेएफ-17 से कहीं अधिक शक्तिशाली है, जिसे अभी पाकिस्तान इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान ने नए लड़ाकू विमान को 23 मार्च को सालाना रक्षा दिवस परेड में प्रदर्शित करने की घोषणा की है। गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने पिछले साल दिसंबर में कहा था कि भारत द्वारा राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जाने के जवाब में पाकिस्तान ने 25 जे-10सी विमानों का एक पूर्ण स्कवाड्रन खरीदा है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि जे-10 सी, राफेल लड़ाकू विमानों को पाकिस्तान का जवाब है।

## नाटो के कई देशों के ऊपर से उड़ता हुआ ड्रोन क्रोएशिया में दुर्घटनाग्रस्त

**जागरेब (क्रोएशिया)।** यूक्रेन के युद्ध क्षेत्र से नाटो के कई देशों के ऊपर से संभवत: निर्बाध उड़ता हुआ एक ड्रोन विमान बीती रात क्रोएशिया की राजधानी जागरेब के बाहरी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे एक तेज धमाका हुआ लेकिन इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mangal Singh S/O Shri Madan Singh R/o C-2/82, Block C-2, New Ashok Nagar, Vasundhra Enclave , East Delhi -110096 have Change My Name from Mangat Singh to Mangal Singh for all future purposes.

PD(9161)C


# उ. कोरिया अंतरिक्ष में जासूसी उपग्रह भेजने के लिए परीक्षण कर सकता है

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने हाल के दो प्रक्षेपणों के दौरान अपनी सबसे बड़ी अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल के हिस्सों का परीक्षण किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने यह जानकारी देते हुए यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जल्द ही इस हथियार का प्रक्षेपण अपने जासूसी उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए कर सकता है। जासूस उपग्रह प्रक्षेपित करने को उत्तर कोरिया की ओर से सबसे अहम उकसावे वाली कार्वाई के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देश ने पिछले हफ्ते दो बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण का पता लगाया था, लेकिन उत्तर कोरिया ने बाद में कहा कि वह कैमरा और अन्य प्रणाली का परीक्षण कर रहा था। उत्तर कोरिया ने कहा कि वह यह परीक्षण जासूसी उपग्रह भेजने के लिए किया था। लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह इसके लिए किस मिसाइल या रॉकेट का इस्तेमाल करेगा। प्रक्षेपणों का विश्लेषण करने के बाद अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने निष्कर्ष निकालते हुए कहा कि वह एक अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल प्रणाली को विकसित करने की प्रक्रिया में है, जिसकी एक झलक उत्तर कोरिया ने अक्टूबर 2020 में एक सैन्य परेड के दौरान दिखाई थी। पेंटागन के प्रेस सचिव जॉन किर्बी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल परीक्षणों का उद्देश्य नई प्रणाली की समीक्षा करना हो सकता है।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने भी कहा है कि उत्तर कोरिया को तनाव और क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाने वाले किसी भी कदम पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेना के बयानों में जिस अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का जिक्र किया गया है उसका नाम ह्वासोंग -17 है। इसे उत्तर कोरिया की सबसे बड़ी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल बताया जा रहा है, जिसकी संभावित मारक क्षमता 15,000 किलोमीटर तक है। यानी अमेरिका समेत कई देश पूरी तरह इस मिसाइल के दायरे में आएंगे। 25 मीटर लंबी यह मिसाइल को पिछले साल उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में एक रक्षा प्रदर्शनी में फिर से दिखाया गया था, लेकिन अभी इसका परीक्षण नहीं किया गया है। उत्तर कोरिया वर्ष 2017 में अन्य अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल ह्वासोंग-14 और ह्वासोंग-15 के उड़ान परीक्षणों के साथ अमेरिका की मुख्य भूमि तक पहुंचने की क्षमता का प्रदर्शन कर चुका है।

कुछ विश्लेषकों का कहना है कि बड़ी मिसाइल विकसित करने का मकसद यह भी हो सकता है कि उत्तर कोरिया मिसाइल रक्षा प्रणालियों को बेअसर करने के लिए लंबी दूरी के हथियारों में कई मुखास्त्र लगा रहा हो। फिलहाल पर्यवेक्षकों को लगता है कि उत्तर कोरिया दो मुख्य सैन्य उद्देश्यों के लिए ह्वासोंग -17 मिसाइल लॉन्च करेगा। पहला उद्देश्य प्रमुख हथियारों के हिस्सों का परीक्षण करना और दूसर मकसद अंतरिक्ष में अपना पहला जासूसी उपग्रह भेजना हो सकता है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर क्वोन योंग सू ने कहा कि ह्वासोंग -17 की अनुमानित ताकत से पता चलता है कि यह एक ही प्रक्षेपण में कई टोही उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली है। क्वोन ने कहा कि विमान वाहक जैसे चलते लक्ष्यों पर लंबी दूरी से हमलों के लिए उपग्रहों से उनकी गति संबंधित डेटा प्राप्त करने की जरूरत होती है। क्वोन ने कहा, अगर उत्तर कोरिया एक जासूसी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करता है, तो यह एक बड़ा विकास होगा।

सियोल में कोरियाई रक्षा अध्ययन फोरम थिंक टैंक के प्रमुख जंग चांग वूक और क्वोन दोनों मानते हैं कि उत्तर कोरिया ने एकल वारहेड मिसाइल के लिए पुन:प्रवेश यान प्रौद्योगिकी हासिल कर ली है, लेकिन इसे लेकर विश्लेषकों में विवाद है। जंग ने कहा कि अगर उत्तर कोरिया कई हथियारों के लिए एक पुन: प्रवेश यान के परीक्षण में सफल हो जाता है, तो इससे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत में उसको लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया किम जोंग उन के दिवंगत दादा और राज्य के संस्थापक किम इल सुंग की 110वीं जयंती से पहले अप्रैल में एक जासूसी उपग्रह लॉन्च कर सकता है। लेकिन विश्लेषक जंग ने कहा कि उन्हें लगता है कि जासूस उपग्रह मई की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा।



इरपिन में रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों के शव शहर के गली में ढके हुए।

PUBLIC NOTICE

Applicant Brij Kishor Goel S/o Shriniwas Goel and Sarla Devi Alias Sarla Goel W/o Shriniwas GoelR/o Rajnagar, Ghaziabad have lost their land chain registry papers somewhere in Raj Nagar, Ghaziabad. **Registry Serial No 16590 dated 12/12/1978 and Page no 22 of Registry Serial no 11896 dated 28/11/2011.** This property is free from any dispute. Brij Kishor Goel S/o Shriniwas Goel and Sarla Devi Alias Sarla Goel W/o Shriniwas Goel R/o Rajnagar, Ghaziabad

PUBLIC NOTICE

We, (1) Mr. Virendra Naroola son of Late Sh. Jesth Anand Naroola, and (2) Mrs. Promila Naroola wife of Mr. Virendra Naroola both resident of C-109, Shivalik, Malviya Nagar, New Delhi, both presently residing at Hamdan Street, Al Ain Tower, Apt 1705, Abu Dhabi, United Arab Emirates, have lost the following Original documents with respect to our residential Villa No. 10, on Road No. T-16, DLF City, Phase-III, Gurugram-122002 (Haryana):

**A) Original Allotment Letter, B) Payment Receipts, (C) Original Sale Deed Vasika No. 23967 dated 22-01-2008, D) Original Possession Letter, E) File Containing other relevant documents**

Incase found may please forwarded to our GPA Mrs. Manju Mehta daughter of Sh. Gautam Dev Ralhan resident of W-5-D/5, Western Avenue, Sainik Farm, New Delhi-110062

# गैस्ट्रोनॉमी का एक कश



## समीर बावा का कहना है कि स्पाइसी डक के स्वादिष्ट सिग्नेचर लंच का दोस्तों के साथ आरामदायक दोपहर में आनंद लिया जाता है

यदि आपकी आरामदायक कार्यदिवस की दोपहर की परिभाषा हांगकांग के 'यम चा' के संस्करण के समान है जहां आप दोस्तों के साथ डिम सम और गर्म चाय का आनंद लेते हैं, तो मुझे आपके लिए एक समाचार मिला है। नहीं, मैंने दिल्ली में 'दाई पाई डोंग' नहीं खोजा है। इसके विपरीत, ताज पैलेस, नई दिल्ली में बढ़िया भोजन करने वाले एशियाई रेस्तरां स्पाइसी डक ने 'सिग्नेचर लंच' का शुभारंभ किया है, जहां वे विशेष रूप से तैयार किए गए चार-कोर्स मेनू के साथ सिचुआन और कैंटोनीज के बेहतरीन स्वादों का जश्न मना रहे हैं, जो हाथ से बने, डिम सम, उसके बाद 'दिन का सूप', मिट्टी के बर्तन का भोजन का कटोरा और अंत में मिठाई के संकलन के साथ शुरू होता है।

प्रस्ताव से उत्सुक होकर, मैं कुछ दिनों पहले कुछ दोस्तों के साथ दोपहर के भोजन के लिए गया था। हमने प्रॉन वॉन्टन, स्टीम्ड लैम्ब और सेलेरी डंपलिंग, पोच्ड चिकन और पचोई डंपलिंग और सीफूड कॉर्न पफ के साथ शुरुआत की। सारे पकौड़े बहुत अच्छी तरह से संतुलित व स्वादिष्ट थे लेकिन मेरी पसंद की चीज सीफूड कॉर्न पफ था। यह एक नरम, क्रस्टी और परतदार बाह्य रूप लिए मूलतः एक शानदार सीफूड मिश्रण था। आप इसका आनंद वैसे ही ले सकते हैं, इसे सोया में डुबो सकते हैं या इसे चिली सीड सॉस से सजा सकते हैं। यह बहुत ही शानदार है। मैंने अपने एक दोस्त के सौजन्य से कुछ शाकाहारी पकौड़े भी आजमाए जो 'शुद्ध शाकाहारी' हैं और मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। स्टीम्ड एडामे, वॉटर चेस्टनट और ट्रफल ऑयल डंपलिंग अत्यंत स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी था। यहां तक कि बारबेक्यू वेजिटेबल बन भी उच्च कोटि का था, हालांकि मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि चार सिउ बाओ (कैंटोनीज बीबीक्यू पोर्क से भरा बन) सबको मात देता है। लेकिन हां, जब हम डिम सम सिलेक्शन की बात करते हैं तो मैं सिर्फ यह बताना चाहता हूं कि रेस्टोरेंट में उतने ही अच्छे और आनंददायक शाकाहारी व्यंजन भी हैं।



व्यंजन अनुक्रम में इसके बाद है 'सूप ऑफ द डे'। यदि ठंडी और तेज सर्दी वाली दोपहर है, तो सूप वास्तव में आपकी आत्मा को सुकून देता है। मेरे मामले में, मैं पहले से ही डिम सम सिलेक्शन के स्वाद में गिरफ्तार' था और मैं इससे बाहर नहीं निकलना चाहता था। सूप ने तालू को बेअसर करने में मदद की और दक्षिणी चीन से प्रेरित क्लेपोट भोजन के कटोरे के लिए इसे संशोधित किया। सुगंधित तैयारियों की एक सिलसिले में से चयन कर सकते हैं। आपके पास शाकाहारी विकल्पों में कुंग पाओ टोफू सूखी लाल मिर्च, काली मिर्च और काला मशरूम, ब्रोकोली गाजर और सीप की चटनी है। मांसाहारी चयन में, आप मसालेदार धनिया, अदरक की चटनी, ताजी लाल मिर्च और यूनान लैंब, स्प्रिंग अनियन और सेलेरी में वोक टॉस्ड प्रॉन में से किसी एक को चुन सकते हैं। मैंने मेमने का बना व्यंजन चुना जो एक आकर्षक पारंपरिक मिट्टी के बरतन में परोसा गया था। नूडल्स और सब्जियों के आधार पर सजाए गए मेमने के रसीले टुकड़ों के ऊपर गर्म और सुगंधित शोरबा डाला जाता है। गलती नहीं कर सकता, क्या आप कर सकते हैं ? हालांकि मैं आम तौर पर जबरदस्त तैयारी पसंद करता हूं, मगर मुझे यह हल्का, सुगंधित व स्वादिष्ट मिश्रण पसंद आया।

रसोई घर का नेतृत्व जाने माने कार्यकारी शेफ राजेश वाधवा के मार्गदर्शन में शेफ थांगलाव वाल्टे द्वारा किया जाता है और वे यह सुनिश्चित करते हैं कि वे पकवानों को हल्का करने के लिए मसालों के न्यूनतम उपयोग के साथ खाना पकाने के लिए घर के बने मिश्रण व इन्फ्यूज्ड तेलों का उपयोग करें। मसालों और सब्जियों सहित अधिकांश सामग्री मूल देश से तैयार की जाती है ताकि पकवानों को उनकी जड़ों तक प्रामाणिक रखा जा सके।

हमने वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य और खेलों पर चर्चा करते हुए दर्शन, अखरोट कारमेल, ठंडा पोमेलो और मैंगो साबूदाना मिठाई के साथ एक मीठे नोट पर अपना भोजन समाप्त किया और कुछ कप जैस्मीन चाय का स्वाद लिया। कुल मिलाकर, यह लोलुपता और हानिरहित मस्ती से भरे दोस्तों के बीच एक प्यारी दोपहर थी। मैं आपको स्पाइसी डक में 'सिग्नेचर लंच' मेनू को आजमाने की जोरदार सलाह देता हूं। प्रति व्यक्ति (सोमवार-शुक्रवार) रुपये 1,900 की कीमत पर, मुझे लगता है कि यदि आप पकवानों की गुणवत्ता और विविधता को देखें तो यह एक चोरी का सौदा है। यह परिवार के साथ एक सुस्त दोपहर हो या ग्राहकों के साथ दोपहर के भोजन पर एक व्यावसायिक बैठक हो, मगर यहां प्राप्त अनुभव बिल को पूरी तरह से उचित ठहराता है।

**- लेखक पकवान समीक्षक हैं।**

# चीनी को कहें ना



## प्रथमेश कृष्णांग कहते हैं कि स्टीविया उचित मात्रा में कैलोरी मुक्त मिठास प्रदान करती है

चीनी हर भारतीय के दैनिक आहार में सबसे प्रमुख घटक रही है। इसका सेवन दिन की शुरुआत से ही चाय, काफी या किसी अन्य रूप में शुरू हो जाता है और दिन के अंत तक जारी रहता है। प्रत्येक भारतीय भोजन में एक या एक से अधिक मीठे व्यंजन शामिल होते हैं, जिससे चीनी हर घर में मुख्य खाद्य पदार्थ बन जाती है। हालांकि, इसने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं व मसलों को बढ़ा दिया है। इसलिए, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग एक स्वस्थ जीवन शैली को विकसित करने के उद्देश्य से, पहले कदम के रूप में, अपने चीनी का सेवन कम करने का विकल्प चुनते हैं। लोग 'जीरो शुगर' के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए इसे धीरे-धीरे या चरणबद्ध ढंग से करना चाहते हैं।

चीनी की लालसा को कम करने में उन्हें बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भले ही यह बहुत कम मात्रा में हो, लेकिन इसकी खपत लगातार बनी रहती है। यह एक बाधा है जो हर नए साल के संकल्प व स्वास्थ्य लक्ष्य को चिन्हित करती है यानी वे अपनी ऊर्जा व मिठास की जरूरतों को पूरा करने के लिए सही स्रोत खोजने में असमर्थ हैं। इससे गुड़ या शहद जैसे अन्य स्रोतों से चीनी की लगातार खपत होती है। हालांकि कच्चे और परिष्कृत गुड़ में पाचन लाभ होते हैं, मगर यह कैलोरी घनत्व या इसके ग्लाइसेमिक इंडेक्स के मामले में चीनी के सबसे अच्छे विकल्प में से एक नहीं है।

मीठे कारक के पूरक के प्राकृतिक स्रोतों में, जो मिठास व स्वास्थ्य के बीच संतुलन बना सकता है, स्टीविया नामक कम ज्ञात प्राकृतिक विकल्प है। यह लंबे समय से भारत में मिठास के प्राकृतिक स्रोत के रूप में नहीं जाना जाता रहा है। जागरूकता की इस कमी के कारण लोगों ने अपने आहार में इसे इस्तेमाल करने से दूर रखा है।

हालांकि, दक्षिण अमेरिकी समुदायों द्वारा स्टीविया का उपयोग 1,500 वर्षों से किया जा रहा है। हालांकि, भारत सरकार ने शुरू में इसे कृत्रिम चीनी के रूप में गलत वर्गीकृत किया था। इसने भ्रम में योगदान दिया और भारतीय घरों में स्टीविया के उपयोग व महत्व को कम करके आंका गया और इसके परिणामस्वरूप, चीनी, गुड़, शहद , यहां तक कि ब्राउन शुगर के उपयोग की भारतीय घरों में अधिकता बनी रहा।

स्टीविया मिठास का सबसे व्यावहारिक और प्राकृतिक स्रोत है। यह पारंपरिक चीनी व अन्य स्रोतों की तुलना में लगभग 150-300 प्रतिशत मीठा होता है। इसके अतिरिक्त, इसकी मिठास शून्य-कैलोरी सेवन में योगदान करती है, जिससे यह चीनी के स्वास्थ्यप्रद विकल्पों में से एक है और चीनी मुक्त जीवन शैली का प्रवर्तक है।

**स्टीविया क्यों ?**

स्टीविया की उच्चतम गुणवत्ता हिमालय पर्वतमाला में पाई जाती है। इसमें स्टेविओल ग्लाइकोसाइड्स होते हैं, यानी एक रासायनिक यौगिक, जो स्टीविया की पत्तियों में मिठास के लिए जिम्मेदार होता है। चीनी का उच्च व व्यसनी सेवन आमतौर पर तंत्रिका संबंधी प्रतिक्रियाओं के कारण होता है। मस्तिष्क की मेसोलिम्बिक डोपामाइन सिस्टम / प्रतिफल प्रणाली लोगों को अधिक चीनी का सेवन करने के लिए प्रेरित करती है। भारतीयों के लिए सर्वोत्तम संभव ढंग से स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हुए स्टीविया चीनी की लत व दुष्प्रभावों को समाप्त करता है।

जैसे-जैसे स्टीविया के बारे में जागरूकता और जानकारी फैली है, भारतीय बाजार में इसे अपनाया जा रहा है क्योंकि स्वास्थ्य और फिटनेस के शौकीन अपनी मीठी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी ओर रुख कर रहे हैं। इसके अलावा, इसमें न केवल व्यक्ति, बल्कि औद्योगिक खिलाड़ी भी शामिल हैं - जैसे अमूल, मदर डेयरी, पेप्सिको, कोका-कोला आदि- जो अपने उत्पादों के लिए शून्य कैलोरी चीनी विकल्प के रूप में स्टीविया की ओर रुख कर रहे हैं। इन सभी ने कुशलता से समुदायों को स्टेविया को चीनी-सेवन के विकल्प के रूप में स्वीकार कराने में योगदान दिया है।

हाल के दिनों में भारतीय बाजार में स्टेविया उत्पादों में उछाल आया है। स्टीविया की अनुपलब्धता के शुरुआती मसलों को भी हल कर लिया गया है जिससे इसकी खपत में वृद्धि हुई है। अब तक स्टीविया की कम खपत से जुड़े सबसे स्पष्ट व प्रमुख मुद्दों में से एक, बाजार में इसकी स्वीकार्यता रही है। निर्माता इसे उपयोग के लिए तैयार, प्राकृतिक व स्वीकार्य रूपों में बनाने में असमर्थ थे। चूंकि उपभोक्ता चीनी के क्रिस्टलीकृत और / या पाउडर रूपों के लिए अभ्यस्त है, इसलिए स्टीविया के पत्तों (बूंदों के रूप में बड़े पैमाने पर उपलब्ध) की अवधारणा को स्वीटनर के रूप में जनता द्वारा नहीं अपनाया गया था।

आजकल, किसी भी भारतीय घर में हलवा, खीर और अन्य दूध आधारित मिठाइयों, आम खाद्य पदार्थों में पाउडर चीनी के स्थान पर पाउडर और बूंदों जैसे स्टेविया प्रारूपों का उपयोग किया जा सकता है। स्नैक्स के लिए, स्टेविया व 100 फीसदी प्राकृतिक रूप से मीठे कई विकल्प हैं।

जीरो ग्लाइसेमिक इंडेक्स और जीरो कैलोरी वाला स्टेविया मधुमेह के रोगियों के लिए सुरक्षित माना जाता है। यह संपदा लोगों में शुगर से संबंधित कई स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने में योगदान देती है।

नतीजतन, हाल के वर्षों में इसके बाजार के आकार में तीव्र विस्तार हुआ है और इसके 2028 तक 1.1 अरब डॉलर की बाजार क्षमता का दावा करते हुए 2021-2028 के बीच 8.95 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है।

हाल के दिनों में स्टीविया को एफ एंड बी उद्योग के लिए विचारणीय माना गया है और भारत सरकार ने भी स्टीविया की खेती को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं। हालांकि, इसका उपयोग केवल इन कार्यक्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। यह विभिन्न देशों में विस्तार कर रहा है, जिसमें 40 प्रतिशत जापानी स्वीटनर बाजार में स्टीविया है और संयुक्त राज्य अमेरिका में इसके उपयोग में वृद्धि हुई है।

इसलिए, स्टेविया चीनी से बढ़कर है। यह मीठा होता है, स्वास्थ्यवर्धक होता है और स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के विषाक्त दुष्प्रभावों को समाप्त करता है। यह चीनी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कम करके भारत की मिठास संस्कृति और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। यही कारण है कि स्टीविया को सभी मिठाइयों का राजा कहा जाता है।

**( लेखक मैजिकलीफ के सह-संस्थापक हैं।)**

# गंगूबाई काठियावाड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर की सौ करोड़ रुपए की कमाई



फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया ने गंगूबाई का किरदार निभाया है, जो 1960 के दशक में मुंबई के रेड-लाइट इलाके कमाठीपुरा की शक्तिशाली महिलाओं में से एक थीं। फिल्म 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुईं थी और इसे दर्शकों तथा समीक्षकों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्मकार संजय लीला भंसाली ने ट्विटर पर फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर कमाई के आंकड़े साझा करते हुए लिखा, एक बार फिर वह हमारे दिलों और बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही हैं... फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी देखने के लिए टिकट खरीदें...। आलिया ने भी फिल्म के 100 करोड़ रुपए की कमाई करने का जश्न मनाते हुए एक रेस्तरां से तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की और लिखा आप सभी का इतने प्यार के लिए शुक्रिया। फिल्म में विजय राज, सीमा पाहवा और शांतनु माहेश्वरी जैसे कलाकार भी हैं। वहीं, अभिनेता अजय देवगन भी इसमें अतिथि भूमिका में हैं।

## आजादी के अमृत महोत्सव का एक साल: 21 मार्च को होगा विशाल आयोजन

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर 21 मार्च को संस्कृति मंत्रालय एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वर्ष पहले आज ही के दिन आजादी के अमृत महोत्सव की शुरूआत की थी,

**महोत्सव में देश की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में बताया जाएगा**

जिसमें प्रगतिशील स्वतंत्र भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं उसकी उपलब्धियों को दर्शाया गया। इस महोत्सव में देश की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में बताया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि सांस्कृति मंत्रालय आजादी का अमृत महोत्सव का एक वर्ष पूरा होने पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा, जिसमें संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी तथा संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी मौजूद रहेंगी। इस मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और सम्मान समारोह भी होंगे।

# अब महाराणा को लेकर चलेगी मुहिम

**जयपुर।** राजस्थान के पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महाराणा प्रताप से संबंधित स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। सिंह ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्यों द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों के उत्तर में बताया कि महाराणा प्रताप से संबंधित स्थलों जैसे हल्दीघाटी, गोगुंदा, छापली, चावण्ड और दिवेर में मेवाड़ कॉम्प्लेक्स फेज-2 के अंतर्गत पर्यटन विकास के कार्य किए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में और तेजी लाई जाएगी।

इससे पहले पर्यटन मंत्री ने विधायक धर्मनारायण जोशी के मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि महाराणा प्रताप से सम्बन्धित स्थलों पर वर्तमान में कोई अवैध कब्जा नहीं है। उन्होंने बताया कि श्री वीर हनुमान जी ट्रस्ट सामोद जयपुर में प्रस्तावित रोप-वे से लगती भूमि वन भूमि है। उन्होंने कहा कि वन विभाग से सहमति के लिए वन विभाग को पत्र लिखा है जो उस विभाग में प्रक्रियाधीन है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सामोद हनुमान मंदिर तक रोप-वे से आवागमन प्रारंभ नहीं किया गया है तथा वर्तमान में प्रकरण वन विभाग की सहमति हेतु प्रक्रियाधीन है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने विभाग के कार्यो की प्रगति पर सवाल उठाया। इस पर विश्वेन्द्र सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा, एक वर्ष की छुट्टी पर गया विभाग मुख्यमंत्री के पास था अब वापस आया हूं तो निश्चित रूप से आपके आदेश का अनुपालन होगी। मंत्री के बयान से सदन में पक्ष-विपक्ष के सभी विधायक हंसने लगे।

जुलाई 2020 में पायलट खेमे के बागावत के समय में विश्वेन्द्र सिंह द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की खिलाफत करने के कारण उन्हें पर्यटन मंत्री के पद से बर्खास्त कर



दिया गया था। नवंबर 2021 में मंत्रिमंडल फेरबदल में उन्हें दौबारा से पर्यटन मंत्री बनाया गया।

# झुंड के दर्शकों से मिले प्यार के लिए अमिताभ बच्चन ने आभार जताया



**दिग्गज** अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा कि वह उनकी हालिया फिल्म झुंड को मिले प्यार और तारीफ से काफी अभिभूत महसूस कर रहे हैं।

नागराज मंजुले द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म विजय बारसे की कहानी पर आधारित है जिन्होंने स्लम सॉकर नामक एक एनजीओ बनाया और बस्ती के बच्चों को मादक पदार्थ तथा अपराध से दूर ले जाकर उन्हें फुटबॉल खिलाड़ी बनाया। चार मार्च को रिलीज हुई झुंड को आलोचकों से काफी सराहना मिली है। एक ट्वीटर उपयोगकर्ता ने बृहस्पतिवार रात को बताया कि झुंड को आईएमबीडी पर 9.3 रेटिंग मिली है। इस पर बच्चन (79) ने जवाब दिया, रेटिंग लगातार बढ़त रही है...फिल्म को प्यार देने के लिए सभी दर्शकों का आभारी हूं।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने भी इस फिल्म से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए बच्चन की तारीफ की और उनकी तुलना फिल्म उद्योग के युवा कलाकारों से की। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, तुलना से लज्जित और अभिभूत हूं...सभी कलाकार समान हैं...कृपया तुलना मत कीजिए। फिल्म में अदालत कक्ष के दृश्य की तारीफ करने वाले एक अन्य ट्वीटर उपयोगकर्ता को जवाब देते हुए बच्चन ने कहा, मैं बहुत अभिभूत हूं...मेरा प्यार।

# गुलाबी गेंद से टेस्ट में नजरें कोहली के बल्ले पर

● गार्डन सिटी मे श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट आज से

**भाषा।** बेंगलुरू

**पिछले** 28 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं जमा सके विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में जब अपने आईपीएल मैदान पर उतरेंगे तो नजरें उन्हीं के बल्ले पर रहेंगी। कोहली ने आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में नवंबर 2019 में गुलाबी गेंद टेस्ट में ही शतक जमाया था।

उन्होंने उस पारी में 136 रन बनाए थे। उसके बाद से भारतीय कप्तान 28 पारियां खेल चुके हैं लेकिन टेस्ट शतक नहीं बना सके। उन्होंने छह बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया और उनका सर्वोच्च स्कोर इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 79 रन था। अब वह एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर लौट रहे हैं जिस पर उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आईपीएल खेलती है। मैदान से अच्छी तरह से वाकिफ होने का भी उन्हें फायदा मिलेगा। विश्व क्रिकेट में अपना अलग मुकाम बना चुके





कोहली जब भी मैदान पर उतरते हैं तो उनसे काफी अपेक्षाएं होती हैं। मैदान से भीतर और बाहर अपने कैरियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से जूझ रहे कोहली की बीसीसीआई से ठनने और फिर वनडे टीम की कप्तानी से हटाए जाने से उन पर दबाव बढा है। श्रीलंका के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के सामने हालांकि अपने मनचाहे मैदान पर वह बल्ले की खामोशी दूर कर सकते हैं। मोहाली टेस्ट में भी उन्होंने अच्छी शुरूआत की थी लेकिन उसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके। ऐसा नहीं है कि वह अच्छा खेल नहीं पा रहे। वह गेंद को बखूबी मार रहे हैं लेकिन जिस धाराप्रवाह अंदाज में वह खेलते हैं, वह नजर नहीं आ रहा और कई बार उनकी एकाग्रता भी भंग हो रही है। थकाऊकार्यक्रम भी इसकी एक वजह हो सकता है और बढती उम्र भी। क्रिकेट के मैदान से इतर विवादों का असर भी उनके प्रदर्शन पर पड़ा है। गुलाबी गेंद का टेस्ट होने पर अंतिम एकादश में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज या फिट होकर लौटे हरफनमौला अक्षर पटेल को जयंत यादव की जगह उतारा जा सकता है। जयंत मोहाली में कुछ खास नहीं कर सके थे। श्रीलंकाई पारी की हालत खस्ता होने पर भी वह दोनों पारियों में कोई विकेट नहीं ले सके थे। अक्षर ने आखिरी बार गुलाबी गेंद टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में 11 विकेट लिए थे। दूसरी पारी में उन्होंने गेंदबाजी की शुरूआत भी की थी। वैसे पिच पर घास होने पर सिराज बेहतर विकल्प होंगे। टीम में और बदलाव होने की उम्मीद कम है लेकिन देखना होगा कि क्या हनुमा विहारी को तीसरे नंबर पर फिर मौका मिलता है। कप्तान रोहित शर्मा कह चुके हैं कि अभी तय नहीं है कि विहारी किस क्रम पर उतरेंगे। दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम पहले ही भारत के सामने हर मामले में उन्नीस साबित हुई है और उसे तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की कमी भी खलेगी जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हैं। दुष्मंता चामीरा भी टखने की चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह चमिका करुणारत्ने को अंतिम एकादश में लिया जाएगा। दिनेश चंदीमल को भी खेलने का मौका मिल सकता है क्योंकि पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले पाथुम निसांका भी चोट के कारणा बाहर हैं। कप्तान दिमुथ करूणारत्ने को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी ताकि पहले मैच की तरह उन्हें शर्मनाक हार नहीं झेलनी पड़े। अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अपनी आखिरी श्रृंखला में सिर्फ तेज गेंदबाज सुरंग लकमल ही चार से कम की इकॉनामी रेट से गेंदबाजी कर सके हैं। बाकी गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए। भारतीय टीम के लिए 2022 में अपनी धरती पर यह आखिरी टेस्ट है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में सात और टेस्ट खेले जाने हैं। टीम दो टेस्ट मैच खेलने बांग्लादेश जाएगी और फिर आस्ट्रेलियाई टीम चार टेस्ट के लिए 2023 में भारत आएगी। इंग्लैंड दौरे पर बचा हुआ एक टेस्ट भी खेलना है। भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनाने के लिए ए सारे मैच जीतने होंगे।

# लक्ष्य सेमीफाइनल में श्रीकांत बाहर

● जर्मन ओपन

**भाषा।** मुएलहेम एन डेर रूहर





**विश्व चैंपियनशिप** के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन किदाम्बी श्रीकांत ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। जनवरी में इंडिया ओपन में अपना पहला सुपर 500 खिताब जीतने वाले 20 वर्षीय सेन ने हमवतन एचएस प्रणय को 39 मिनट तक चले मैच में 21-15, 21-16 से हराया। विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 24वें नंबर के प्रणय को पराजित किया था। सेन सेमीफाइनल में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त एक्सेलसन से भिड़ेंगे जिन्होंने श्रीकांत को 35 मिनट में 21-10, 23-21 से पराजित किया। श्रीकांत की यह एक्सेलसन के हाथों लगातार छठी हार है। भारत की उम्मीदें अब युवा सेन पर टिकी हैं। अल्मोड़ा के रहने वाले इस खिलाड़ी ने गुरुवार को दूसरे दौर के मैच में इंडोनेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग पर 21-7, 21-9 से शानदार जीत दर्ज की थी।

## तूर, श्रीशंकर और दुती विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** तजिंदरपाल सिंह तूर (गोला फेंक), एम श्रीशंकर (लंबी कूद) और फर्राटा धाविका दुती चंद सर्बिया के बेलग्रेड मे 18 से 20 मार्च तक होने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप मे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने कहा कि तूर और श्रीशंकर को उनकी रैंकिंग के आधार पर प्रवेश मिला है।

## राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप 19 मार्च से

**भुवनेश्वर।** सीनियर पुरुष और महिला वर्ग के साथ-साथ युवा और जूनियर वर्ग के लिए राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप 19 मार्च से 31 मार्च तक भुवनेश्वर मे आयोजित की जाएगी। इस चैंपियनशिप मे 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1300 से अधिक खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और तकनीकी अधिकारियों के भाग लेने की संभावना है।

## भारत के क्षितिज नावीद ने चटगांव ओपन में पांच शॉट की बढ़त बनाई

**चटगांव।** भारतीय गोल्फर क्षितिज नावीद कौल ने शुक्रवार को यहां तीसरे दौर मे पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे उन्होने चटगांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे पांच शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।कौल (71-63-67) ने दूसरे दौर मे 63 का स्कोर बनाकर शानदार वापसी की थी जिससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए थे।

## गोपीचंद नहीं संजय मिश्रा बनेंगे बैडमिंटन संघ के नए महासचिव

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव पद के लिए चुनाव नही लड़ने का फैसला किया है, जिससे जूनियर टीम के कोच संजय मिश्रा इस पद के लिए सर्वसम्मत पसंद बन गए है।

## मेघना ने ट्रायल्स जीता

**भोपाल।** रेलवे की निशानेबाज मेघना सज्जनर ने शुक्रवार को यहां महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल ट्रायल्स टी। मे पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष को 16-10 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मेघना पहले क्वालीफिकेशन दौर मे 628.8 अंक बनाकर छठे स्थान पर रही थी। शीर्ष आठ खिलाड़ियों ने फाइनल मे जगह बनाई थी।

## अदिति 52वें स्थान पर

**चोनबरी (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने दूसरे दौर मे एक ईगल बनाया लेकिन तीन बोगी भी की जिससे वह होंडा एलपीजीए थाईलैंड गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 52वें स्थान पर खिसक गई। अदिति ने शुक्रवार को यहां दूसरे दौर मे पार 72 का स्कोर बनाया।

## लाहिड़ी की प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अच्छी शुरूआत

**पोंट वेंद्रा बीच।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने प्लेयर्स चैम्पियनशिप के पहले दौर मे पांच अंडर 67 का स्कोर करके प्रभावी शुरूआत की। लाहिड़ी ने दो करोड़ डॉलर ईनामी राशि वाले पीजीए टूर के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मे अपना सर्वश्रेष्ठ किया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

महिला विश्व कप में आमने-सामने होंगे

**भाषा।** हैमिल्टन

**खराब फॉर्म से** जूझ रहे भारतीय मध्यक्रम से वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के तीसरे लीग मैच में शनिवार को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। न्यूजीलैंड के हाथों 62 रन से हार के बाद पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम लगातार दूसरी हार से बचना चाहेगी क्योंकि उछाल भरी पिच पर लगातार हार से उसकी लय भी बिगड़ेगी।

स्मृति मंधाना, मिताली राज, यस्तिका भाटिया और हरफनमौला दीप्ति शर्मा की न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में अतिरिक्त प्रयास नहीं करने के लिए काफी आलोचना हुई। जीत के लिए 261 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरमनप्रीत कौर के अलावा कोई नहीं चल सका जिन्होंने 62 गेंद में 71 रन बनाए। अस्थिर फॉर्म के बावजूद शेफाली वर्मा की अंतिम एकादश में



वापसी तय लग रही है। उनसे तेज गति से रन बनाने की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में यस्तिका नहीं कर सकी। भारतीय बल्लेबाजों ने 162 डॉट गेंदें जाने दी यानी करीब 27 ओवर रन नहीं बने। पहले 20 ओवर में टीम सिर्फ 50 रन बना सकी। मुख्य कोच रमेश पवार ने टीम के प्रदर्शन की तीखी आलोचना की थी। अब सामने स्टेफानी टेलर, डिएंड्रा डोटिन और अनीसा मोहम्मद जैसे खिलाड़ी हैं। पवार ने मैच से पहले कहा , ईमानदारी से कहूं तो 20 ओवर में टीम की बल्लेबाजी देखकर मैं हैरान था। लेकिन अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले छह मैचों में हमारा प्रदर्शन देखें तो हमने अपनी रणनीति को बखूबी अंजाम दिया। अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रही मिताली खराब फॉर्मसे जूझ रही है और मंधाना भी टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पा रही है। इससे पूजा वस्त्राकर और स्नेह राणा पर काफी दबाव बन रहा है।

### मनोवैज्ञानिक की मौजूदगी से काफी मदद मिल रही है : पवार

**हैमिल्टन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पवार का मानना है कि टीम को विश्व कप मे मनोवैज्ञानिक मुग्धा बावरे की मौजूदगी से काफी फायदा मिला है जिन्होंने मैदान पर प्रतिकूल परिस्थितियों से अधिक आत्मविश्वास के साथ निपटने मे खिलाड़ियों की काफी मदद की। कप्तान मिताली राज और हरमनप्रीत कौर पहले ही कह चुकी है कि बावरे ने कठिन हालात से उबरने मे काफी मदद की है। पवार ने पूजा वस्त्राकर और स्नेह राणा का उदाहरण दिया जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ टीम को संकट से निकाला।

## बोनेर के शतक से वेस्टइंडीज को 62 रन की बढ़त

**भाषा।** सेंट जोंस

**एनक्रूमा बोनेर** की कैरियर की सर्वश्रेष्ठ शतकीय पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 62 रन की बढ़त बना ली। मेजबान टीम ने इंग्लैंड के 311 रन के जवाब में चार विकेट पर 202 रन से आगे खेलना शुरू किया और तीसरे दिन के आखिर तक नौ विकेट पर 373 रन बना लिए। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए कठिन पिच पर तीसरे दिन 90 .। ओवर में सिर्फ 171 रन बने। बोनेर ने दस घंटे क्रीज पर रहकर 123 रन बनाए और वह तीसरे दिन के खेल में दो ओवर बाकी रहते आउट हुए। एक साल पहले 32 वर्ष की उम्र में टेस्ट टीम में पदार्पण करने वाले बोनेर ने इंग्लैंड के गेंदबाजों को सहजता से खेला। उन्हें 73 के स्कोर पर जीवनदान मिला और 102 तथा 112 के स्कोर पर डीआरएस ने उन्हें बचाया। उन्होंने जैसन होल्डर के साथ 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद जोशुआ डासिल्वा के साथ 73, केमार रोच के साथ 44 और वीरासैमी पेरमोल के साथ 46 रन जोड़े।

# गुलाबी गेंद के टेस्ट में जरूरी सामंजस्य के लिए कोई तय मानदंड नहीं : बुमराह

**भाषा।** बेंगलुरू



**भारत के** उपकप्तान जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को कहा कि क्रिकेटरों को गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलते समय मानसिक तौर पर सामंजस्य बिठाना होता है लेकिन कोई तय मानदंड नहीं है क्योंकि अब तक खेले गए दिन रात के तीनों टेस्ट में हालात अलग अलग थे। भारत को श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से दिन रात का टेस्ट खेलना है। इससे पहले भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ सीम लेती ईडन गार्डंस की पिच पर , आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड ओवल की उछाल भरी पिच पर और इंग्लैंड के खिलाफ मोटेरा की टर्निंग पिच पर गुलाबी गेंद से खेल चुकी है। बुमराह ने कहा कि गुलाबी गेंद के टेस्ट को लेकर अभी भी टीम सीखने की प्रक्रिया में है। उन्होंने मैच से पूर्व वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा , पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर हमें हालात के अनुरूप तेजी से ढलना होगा। गुलाबी गेंद क्षेत्ररक्षण के समय अलग लगी है। आप जैसा आंकते हैं, यह उससे पहले आ जाती है। दोपहर में भले ही स्विंग नहीं मिले लेकिन शाम को इससे स्विंग मिलेगी। यह सब छोटे छोटे पहलू हैं। हमने गुलाबी गेंद से ज्यादा नहीं खेला है। जब भी खेला है तो हालात अलग अलग रहे हैं तो कोई तय मानदंड नहीं है। जो कुछ भी थोड़ा बहुत अनुभव है और जो फीडबैक मिला है, उसके आधार पर ही उन चीजों पर काम कर सकते हैं जो आपके नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि मोहाली टेस्ट के दौरान भी टीम ने गुलाबी गेंद से वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया था। बुमराह ने कहा , हमें गुलाबी गेंद से फील्डिंग, गेंदबाजी या बल्लेबाजी की आदत नहीं है। हम गुलाबी गेंद से नहीं खेलते हैं। दूधिया रोशनी में क्षेत्ररक्षण करते हुए कई सामंजस्य बिठाने पड़ते हैं हम अभी भी इस प्रारूप में नए हैं। यह पूछने पर कि टीम तीन स्पिनरों या तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी, बुमराह ने कहा कि आखिरी बार पिच का मुआयना करने के बाद ही टीम संयोजन पर फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा , हमने पिच देखी है लेकिन अंतिम मुआयना करने के बाद ही संयोजन के बारे में तय किया जाएगा। समझा जा रहा है कि जयंत यादव की जगह अक्षर पटेल को उतारा जा सकता है। बुमराह ने हालांकि इस बारे में कोई खुलासा नहीं किया। अक्षर पिछली श्रृंखला में भी टीम का हिस्सा था। उसने काफी योगदान दिया। बल्ले और गेंद दोनों से वह योगदान देता है। वह चोटिल था लेकिन अब फिट हो चुका है। टीम संयोजन को लेकर बात की जाएगी। वह हमारे लिए उपयोगी खिलाड़ी है। बुमराह ने यह भी कहा कि कुलदीप यादव को टीम से बाहर नहीं किया गया बल्कि आराम दिया गया है।

## सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने वाले बच्चे ने किया तेंदुलकर के साथ अभ्यास

**मुंबई।** पांच साल के बल्लेबाज एस के शाहिद की बल्लेबाजी का वीडियो उनके माता पिता ने सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद उन्हें न केवल लाखों लोगों की प्रशंसा मिली बल्कि हाल में अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर के साथ पांच दिन तक अभ्यास करने का अवसर भी मिला। शाहिद के पिता एक हेयर सैलून में काम करते हैं। उन्होंने पिछले महीने अपने बेटे का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया था जिसने अंतरराष्ट्रीय मीडिया और दिवंगत शेन वार्न का ध्यान भी आकर्षित किया। वार्न ने इस बच्चे को शुभकामनाएं भी दी थी। इस वीडियो ने शाहिद के आदर्श तेंदुलकर का ध्यान भी अपनी तरफ खींचा और फिर कुछ दिनों में कोलकाता के इस बच्चे को यहां तेंदुलकर मिडिलसेक्स ग्लोबल अकादमी में अभ्यास का मौका दिया गया।

# जर्मनी पर जीत की लय हासिल करने लौटेगी भारतीय टीम

**भाषा।** भुवनेश्वर

**एफआईएच** प्रो लीग में अच्छी शुरूआत के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ऊंची रैंकिंग वाली लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रही जर्मनी के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश में होगी। प्रो लीग में पहली बार खेल रही भारतीय महिला टीम ने मस्कट में पहले दो मैचों में चीन को 7-1 और 2-1 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने इसके बाद छठी रैंकिंग वाली स्पेन को 2-1 से हराया लेकिन पिछले महीने रिटर्न चरण में 3-4 से हार गई। इस हार के बावजूद भारतीय टीम



एफआईएच प्रो लीग

एफआईएच प्रो लीग तालिका में तीन जीत और एक हार के बाद नौ अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। चोटिल रानी रामपाल की जगह टीम की कप्तानी कर रही सविता पूनिया को कलिंगा स्टेडियम पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। स्पेन के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी क्षणों में गोल गंवाना भारत पर भारी पड़ा। मौजूदा फॉर्म के आधार पर दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी लग रहा है। जर्मन टीम ने भी तक दो मैच खेले हैं लेकिन बेल्जियम ने उसे 1-0 और 3-1 से हराया। टीम अक्टूबर के बाद लीग में वापसी कर रही है। भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन को भली भांति पता है कि जर्मन टीम ब्रेक के बाद लौटने के बावजूद क्या कर सकती है। उन्होंने कहा , जर्मन टीम मूल कौशल के मामले में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और लगातार अच्छा खेलती आई है। उनका डिफेंस मजबूत है और वे तेजी से आक्रमण करते हैं।

## राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाजी कोच बने मलिंगा

**मुंबई।** श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को 26 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को इसके अलावा पैडी अप्टन के भी टीम के कोचिंग स्टाफ से जुड़ने की घोषणा की। श्रीलंका की तरफ से तीनों प्रारूप में 340 मैचों में 546 विकेट लेने वाले मलिंगा रॉयल्स के तेज गेंदबाजों के साथ काम करेंगे। मलिंगा ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, आईपीएल में वापसी करना शानदार अहसास है और राजस्थान रॉयल्स में शामिल होना सम्मानजनक है। आईपीएल में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 38 वर्षीय मलिंगा ने इस टी20 लीग में 122 मैचों में 170 विकेट लिए।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पाक का हराया

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

● महिला विश्व कप

**तेज गेंदबाज** शबनम इस्माइल ने आखिरी ओवर में दो विकेट लिए जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में पाकिस्तान को छह रन से हरा दिया। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को दस रन की जरूरत थी। इस्माइल ने तीन रन देकर दो विकेट चटकाए और अपनी टीम को टूर्नामेंट में दूसरी जीत दिलाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ट (75) और कप्तान सुनेर लूस (62) के अर्धशतकों की मदद से नौ विकेट पर 223 रन बनाए।पाकिस्तान के लिए स्पिनर गुलाम फातिमा ने 52 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए ओमैमा सोहेल ने 65 और निदा दर ने 55 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकीं। इस जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका दो मैचों के बाद अपराजेय है और तालिका में तीसरे स्थान पर है।वहीं पाकिस्तान सभी मैच हारकर सबसे नीचे है। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका के लिए वोल्वार्ट ने 91 गेंद की पारी में दस चौके लगाए। वहीं कप्तान लूस ने उनका बखूबी साथ देते हुए 102 गेंद में 62 रन जोड़े। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की। फातिमा ने दो ओवरों में तीन विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की रनगति पर अंकुश लगाया। सी ट्रायोन (31) और तृषा शेट्टी (31) ने 55 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

# ओसाका ने स्टीफेंस को हराकर इंडियन वेल्स में वापसी की



**भाषा।** इंडियन वेल्स

**नाओमी** ओसाका ने स्लोएने स्टीफेंस को 3-6, 6- ।, 6- 2 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के दूसरे दौर में जगह बनाई। तीसरे सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद ओसाका ने तीन ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और दो घंटे के भीतर मैच जीत लिया। इस सेट में उन्होंने तीन बार स्टीफेंस की सर्विस तोड़ी। ओसाका 2019 के बाद पहली बार यहां खेल रही है। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में अंतिम 32 में हारने के बाद से उन्होंने एक भी टूर्नामेंट नहीं खेला है। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ओसाका ने मानसिक स्वास्थ्य कारणों से पिछले साल फ्रेंच ओपन से नाम वापिस ले लिया था। पहले दौर में कजाखस्तान की यूलिया पुतिनत्सेवा , डारिया सेविले और टेरेजा मार्तिनकोवा ने भी जीत दर्ज की। पुरूष वर्ग में अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड, जेंसन ब्रूक्सबी , जैक सोक और जे जे वोल्फ भी अगले दौर में पहुंच गए।

# जूनियर बॉक्सर विश्वनाथ और आनंद फाइनल में

● एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के युवा** मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश और आनंद यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जार्डन की राजधानी अम्मान में चल रही एएसबीसी एशियाई युवा एवं जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शुक्रवार को फाइनल में जगह बनाई। विश्वनाथ और आनंद ने सेमीफाइनल में उजबेकिस्तान के मुक्केबाजों को हराया। हालांकि ए मुकाबले काफी रोचक रहे लेकिन इसके बावजूद भारतीय मुक्केबाजों ने अहम समय में परिणाम अपने हक में





करने में सफलता हासिल की।विश्वनाथ ने जहां 48 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में मिरालिजोन मावलोनोव को 4-। से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह सुरक्षित की वहीं 54 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में आनंद ने अब्दुवली बुरिबोव पर 3-2 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। पिछली बार रजत पदक जीतने वाले विश्वनाथ फाइनल में किर्गिस्तान के मुक्केबाज एर्गेशोव बेकजत से भिड़ेंगे, जबकि आनंद फिलीपींस के एल्जे पामिसा का सामना करेंगे। भारत के रमन को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। रमन 51 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के खुजानाजार नोर्तोजीव से 0-5 से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। तीन अन्य भारतीय युवा मुक्केबाज वंशज (63.5 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), अमन सिंह बिष्ट (92 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगे। भारतीय मुक्केबाजों ने युवा वर्ग में 18 पदक पक्के किए हैं। इनमें महिलाओं ने 12 और पुरुषों ने छह भार वर्गों में सफलता हासिल की है। महिलाओं के वर्ग में सात ने टूर्नामेंट में फाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया है। यह टूर्नामेंट इसिलए भी खास है क्योंकि यहां इस साल पुरुषों और महिलाओं दोनों के आयु वर्ग के युवा और जूनियर वर्ग के मुकाबले एक साथ खेले जा रहे हैं।

## वॉर्न से जुड़े किस्से साझा करने से दुख से उबरने का संबल मिला : कमिंस

**कराची।** आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम अभी भी महान क्रिकेटर शेन वॉर्न के निधन पर यकीन नहीं कर पा रही है लेकिन उनसे जुड़े किस्से साझा करने से खिलाड़ियों को संबल मिला है। कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। किसी को यकीन नहीं हो रहा है। हमने वॉर्नी से जुड़े कई किस्से सुनाए। वह हम सभी का हीरो था और सबसे पसंदीदा क्रिकेटरों में से एक। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने यह भी कहा कि लेग स्पिनर मिशेल स्वीपसन का टेस्ट टीम में पदार्पण खास होगा क्योंकि वह वॉर्न के नक्शे कदम पर चलने का प्रयास करेंगे।